RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 98
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




रोहित का शानदार शतक, भारत की स्थिति मजबूत
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत के विकास को गति देगा उत्तर प्रदेश: मोदी

- अब सुशासन के लिए पहचाना जाता है राज्य, पांच-छह साल के भीतर उत्तर प्रदेश ने अपनी एक नई पहचान स्थापित की
- प्रधानमंत्री ने उप्र वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने करीब 32 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव जुटाने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यूपी जीआईएस-2023 का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज देश-दुनिया के उद्यमी और निवेशक जिस राज्य यूपी में बैठे हैं, उसकी आबादी करीब 25 करोड़ है।

दुनिया के बड़े-बड़े देशों से भी ज्यादा सामर्थ्य अकेले उत्तर प्रदेश में है। एक तरफ डबल इंजन सरकार का इरादा और दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उत्तर प्रदेश, इससे बेहतर पार्टनरशिप हो ही नहीं सकती। ये जो समय है, इसको हमें गंवाना नहीं चाहिए। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है। कार्यक्रम स्थल लखनऊ के वृंदावन योजना स्थित वाल्मीकि मुख्य हॉल में यूपी जीआईएस-2023 के उदघाटन सत्र में मौजूद देश-दुनिया के दिग्गज उद्यमियों-निवेशकों से मुखातिब मोदी ने सबको उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देते हुए कहा कि उप्र की आज की सरकार और ब्यूरोक्रेसी प्रगति की राह पर दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़ी है। वह आपके सपनों को साकार करने के लिए, आपके संकल्पों को सिद्ध करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ अग्रदूत बनकर आपके साथ खड़ी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का रिमोट से बटन दबाकर उदघाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बन रहे उत्तर प्रदेश की प्रगति यात्रा पर प्रदर्शित शॉर्ट फिल्म का भी अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने देश दुनिया से आए निवेशकों, उद्यमियों, नीति निर्माताओं, विचारकों के सामने उत्तर प्रदेश की पूर्व और वर्तमान छवि का शाब्दिक चित्रण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अपने सांस्कृतिक वैभव, गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के लिए जानी जाती है। इतना सामर्थ्य होने के बावजूद यूपी के साथ कुछ बातें जुड़ गई थीं। लोग कहते थे कि यूपी में विकास होना मुश्किल है। यहां कानून व्यवस्था सुधरना नामुमकिन है। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। यहां आए दिन हजारों करोड़ के घोटाले होते थे। हर ( शेष पेज 8 )

## यूपी में नौकरी व रोजगार सृजित करेगा निवेश: योगी

- ग्रेनो में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क किए जा रहे हैं विकसित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नए भारत का नया उत्तर प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन की बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के रिफार्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म के मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने जो प्रयास किए उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा।

उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के निकट राज्य का पहला चिकित्सा उपकरण पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, परिधान पार्क, हस्तशिल्प पार्क, लॉजिस्टिक केंद्र ( शेष पेज 8 )

## रिलायंस पूरे राज्य में 5जी सेवाएं शुरू करेगा: अंबानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज लिमिटेड अगले चार वर्षों में उप्र. में 5जी सेवाएं पहुंच, खुदरा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विस्तार पर 75,000 करोड़ का निवेश करेगी। समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने उप्र. वैश्विक निवेशक सम्मेलन में शुक्रवार को यह घोषणा की। इसके अतिरिक्त, अंबानी ने जैव-ऊर्जा कारोबार में पेट्रोरसायन से दूरसंचार समूह की शुरुआत की भी घोषणा की। इसमें कृषि अपशिष्ट को गैस में बदलना शामिल है। इसका उपयोग हल्के रसोई चूल्हे चलाने, औद्योगिक मशीनरी चलाने और बिजली वाहन चलाने के लिए किया जा सकता है। अंबानी ने कहा कि उनका समूह अगले 10 महीनों में 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करेगा और पूरे राज्य में 5जी सेवाएं भी शुरू करेगा।

## यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जुड़ेगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा: डैनियल बर्चर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निर्माणाधीन** जेवर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ऑपरेशनल पार्टनर कम्पनी ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ डैनियल बर्चर व मोबाइल कम्पोनेंट निर्माता डिक्सन मोबाइल के चेयरमैन सुनील वाचानी ने भी अनुभव साझा कर भावी निवेश योजनाओं की जानकारी दी। डेनियल बिर्चर ने कहा कि जिस तरह भारत आजादी के 75 साल मना रहा है, उसी तरह ज्यूरिख एयरपोर्ट भी अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने ( शेष पेज 8 )

## अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार बनी रहेगी: सीतारमण

- विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था की उपलब्धि बरकरार रहेगी
- वित्तमंत्री ने बजट को मध्यम वर्ग, रोजगार सृजन, लघु उद्यमों, कृषि, ग्रामीण आबादी व स्वास्थ्य केंद्रित बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और आगे भी रहेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कई एहतियाती कदमों और आरबीआई की मौद्रिक नीति के कारण महामारी एवं रूस-यूक्रेन संघर्ष के दबाव से हमारी अर्थव्यवस्था उबर आई है।

सीतारमण ने बजट को मध्यम वर्ग, रोजगार सृजन, लघु उद्यमों, कृषि क्षेत्र, ग्रामीण आबादी एवं स्वास्थ्य केंद्रित बताया। लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी में कटौती करने के विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए इसमें पूंजी डालने का रास्ता चुना, क्योंकि इसका बहुआयामी असर है। उन्होंने कहा कि लोकोन्मुखी परियोजनाओं में खर्च बढ़ाया गया है।

इससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया, जिससे घरेलू मांग बढ़ी है। इसी के साथ सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र पर भी ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने कहा कि इन चार कदमों से अर्थव्यवस्था सतत विकास के पथ पर बढ़ चली है। सरकार के कई एहतियाती कदमों और आरबीआई की मौद्रिक नीति के कारण नवंबर-दिसंबर 2022 तक मुद्रास्फीति नीचे आई है। उन्होंने कहा कि महामारी के बाद स्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण रहीं।

इसके बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष भी सामने आया, लेकिन सरकार की अच्छी नीतियों जिनमें पीएम गति शक्ति, पीएलआई योजना, सहकारी संघवाद जैसे कदमों से अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद मिली। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया कि लोगों के हाथों में पैसा ( शेष पेज 8 )

## निवेशकों के हितों की रक्षा को मजबूत तंत्र हो: सुप्रीम कोर्ट

- अडाणी की कंपनियों को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर अदालत ने केंद्र व सेबी से अपना पक्ष रखने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**शेयर** बाजार में भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र होना चाहिए। यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अडाणी समूह के शेयर कृत्रिम तौर पर गिरने और निर्दोष निवेशकों के शोषण का आरोप लगाने वाली जनहित याचिकाओं पर केंद्र और बाजार नियामक सेबी से अपना पक्ष रखने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आशंका को दूर किया और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अधिकारियों को यह बताने के लिए कहा कि यह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की योजना नहीं बना रहा है। पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला भी शामिल थे।

पीठ ने आधुनिक समय में निर्बाध पूंजी प्रवाह वाले बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नियामक तंत्र को मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर वित्त मंत्रालय और अन्य से जानकारी मांगी। पीठ ने कहा कि यह सिर्फ एक खुला संवाद है। वे कोर्ट के सामने मामला लेकर आए हैं। चिंता का विषय यह है कि हम भारतीय निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करते हैं? यहां जो हुआ वह शॉर्ट-सेलिंग ( शेष पेज 8 )

## सुप्रीम कोर्ट को मिले दो और जज रिक्तियां हुई पूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने शुक्रवार को दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बनाया जिससे करीब नौ महीने के अंतराल के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या स्वीकृत कुल संख्या (34) के बराबर हो गई। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्विटर पर शीर्ष अदालत में नई नियुक्तियों के बारे में घोषणा की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार अगले दो दिन में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेंगे। न्यायाधीशों के शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी जो इसकी स्वीकृत ( शेष पेज 8 )

## इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों से खतरा बरकरार: संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

- समूह इंटरनेट, सोशल मीडिया, वीडियो गेम का इस्तेमाल लोगों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए कर रहा

**संयुक्त** राष्ट्र के आतंकवाद-रोधी मामलों के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों का खतरा अब भी कायम है और संघर्ष वाले क्षेत्रों के आसपास यह और बढ़ गया है। साथ ही अफ्रीका के मध्य, दक्षिण और सहेल क्षेत्रों में इसका विस्तार विशेष रूप से चिंताजनक है।

अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि दाएश नाम से पहचाना जाने वाला यह समूह इंटरनेट, सोशल मीडिया, वीडियो गेम और गेमिंग मंच का इस्तेमाल लोगों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए कर रहा है। उन्होंने निगरानी और टोही के लिए डिजिटल मंच के साथ-साथ पैसे जुटाने के लिए ड्रोन के निरंतर इस्तेमाल का ( शेष पेज 8 )

## भारत में बीबीसी पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित विवादित वृत्तचित्र के मद्देनजर भारत में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह पूरी तरह गलत विचार है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता और एक किसान बीरेंद्र कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। पीठ ने कहा, रिट याचिका पूरी तरह से गलत ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,682 | ↓ 123 | |
| निफ्टी | 17,856 | ↓ 36 | |
| सोना | 56,754 | ↓ 669 | /10g |
| चांदी | 66,953 | ↓ 1026 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अलीबाबा ने पेटीएम में शेष हिस्सेदारी 1,360 करोड़ में बेची**

**नई दिल्ली।** चीन की कंपनी अलीबाबा ने पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी शेष 3.16% की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी लगभग 1,360 करोड़ में बेच दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस सौदे के साथ अलीबाबा ने कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। दिसंबर 2022 तक, अलीबाबा की पेटीएम में 6.26% की हिस्सेदारी थी। उसने जनवरी में इसमें 3.1% हिस्सेदारी बेची थी। शेष 3.16% हिस्सेदारी बिक्री का सौदा शुक्रवार को हुआ। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि अलीबाबा ने आज थोक सौदे में पेटीएम में अपनी पूरी सीधी हिस्सेदारी बेच दी है। अलीबाबा के अलावा, इसकी समूह कंपनी एंट फाइनेंशियल की पेटीएम में लगभग 25% हिस्सेदारी है। हालांकि, सौदे के संबंध में पेटीएम और अलीबाबा को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला था।

## पशु कल्याण बोर्ड ने वापस ली काउ हग डे की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बोर्ड ने तीन दिन पहले अपील जारी कर 14 फरवरी वेलेंटाइन डे पर गाय को गले लगाने के गिनाए थे फायदे

**भारतीय** पशु कल्याण बोर्ड ने अपने उस नोटिस को वापस ले लिया है, जिसमें उसने लोगों से 14 फरवरी को काउ हग डे मनाने की अपील की थी। केंद्रीय पशुपालन व डेयरी मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने दो दिन पहले ही एक नोटिस जारी कर कहा था कि देशवासी वेलेंटाइन डे पर गायों को गले लगाने के दिवस के रूप में मनाएं। इससे भावनात्मक संपन्नता आएगी और सामूहिक प्रसन्नता बढ़ेगी।

बोर्ड के सचिव एस के दत्ता ने वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक नोटिस में कहा कि सक्षम प्राधिकारी और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, 14 फरवरी, 2023 को काउ हग डे मनाने के लिए भारत के पशु कल्याण बोर्ड द्वारा जारी की गई अपील वापस ले ली गई है। यह पहली बार था जब एडब्ल्यूबीआई ने देश में गौ प्रेमियों से काउ हग डे मनाने की अपील की थी। बोर्ड ने ट्विटर पर पोस्ट की अपनी अपील में गायों को गले लगाने के कई फायदे गिनाए थे। बीते 6 फरवरी को सचिव एसके दत्ता द्वारा हस्ताक्षरित इस अपील के शुरू में लिखा गया था कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि गाय भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ समझी जाती है। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाती है और पशु कल्याण एवं जैव विविधता का प्रतिनिधित्व भी करती है। अपील में कहा गया था कि गुजरते समय के साथ पश्चिम संस्कृति हावी हो रही है और वैदिक परंपराएं लगभग विलुप्त होने के कगार पर हैं। पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध ने हमारी भौतिक संस्कृति और विरासत को लगभग भुला दिया है। पत्र में कहा गया कि गाय को गले लगाने से भावनात्मक समृद्धि आएगी, जिससे हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक खुशी बढ़ेगी।

सरकारी एजेंसी की ओर से की गई अपील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। कुछ लोगों ने इस विचार को बेहतरीन बताया तो कई ने कहा कि ऐसी कवायद से कोई फायदा नहीं होने वाला। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री गिरीराज सिंह ने इस विचार का समर्थन करते हुए इसे अच्छी पहल बताया था और कहा था कि प्रत्येक व्यक्ति को गाय से प्रेम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा था कि यह अच्छा होगा अगर लोग बोर्ड द्वारा 14 फरवरी को काउ हग डे के रूप में मनाने के लिए दिए गए आह्वान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दें। बोर्ड द्वारा शुक्रवार को अपील वापस लिए जाने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि यह काउ हग डे की अपील किसके दिमाग की उपज थी।

## एच-1बी व एल-1 वीजा रिन्यू कराने नहीं आना पड़ेगा भारत

**एजेंसी।** वॉशिंगटन

**अमेरिका** में रहने वाले हजारों भारतीयों की बहुत बड़ी मुश्किल अब दूर हो जाएगी। उन्हें अपने वीजा को रिन्यू कराने के लिए भारत नहीं आना पड़ेगा। यह सुविधा वहीं मिलने वाली है। इसी साल अमेरिका एच-1बी और एल-1 वीजा को लेकर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगा। एक व्यवस्था के तहत वर्ष 2004 के बाद से अमेरिका में काम करने वाले प्रवासी कामगारों को अपना वीजा रिन्यू कराने के लिए भारत वापस आना पड़ता है। इससे उन्हें समय के साथ धन की भी काफी हानि होती है। इसी को देखते हुए यह नई पहल की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडनन प्रशासन के इस कदम से भारतीय समेत हजारों विदेशी तकनीकी कामगारों लाभ मिलेगा। इसी साल के अंत तक इस पायलट प्रोजेक्ट के ( शेष पेज 8 )

## कोविड के टीकों से गंभीर बीमारियों का खतरा नहीं

- एक अध्ययन में किया गया दावा, दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक, मायोकार्डिटिस, पेरिकार्डिटिस और डीप वेन थ्रॉम्बोसिस जैसी बीमारियों का जोखिम नहीं बढ़ा

**एजेंसी।** लंदन




प्रतीकात्मक चित्र

**कोविड-19** रोधी टीकों से लोगों में गंभीर बीमारियों का कोई खतरा नहीं पाया गया है। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। अध्ययन के अनुसार कोविड-19 टीकों से दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक, मायोकार्डिटिस (दिल की मांसपेशियों में सूजन की समस्या), पेरिकार्डिटिस और डीप वेन थ्रॉम्बोसिस जैसी बीमारियों का खतरा नहीं बढ़ा है।

पेरिकार्डिटिस पेरिकार्डियम में होने वाली सूजन है। हमारे हृदय के बाहरी भाग में दो परतों वाली एक द्रव से भरी थैली स्थित होती है,जिसे पेरिकार्डियम कहते हैं। इसका मुख्य कार्य हमारे हृदय को आराम देना, संक्रमण से दूर रखना होता है। यदि इन परतों में सूजन होती है, तो इसके परिणामस्वरूप सीने में दर्द हो सकता है। डीप वेन थ्रॉम्बोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में कहीं किसी एक नस के भीतर रक्त का थक्का बन जाता है। जर्नल वैक्सीन्स में प्रकाशित अध्ययन में जनवरी 2021 से जुलाई 2022 तक 18 महीनों के लिए इटली के पेस्कारा प्रांत की पूरी आबादी की निगरानी की गई। इटली में बोलोग्ना विश्वविद्यालय ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023



# आकर्षण का केंद्र बना रीजनल रैपिड रेल

## यूपी ग्लोबल समिट: प्रदर्शन के पहले दिन आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव को दर्शाया गया

● परियोजना पश्चिमी यूपी के आर्थिक केंद्रों में सुधार लाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लखनऊ में शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में एनसीआरटीसी ने भारत की पहली रीजनल रैपिड रेल पर प्रदर्शनी लगाई है। ये प्रदर्शनी समिट के यमुना हॉल में लगी है, जिसे देखने के लिए पहले ही दिन हजारों लोग पहुंचे। इस प्रदर्शनी के जरिये प्रदेश में रैपिड रेल के जरिये आर्थिक एवं सामाजिक बदलाव को दर्शाया गया है।

ये रैपिड रेल परियोजना वेस्ट यूपी के आर्थिक केंद्रों में सुधार लाएगी और दिल्ली से रिवर्स माइग्रेशन में भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। इससे प्रदेश में इज ऑफडूइंग बिजनेस और इज ऑफलिविंग को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया इस प्रदर्शनी बूथ पर चित्रों, ट्रेन एवं स्टेशन के विभिन्न मॉडलों द्वारा इस संपूर्ण परियोजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। वहीं एलईडी स्क्रीन के जरिये निर्माण कार्यों की झलक भी दिखाई जा रही है। बता दें कि दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर 82 किलोमीटर लंबा है। 4 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी आधारशिला रखी थी। मार्च.2023 में इसका पहला खंड शुरू होने जा रहा हैए जो गाजियाबाद के साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई डिपो तक है। लखनऊ में प्रदर्शनी के जरिये ये बताया जा रहा है कि किस तरह उत्तर प्रदेश में अनुकूल नीतियों के परिणाम स्वरूप कम समय में काम तेजी से पूरा हुआ।



## 'निवेश को लेकर यूपी का माहौल बदला'

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● गाजियाबाद में भी किया गया ग्लोबल समिट का लाइव प्रसारण



शहर विधायक अतुल गर्ग

लखनऊ में 3 दिवसीय ग्लोबल समिट का शुभारंभ हुआ जिसका लाइव प्रसारण लोहिया नगर के हिन्दी भवन में देखा गया। लाइव प्रसारण से पहले जिला स्तर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा, डीएम आरके सिंह, शहर विधायक अतुल गर्ग, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच, विधायक अजीतपाल त्यागी, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इससे पूर्व परिसर में उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ फीताकाट कर अतिथियों ने किया व स्टॉल्स का अवलोकन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

इसके अलावा लखनऊ में शुरू हुए कार्यक्रम का पूरा लाइव प्रसारण अतिथियों, उद्यमियों व कॉलेज के छात्रों ने देखा। वहीं पूर्व मंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि साढ़े पांच साल के दौरान राज्य सरकार ने आर्थिक विकास एवं समृद्धि की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सक्षम नीतिगत समर्थन एवं विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने, प्रदेश के अन्दर एक कारोबारी माहौल बनाने में सफलता प्राप्त की है, अब उद्यमी बिना डरे काम कर सकते हैं। विधायक मंजू सिवाच ने कहा कि पूर्व के मुकाबले अब प्रदेश का माहौल बदल रहा है। पहले अपराधों के डर से उद्यमी काम करने को तैयार नहीं होते थे, लेकिन अब बिना डरे कारोबार कर रहे हैं और यही बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर है। डीएम आरके सिंह ने कहा कि गाजियाबाद आज संसाधन है, यहां सुगम कनेक्टिविटी है, सिंगल विंडों पर उद्यमियों को सभी एनओसी जारी होंगी।

सीडीओ विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जिले मे एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश के एमओयू साइन हुए हैं। 3230 इकाईयों को लगाए जाने पर सहमति बनी है जिससे 6471168 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में प्रस्तावित निवेश पर निर्माण शुरू कर एसएस पाइप की इकाई लगाने वाले उद्यमी अशोक कुमार, ऑटो मोबाइल प्रोडक्टस इकाई के प्रिंस सिंह, ग्लास इकाई के मुकेश कुमार गुप्ता, वस्त्रोद्योग वाले विमल मुदंडा, इंजीनियरिंग एवं फैब्रिकेशन उद्योग वाले आलोक जैन, अरुण शर्मा को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन पूनम शर्मा ने किया।

## नोएडा में विधायक, अधिकारी व उद्यमियों ने देखा सजीव प्रसारण

**नोएडा।** निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का शुभारंभ हुआ। लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समिट का उद्घाटन करने के बाद नोएडा में स्थानीय स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करने के सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय निवेश कुंभ समारोह में जनपद स्तर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। वहीं लखनऊ में शुक्रवार से 12 फरवरी तक आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तथा यमुना प्राधिकरण द्वारा स्टाल लगाकर निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 17.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस समिट में 34 सत्र आयोजित होंगे। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के शुभारंभ के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, डीसीपी हरीश चन्द्र, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन, महासचिव वीके सेठ, एमएसएमई के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाहटा, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित उद्योगपति, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

### नाबालिग चालकों पर यातायात पुलिस की सख्ती

## गाजियाबाद में स्कूटी-बाइक चलाकर गए थे स्कूल, 91 वाहन हुए सीज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



सघन चेकिंग अभियान चलाती गाजियाबाद पुलिस।

गाजियाबाद में अब नाबालिगों के हाथ में स्कूटी-बाइक की चाभी देना उनके गार्जियन को भारी पड़ रहा है।

गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने नाबालिगों के वाहन चलाने पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। बीते एक हफ्ते में 91 वाहन सीज करते हुए इन नाबालिगों के पेरेंट्स और वाहन मालिकों पर कई थानों में थ्स् दर्ज की गई हैं। कविनगर थाने में 12, नंदग्राम में 8, कोतवाली में 10, विजयनगर में 4, साहिबाबाद में 13, टीला मोड़ में 5, लोनी में 4, मधुबन बापूधाम में 5, मोदीनगर में 3, मसूरी में 5, इंदिरापुरम में 7, कौशांबी में 2, मुरादनगर में 4, क्रॉसिंग रिपब्लिक में 3, सिहानी गेट में 3, लिंक रोड में 1 और वेव सिटी थाने में इस तरह की 2 थ्स् दर्ज हुई हैं।

ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया 18 साल के कम आयु वाले वाहन नहीं चला सकते। ऐसे वाहनों के संचालन की दशा में वाहन के पंजीकृत स्वामी पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199 क के तहत 25 हजार रुपए जुर्माना या तीन साल कारावास दोनों से दंडित करने, वाहन पंजीकरण 1 साल तक रद करने, वाहन चला रहे किशोर को 25 साल की उम्र तक लाइसेंस नहीं देने का प्रावधान है। इसी एक्ट के तहत गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस उन पर भी एक्शन ले रही है, जिन्होंने 18 की उम्र पार होने के बावजूद लाइसेंस नहीं बनवाया और वाहन चला रहे हैं। इस तरह के मामलों में 149 वाहनों के पुलिस ने हाल ही में चालान काटे हैं। रामानंद कुशवाहा ने बताया वर्तमान में स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे 18 साल की उम्र होने से पहले ही बाइक-स्कूटी से चल रहे हैं। सड़क हादसों की स्टडी करने पर ये बात सामने आती है कि हादसों में एक बड़ी हिस्सेदारी नाबालिगों द्वारा वाहन चलाया जाना है, जो चिंता की बात है। इसलिए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने ये अभियान शुरू किया है। अब हम इस मामले में जल्द ही स्कूल-कॉलेजों की मीटिंग बुलाने जा रहे हैं। उनसे कहा जाएगा कि वे नाबालिगों के वाहन संचालन को अपने स्तर पर भी प्रतिबंधित करें।


## अब प्रत्येक जोनल ऑफिस से जारी होंगे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**गाजियाबाद।** जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर अब आम लोगों को परेशान होने की जरुरत है। लोगों को इन प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए नगर निगम मुख्यालय आने की जरुरत नहीं होगी।

अब सभी प्रमाण पत्र जोनल ऑफिस से ही जारी होंगे। अभी तक जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को नगर निगम मुख्यालय का चक्कर काटने पड़ते थे। यहां तक की दूसरे जोन में रहने वालों को भी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर निगम मुख्य ऑफिस आना पड़ता था। हाल ही में नगर निगम की इस वर्किंग की शिकायत नगर आयुक्त के पास पहुंची थी।

इस मामले में बड़ा फैसला लेते हुए नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने वसुंधरा, मोहननगर, सिटी, कविनगर और विजयनगर एरिया में अब जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी जोनल कार्यालयों में अलग-अलग काउंटर बनाए जाएंगे, वहीं आवेदन किया जाएगा और वहीं से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। ज्ञात हो प्रशासन के इस कदम से आम लोगों को सहुलियत होगी।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपी पव्वा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं, जो एनसीआर में लूट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

बिसरख थाना पुलिस पुस्ता रोड के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन उन लोगों ने अपनी बाइक को उल्टी दिशा में दौड़ाना शुरू कर दिया। पुलिस ने उनका पीछा किया तो फायरिंग शुरू कर दी। मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने भी बदमाशों पर जवाबी फायरिंग की। जिसमें दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में पुलिस ने पकड़ लिया। बदमाशों की पहचान रितिक और प्रेम के रूप में हुई। यह दोनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से स्नैचिंग किए हुए 6 मोबाइल फोन, दो तमंचे, जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि दोनों बदमाशों पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

यह लोग दिल्ली एनसीआर, गाजियाबाद और नोएडा, ग्रेटर नोएडा में दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल इनके आपराधिक इतिहास के बारे में और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने, सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाने के लिए पुलिस बल के साथ गश्त करते प्रभारी निरीक्षक इंदिरापुरम

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के कस्बा फरीदनगर निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक घायल अवस्था में हापुड़ मार्ग पर रेलवे फाटक के पास पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने कहा कि सिर में ईट मारकर हत्या की गई है। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर मोदीपोन पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा फरीदनगर निवासी गोविन्द शर्मा अपनी पत्नी मंजू शर्मा, पुत्र रजत शर्मा, नोनू शर्मा व पुत्री रिया के साथ रहते हैं। वह मजदूरी करके परिवार का लालन.पालन करते हैं। उनके पुत्र रजत शर्मा मुरादनगर एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार शाम वह डयूटी से वापस आ गया था। इसके बाद रजत शर्मा अपने दोस्तों के साथ मोदीनगर गया था। रात के समय घायलावस्था में रजत शर्मा हापुड मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास पड़ा मिला। उसके दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### छेड़खानी के आरोपी को तीन साल जेल

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में कोर्ट ने छेड़कानी व दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी को 3 साल की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर आरोपी को 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट दोषी को सजा सुनाई गई। जिला न्यायालय एडीजे/पोक्सो.2 द्वारा आरोपी इसराइल निवासी अट्टा फतेहपुर थाना को धारा 354 क का दोषी पाते हुए 03 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 15000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड जमा न करने पर 01 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वही आरोपी के द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को समायोजित किया जायेगा। आरोपी इसराइल ने साल 2014 में घर से गोबर डालने गई एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी कर दुष्कर्म का प्रयास किया था। इस संबंध में दनकौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। काफी दिनों तक अदालत में चली सुनवाई के बाद गुरुवार को कोर्ट ने सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो द्वितीय की अदालत ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया।

### गाजियाबाद से लापता युवक मेरठ से बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र से दो दिन पहले कथित तौर पर अगवा हुए युवक को पुलिस ने मेरठ जनपद से बरामद कर लिया। खुलासा हुआ कि ये युवक घूमने चला गया था और पिटाई के डर से अपहरण का नाटक रचा। मसूरी एसीपी निमिष पाटिल ने बताया, गांव नाहल निवासी ब्रह्मपाल सिंह ने 8 फरवरी की शाम अपने 20 वर्षीय बेटे शनि के गुमशुदा होने की सूचना दी। इस पर पुलिस ने टीम बनाकर केस की जांच शुरू की। इसी दौरान कथित तौर पर अगवा हुए लड़के ने अपने मोबाइल से परिजनों को एक मैसेज किया। इसमें लिखा था कि उसको दो.तीन अज्ञात व्यक्तियों ने किसी अज्ञात जगह पर कैद कर रखा है। ब्रह्मपाल ने इस मैसेज के बारे में पुलिस को बताया। सर्विलांस की मदद से पुलिस दिल्ली, मथुरा में तलाश करने के बाद मेरठ के किठौर क्षेत्र में पहुंची और यहां से अगवा शनि को बरामद कर लिया। पूछताछ में शनि ने बताया कि उसका पड़ोस में झगड़ा हो गया था।

## सुपरटेक के खिलाफ फ्लैट मालिकों का धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● रजिस्ट्री और अन्य मूलभूत मांगों को लेकर आक्रोशित है लोग

यमुना प्राधिकरण पर सुपरटेक अपकंट्री के बायर्स का धरना प्रदर्शन चल रहा है। इन लोगों ने 2012 में बिल्डर को पूरी पेमेंट कर दी, लेकिन आज तक इनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। फर्जी तरीके से इन लोगों को पजेशन दिया गया है। रजिस्ट्री और अन्य मूलभूत मांगों को लेकर इन्होंने बिल्डर और प्राधिकरण के खिलाफ जमकर हल्ला बोला और टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए।

ये पीड़ित बायर्स थाली बजाकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें से कोई नौकरीपेशा वाला है तो कोई व्यवसाई तो कोई रिटायर्ड अधिकारी है। सभी ने अपनी जमापूंजी सुपरटेक अपकंट्री में लगा दी। बिल्डर के वायदे के मुताबिक, इन्हें आज से 10 साल पहले प्लाट/फ्लैट पर कब्जा मिल जाना चाहिए था। लेकिन अभी भी ये खाली हाथ है। आज ये लोग प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। पीड़ित होम बायर्स यमुना प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरना देकर बैठे हुए हैं। इनका कहना है कि कोई अधिकारी उनकी नहीं सुन रहा है। जब तक इनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती, इन लोगों का धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठे राकेश भशीन ने बताया कि उन्होंने 2010 में सुपरटेक से प्लाट लिया था। साल 2013 में उनको पजेशन देना था। मैंने पूरी पेमेंट करीब 30 लाख रुपये 2013 में ही दे दी। इसके अलावा सभी तरह के चार्ज भी लिए, लेकिन अभी तक वहां पर कुछ नहीं है। उन्होंने बताया कि इलीगल ओसी के तहत रजिस्ट्री कराने के बात कह रहे है। इन दौरान बेमतलब के चार्ज लगाए गए हैं, जो कि बिल्डर को प्राधिकरण को देने हैं।

## 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

**नोएडा।** थाना ईकोटेक. प्रथम कि थानाध्यक्ष सरिता मलिक ने बताया कि आज सुबह को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने विशाल पाल को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।


उन्होंने बताया कि इस बदमाशो ने 2 अक्टूबर को अपने साथी शिवम, विशाल, ऋषभ, कुमारी रेनू आदि के साथ मिलकर लुकसर गांव में रहने वाले 11 वर्षीय बच्चे प्रिंस का अपहरण कर लिया था, तथा उसके परिजनों से 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। परिजनों ने 29 लाख रुपए देकर बच्चे को छुड़ाया था।

## चिपियाना फाटक पर मालगाड़ी की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मालगाड़ी की चपेट में आने से चिपियाना गांव की महिला और उसकी बेटी की दर्दनाक मौत हो गई है। बच्चे की उम्र 3 साल है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में शिकार हुई मां बेटी जो प्रदेश के देवरिया के रहने वाली है। जो हाल पता गाजियाबाद की वेब सिटी में रहते थे। मृतक सोनी सिंह अपनी 3 साल की बेटी राजनंदनी के साथ चिपियाना गांव में अपने भाई से मिलने के बाद वापस गाजियाबाद लौट रही थी। चिपयाना रेलवे फाटक बंद होने के कारण वह ऑटो से उतर गई और रेलवे फाटक पार करने लगी। तभी रेलवे ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में मां.बेटी आ गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, इस दौरान ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला सोनी सिंह की मौके पर मौत हो गई जबकि उनकी बेटी राजनंदनी बुरी तरह जख्मी हो गई। राजनंदनी को गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान 3 लड़की की मौत हो गई।




इन्वेस्टर समिट 2023 के परिपेक्ष में यमुना एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा एवं यातायात को लेकर ब्रीफ करते पुलिस अधिकारी।

## महादेप एप का इंडियन हैंडलर झांसी से गिरफ्तार

● 400 करोड़ से अधिक की इंटरनेशनल ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड गिरोह का था सरगना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



आरोपी सचिन

400 करोड़ से अधिक की इंटरनेशनल ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड गिरोह के इंडिया हेड सचिन सोनी को नोएडा पुलिस ने झांसी पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है।

पुलिस आज सचिन को नोएडा लेकर पहुंची है। सचिन ही महादेव बुक के ऑनर सौरभ चंद्राकर के लिए काम करता था। पुलिस सचिन से पूछताछ कर रही है। उसने कई अहम जानकारी पुलिस टीम को दी है। एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व वाली एक टीम ने सेक्टर.108 स्थित डी.309 मकान में दबिश देकर 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

इस कोठी से इंटरनेशनल ऑनलाइन गेमिंग का फ्रॉड किया जा रहा था। यहां करीब डेढ़ महीने से लोगों को एप के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलवाया जा रहा था। इस गिरोहा का सरगना सौरभ चंद्राकर समेत नौ आरोपी अभी फरार है। इन आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया महादेव एप के सरगना सौरभ चंद्राकर की शादी 14 फरवरी को मलेशिया में होने जा रही है। 13 फरवरी को उसकी छत्तीसगढ़ के भिलाई में रहने वाली युवती के साथ सगाई है। सचिन मलेशिया जाने की फिराक में था। वहां से वो दुबई जाता। इससे पहले ही नोएडा पुलिस ने इंटरनेशनल गेमिंग का भंडाफोड़ कर दिया। जिसके बाद सचिन सामान लेकर फरार होने की फिराक में था। इससे पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सौरभ चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ से मोबाइल के जानकारों को दुबई ले गया। दुबई से इसने सट्टे का खेल शुरू किया। जो अब पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश श्री लंका समेत 11 देशों में है। वहां इसके पार्टनर सट्टे का खेल महादेव बुक, रेड्डी अन्ना और अंबानी बुक का संचालन कर रहे है। महादेव प्रतिमाह करीब 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई कर रहा था। यानी रोजाना करीब 5 करोड़ रुपए के आसपास सट्टा खिलवाया जा रहा था। इंडिया में इसका हैंडलर सचिन था। जिससे पूछताछ के जरिए पाकिस्तान कनेक्शन खंगाला जा रहा है। साथ ही जानकारी ली जा रही है अब तक कितना पैसा इंडिया से बाहर भेजा है। इन पैसों का यूज क्या है। महादेव एप की ट्रेनिंग के लिए सचिन सोनी ही यहां के लोगों को दुबई भेजता था। नोएडा पुलिस ने जिन 16 लोगों को गिरफ्तार किया था उसमें अक्षय तिवारी और दिव्य प्रकाश को ट्रेनिंग के लिए इसी ने दुबई भेजा था। और पांच और लोगों को दुबई भेजने की तैयारी थी।

## लंबे घमासान के बाद रोडवेज में हुई आरएम की तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● सोमवार को पदभार ग्रहण कर सकते हैं एसके सिंह

रोडवेज में नए आरएम की नियुक्ति हो गई है, हालांकि संभावना है कि आगामी सोमवार को वह चार्ज संभालेंगे। रोडवेज के आरएम एके सिंह का कार्यकाल समाप्त हो चुका है जो सिंह पिछले तीन वर्ष से गाजियाबाद रीजन में तैनात थे।

अब रोडवेज में इटावा से अधिकारी आरएम के पद पर एसके सिंह को भेजा गया है जो इटावा रीजन में एआरएम के पद पर तैनात थे। माना जा रहा है कि सिंह गाजियाबाद में आरएम के पद पर सोमवार को पदभार ग्रहण कर सकते हैं। रोडवेज में आरएम की कुर्सी पिछले करीब दस दिनों से खाली पड़ी हुई है। इस सीट पर काबिज होने के लिए कई अधिकारियों में घमासान मचा हुआ है। इनमें नोएडा रीजन में तैनात दो अधिकारी भी गाजियाबाद रीजन में तैनाती की कोशिश में थे।

उधर सहारनपुर रीजन में तैनात एक अधिकारी भी कई दिनों से लखनऊ में अपनी सिफारिश में लगे हुए थे, मगर इटावा रोडवेज के एआरएम ने बाजी मार ली। गाजियाबाद में आरएम की कुर्सी काफी खास मानी जाती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023



# महरौली में गरजे बुलडोजर, कई फ्लैट तोड़े

## डीडीए ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की कार्रवाई, झुग्गियां भी हटाईं

## रोते-गिड़गिड़ाते रहे लोग, आप के पार्षद व विधायक ने कार्रवाई को अवैध बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने करीब पांच दर्जन भवनों पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। डीडीए ने कहा कि यह फ्लैट डीडीए की जमीन पर बने हैं, जिसको शुक्रवार सुबह से हटाने की कार्रवाई की गई।

हाईकोर्ट के नोटिस के बाद भी लोगों ने अपने घरों को खाली नहीं किया, जिसके बाद भारी पुलिस बल के साथ महरौली इलाके में डीडीए की तरफ से यह कार्रवाई की गई। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया।

उन्होंने यह फ्लैट मेहनत की कमाई से खरीदे हैं। इसके लिए 30 से 40 लाख रुपए बिल्डरों को दिए। उनके आशियाने को अचानक तोड़ दिया गया।

अब यहां से कहां जाएं। कई परिवारों में छोटे-छोटे बच्चे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महरौली इलाके में शुक्रवार सुबह से ही दिल्ली पुलिस, बीएसएफ, सीआरपीएफ, डीडीए के अधिकारी मौजूद थे। साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे, जिन्होंने बिजली की लाइन को काट दिया था। जिन लोगों के फ्लैट तोड़े गए हैं। उन्होंने डीडीए और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए रोते खिलखते पुलिस से गुहर भी लगाई लेकिन प्रशासन ने उनकी एक न सुनी।

डीडीए की तरफ से करीब 50 से 60 फ्लैट तोड़े गए हैं। पीड़ितों ने दावा किया है कि सभी लोगों के पास रजिस्ट्री भी थी, पानी और बिजली का बिल भी था।

ये लोग बकायदा टैक्स भी चुका रहे थे लेकिन आज इन लोगों के आशियाने को डीडीए ने बुलडोजर से तोड़ दिया। ज्ञात हो कि डीडीए लगातर अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाइ करता रहा है।



महरौली में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करता डीडीए।




डीडीए अधिकारियों और पुलिस के सामने रोते-गिड़गिड़ाते रहे लोग। फोटो: रंजन डिमरी

## आप का आरोप- निगम चुनाव हारने का बदला ले रही भाजपा

● ऐसा अंग्रेजों के शासन में होता था, जिन लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों का समर्थन किया था, उनके घर तोड़ दिए गए थे : पाठक

*नई दिल्ली।* *डीडीए की कार्रवाई को लेकर आप ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ऐसा अंग्रेजों ने अपने शासन के दौरान जो किया था। वैसा ही आज भाजपा कर रही है। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर जहां झुग्गी वहां मकान के अपने चुनावी वादे से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह विधानसभा और दिल्ली नगर निगम चुनावों में हार का बदला लेने के लिए अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में तोड़फोड़ कर रहे हैं।*



दुर्गेश पाठक

*दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह नहीं समझते कि यह कभी आजाद भारत में हुआ है। यह अंग्रेजों के शासन में होता था। जिन लोगों ने 1857 के विद्रोह में स्वतंत्रता सैनानियों का समर्थन किया था, उन्हें फांसी दे दी गई थी और उनके घर तोड़ दिए गए थे। आम आदमी पार्टी इस मामले में अदालत का रुख करेगी। आप नेता ने कहा, पार्टी के विधायक नरेश यादव और सोमनाथ भारती और पार्षद को हिरासत में लिया गया है। भाजपा विधानसभा और एमसीडी चुनावों में उसे नहीं चुनने के लिए लोगों से बदला ले रही है। उन्होंने मकान बनाने का वादा किया था लेकिन वे झुग्गियां तोड़ रहे हैं। वह ऐसा नहीं होने देंगे। पाठक ने कहा कि तुगलकाबाद और पंजाबी बाग के मादीपुर जैसे अन्य क्षेत्रों के निवासियों को भी तोड़फोड़ संबंधी नोटिस दिए गए हैं।*

# गुरु नानक अस्पताल में शुरू होगा ऑप्टोमेट्री डिग्री कोर्स

● बायोलॉजी से 12वीं पास कर सकेंगे छात्र, 20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा से होगा दाखिला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने गुरु नानक आई केयर सेंटर में मेडिकल के छात्रों के लिए चार साल का बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री डिग्री कोर्स शुरू करने का फैसला किया है। इन चार सालों में 3 साल शैक्षणिक के लिए और आखिरी एक वर्ष में इंटर्नशिप होगी। जिन छात्रों ने 12वीं कक्षा में जीव विज्ञान से की है वे इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते है। गुरु नानक आई केयर सेंटर में दाखिले के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी।

पहले बैच में 20 सीट्स पर दाखिला होगा। संस्थान का मकसद छात्रों को प्रशिक्षित कर लोगों को बेसिक आई केयर सर्विसेज देना और सामुदायिक कार्यक्रमों के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए स्क्रीनिंग गतिविधियों को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में दिल्ली में डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अलावा चंडीगढ़ का सरकारी मेडिकल कॉलेज ऑप्टोमेट्री में चार साल का डिग्री कोर्स संचालित करने वाला दूसरा सरकारी संस्थान है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि आंखें शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक हिस्सा हैं। आजकल कई लोग टीवी, लैपटॉप व मोबाइल के अधिक इस्तेमाल करने के चलते आंख की बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में देश समेत दुनियाभर में नेत्र विशेषज्ञों की भारी मांग है। इसी को ध्यान में रखते हुए केजरीवाल सरकार की ओर से दिल्ली वालों को प्रशिक्षित ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा बेसिक आई केयर सर्विसेज प्रदान करने के लिए ऑप्टोमेट्री ट्रेनिंग विंग स्थापित किया जा रहा है।

### यह है ऑप्टोमेट्रिस्ट

ऑप्टोमेट्रिस्ट एक आई केयर प्रोफेशनल होता है, जिसने ऑप्टोमेट्री में डिग्री प्रदान की जाती है। ऑप्टोमेट्रिस्ट दृष्टि और स्वास्थ्य समस्याओं, दोनों के लिए आंखों की जांच करते हैं और चश्मे व कॉन्टैक्ट लेंस प्रेस्क्राइब करके रिफ्रैक्टिव एरर यानी अपवर्ती त्रुटियों को ठीक करते हैं। ऑप्टोमॅट्रिक कोर्स में बेसिकली आंखों से रिलेटेड कोई भी परेशानियां या उनके इलाज के बारे में बताया जाता है। ऑप्टोमेट्रिस्ट को ऑप्टोमेट्री में डिग्री पूरी करनी होती है और उसके बाद किसी अनुभवी ऑप्टोमेट्रिस्ट की देखरेख में एक वर्ष के प्रशिक्षण की पंजीकरण-पूर्व अवधि सफलतापूर्वक पूरी करनी होती है। इसमें ऑप्टोमेट्री की मुख्य सक्षमताओं पर वर्क बेस्ड असेसमेंट और एक फाइनल असेसमेंट शामिल होता है।

# सरकार ने ली एनसीसी नेवी प्रशिक्षण केंद्र की सुध

● उपमुख्यमंत्री ने ओखला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 15 दिन के भीतर सभी समस्याएं दूर करने का दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ओखला बैराज स्थित दिल्ली एनसीसी के नेवल ट्रेनिंग सेंटर की समस्या एक पखवाड़े में दुरुस्त होंगी ताकि कैडेट्स बेहरत ढंग से अपना प्रशिक्षण कर सकें। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार लोक निर्माण विभाग, बाढ़ एंव सिचाई नियंत्रण विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिए कि ट्रेनिंग सेंटर से नदी के किनारे तक के रास्ते को दुरुस्त करें। यहाँ मौजूद झाड़ियों और नदी से जलकुम्भी हटा जाएं। उन्होंने अधिकारियों को इस काम को करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। साथ ही कहा कि वह दो हफ्ते बाद यहां दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे।

ओखला बैराज स्थित दिल्ली एनसीसी के 2 नेवल यूनिट के ट्रेनिंग सेंटर पर एनसीसी कैडेट्स को नौसेना से जुडी ट्रेनिंग मिलती है। यहाँ ओखला बैराज के एक हिस्से में कैडेट्स को बोटिंग व सेलिंग की ट्रेनिंग दी जाती है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारीयों को नदी किनारे तक जाने के रास्ते को ठीक करने और आसपास मौजूद झाड़ियों और जलकुंभी को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही ये इन कार्यों के लिए कार्य योजना बनाने और कुछ समय के बाद इसे दोबारा दोहराया जाए ताकि यहाँ साफ-सफाई बनी रहे और कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से नहीं जूझना पड़े और उनकी ट्रेनिंग नियमित रूप से चलती रही।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारीयों को ट्रेनिंग सेंटर के बिल्डिंग के रखरखाव और वहां ट्रेनिंग की जरूरतों के अनुसार अन्य जरुरी सुविधाओं को भी विकसित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि, बृहस्पतिवार को दिल्ली सचिवालय में एक समारोह में एनसीसी के नेवल ट्रेनिंग यूनिट के अधिकारीयों ने उनके संज्ञान में यहाँ की कुछ समस्याओं और कैडेट्स के लिए सुविधाओं की बात बताई थी। इसे प्राथमिकता बनाते हुए उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश दिए है कि एक पखवाड़े के भीतर यहाँ की सभी समस्याओं को दूर किया जाये।

## झुग्गियों में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित इंदिरा कॉलोनी के ट्रांसपोर्ट नगर की झुग्गियों में बृहस्पतिवार देर रात भीषण आग लग गई। इस आग में किसी घायल होने की सूचना है।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें देर रात एक बजकर 27 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इलाके की 10 से 12 झुग्गियां आग की चपेट में आ गईं। आग पर तड़के चार बजकर 55 मिनट पर काबू पाया जा सका। आग के बाद कई झुग्गियां जलकर खाक हो गई है। दमकल विभाग आग लगने के कारण जानने में जुटा हुआ है। बचाव कार्य जारी है।

# राजधानी के निजी स्कूलों में गरीब और दिव्यांग बच्चों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू

● आनलाइन फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 25 फरवरी, 3 मार्च को निकलेगा ड्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


निजी स्कूलों में प्रवेश-स्तर की कक्षाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गावंचित समूह (ईडब्ल्यूएसाडीजी) और दिव्यांग बच्चों के दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख 25 फरवरी है, जबकि पहला कंप्यूटरीकृत ड्रॉ तीन मार्च को निकाला जाएगा।

आवेदकों के लिए दिल्ली शिक्षा निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ईडब्ल्यूएसाडीजी एडमिशन लिंक उपलब्ध है। निदेशालय के अनुसार, आवेदकों के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी आधार संख्या डालें, ताकि आवेदनों के दोहराव से बचा जा सके। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक स्तर तक के निजी स्कूलों को भी ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी में दाखिले के लिए कंप्यूटरीकृत ऑनलाइन दाखिला व्यवस्था में शामिल किया गया है। निदेशालय के परिपत्र में कहा गया है कि एक व्यक्ति सिर्फ एक ही आवेदन दायर करे और अगर व्यक्ति ने एक से अधिक आवेदन दायर किए तो दाखिले के लिए ड्रा में कामयाबी हासिल होने के बावजूद आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। उसमें कहा गया है कि आवेदन के संबंध में पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एक निगरानी प्रकोष्ठ भी गठित किया गया है। सभी निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीट आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग एवं वंचित वर्ग के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं।

# राह चलते लोगों से पति-पत्नी छीन लेते थे फोन

● दंपती समेत 3 गिरफ्तार, आरोपियों से स्कूटर और तीन मोबाइल जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



तिलक नगर इलाके में एक महिला का मोबाइल फोन छीनने के आरोप में एक युवक को उसकी पत्नी के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी के मामलों में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि दपंति करन और गौरी (23) शिव विहार के निवासी हैं, जबकि सद्दाम (21) रघुबीर नगर में रहता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को सूचना मिली कि एक महिला का मोबाइल फोन स्कूटर पर सवार एक पुरुष और एक महिला ने छीन लिया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) घनश्याम बंसल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो खुलासा हुआ कि लुटेरे उत्तम नगर के शिव विहार के रहने वाले हैं। पुलिस टीम वहां पहुंची और दोनों को पकड़ लिया। डीसीपी ने बताया कि दंपति कई चोरी और झपटमारी की घटनाओं में शामिल था। करन के खिलाफ नौ और गौरी के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि दंपति की जानकारी पर सद्दाम को गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह चोरी की संपत्ति के 15 मामलों में शामिल था।

पुलिस ने बताया कि दंपति के पास से बरामद चोरी के सामान में एक स्कूटर और तीन मोबाइल फोन समेत अन्य चीजें शामिल हैं।

## पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली।** अमन विहार में पत्नी की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ कथित रूप से क्रूर बर्ताव करता है।

पुलिस कहना है कि नियम के तहत एक एनजीओ की मदद मांगी गई और महिला को सलाह मशविरा दिया गया। चूंकि उसकी शिकायत की बातें वैवाहिक विवाद से संबंधित थीं , इसलिए उसे कानूनी कार्यवाही के लिए रोहिणी स्थित महिलाओं के विरूद्ध अपराध इकाई के पास भेज दिया गया। पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए गए है। उसने चिकित्सकीय परीक्षण कराने से भी इनकार कर दिया है।

# भाजयुमो के दिल्ली अध्यक्ष निष्कासित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा शाखा के दिल्ली अध्यक्ष वासु रुखर को शुक्रवार को उनकी बेटी के कथित अपहरण से जुड़े विवाद के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को संगठन से निष्कासित कर दिया गया।

दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक पत्र जारी कर रुखर की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने और उन्हें पार्टी से निकालने की बात कही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है, आपके व्यवहार और गतिविधियों को देखते हुए आपको तुरंत आपकी प्राथमिक सदस्यता से मुक्त किया जाता है और पार्टी से तुरंत निष्कासित किया जाता है। पुलिस ने कहा था, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के दिल्ली अध्यक्ष की बेटी को बुधवार को मध्य दिल्ली के झंडेवालान से कथित तौर पर अगवा कर लिया गया और मौरिस नगर में एक मंदिर के पास छोड़ दिया गया।

भाजपा के सूत्रों ने आरोप लगाया कि रुखर की पत्नी को अपने डेढ़ साल की बच्ची को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उसे तीन बेटियां होने पर परेशान किया जा रहा था। अपने निष्कासन पर रुखर की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं थी। सूत्रों ने बताया कि निष्कासित करने का फैसला पुलिस द्वारा की गई जांच और पार्टी द्वारा आंतरिक जांच के आधार पर लिया गया।

# चीनी मांझा खरीद-फरोख्त की जांच करेगी क्राइम ब्रांच

● खतरनाक धांगे से हुई मौतों के मामले में हाईकोर्ट सख्त




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को निर्देश दिया कि वह यहां बाजारों और दुकानों में पतंगबाजी में इस्तेमाल होने वाले चीनी सिंथेटिक मांझे के निर्माण, बिक्री, खरीद और भंडारण की जांच करे। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस तरह के खतरनाक धागों का इस्तेमाल बच्चों और युवाओं द्वारा पतंग उड़ाने के लिए किया जाता है और यह सुनिश्चित करना अधिकारियों का कर्तव्य है कि उनकी (मांझे की) उपलब्धता न हो।

अदालत ने अपराध शाखा को चीनी मांझा की आपूर्ति करने वाले निर्माताओं, आयातकों, व्यापारियों और दुकानदारों का विवरण और उन बाजारों की जानकारी देने के लिए एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जहां यह धागा बेचा जाता है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा, निर्देश दिया गया है कि चीनी मांझा से हुई मौतों के मामलों में दर्ज प्राथमिकी की क्राइम ब्रांच द्वारा जांच की जाएगी। ऐसे दुकानदारों को आरोपी बनाया गया है या नहीं और चीनी मांझा की बिक्री पर प्रतिबंध के बारे में उन्हें सतर्क किया गया है या नहीं, इसका विवरण दें।

उन्होंने कहा, इन प्राथमिकियों की स्थिति क्या है और क्या चीनी मांझा की बिक्री को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही शुरू की गई या नहीं, यह भी अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि चीनी मांझा से हुई बेगुनाहों की मौत को भी कर्तव्य की अवहेलना माना जाएगा।

# सरकार का दावा, हरित क्षेत्र में दिल्ली बनी देश में अव्वल

## साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसदी था जो वर्ष 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया : पर्यावरण मंत्री

● गोपाल राय ने सभी विभागों को थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने दावा किया है कि प्रति व्यक्ति फॉरेस्ट कवर में दिल्ली देश में अव्वल है। वर्ष 2013 में जहां हरित क्षेत्र 20 फीसदी था वहीं साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है।

साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र के मामले में राष्ट्रीय राजधानी देश में नंबर एक हो गई है। पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागों से पौधारोपण की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें कि पौधे कहां कहां लगाए गए हैं। पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर की जांच करने के लिए सभी संबंधित विभागों को थर्ड पार्टी ऑडिट कराने को भी कहा है। पौधारोपण के विशेष अभियान को लेकर 21 फरवरी को सभी संबंधित विभागों, एजेंसीओं के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। ज्ञात हो पूरे देश के साथ राजधानी में ग्लोबल वार्मिंग का असर पड़ रहा है। दिल्ली की आबादी में लगातार बढ़ रही है।



### इस साल लक्ष्य से चार लाख ज्यादा पौधे लगे

गोपाल राय ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा उठाए गए तमाम उपायों के बाद हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) में काफी इजाफा देखा गया है। इसी दिशा में इस साल पौधारोपण महाअभियान के तहत लगभग 43 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था लेकिन अभी तक 47 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें से लगभग वन विभाग द्वारा 10 लाख 80 हजार, डीडीए द्वारा 5 लाख 47 हजार, एमसीडी द्वारा 5 लाख 23 हजार, शिक्षा विभाग द्वारा 2 लाख 73 हजार, डीएसआईआईडीसी द्वारा 42 हजार, डूसिब द्वारा 13 हजार, पीडब्लूडी द्वारा 3 लाख 86 हजार, सीपीडब्लूडी द्वारा 30 हजार, एनडीएमसी द्वारा 7 लाख 57 हजार, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एक लाख 3 हजार, उत्तरी रेलवे द्वारा 26 हजार, दिल्ली कंटोनमेंट बोर्ड द्वारा 16 हजार, एनडीपीएल द्वारा 12 हजार और बीएसईएस द्वारा 30 हजार पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा लगभग 8 लाख पौधों का वितरण किया गया है। राय ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि पर्यावरण को और बेहतर बनाने के लिए सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अभियान से ना केवल राजधानी के हरित क्षेत्र में वृद्धि होगी।

राइट्स
इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ

राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सैक्टर-29, गुरुग्राम-122001
सीआईएन : L74899DL1974GOI007227

वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से विभिन्न पदों/विषयों हेतु योग्य पेशेवरों की आवश्यकता है :

वीसी सं. 26/23-41/23 के लिए अनुबन्ध आधार पर विभिन्न पदों हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों, पद, पारिश्रमिक, पात्रता, आयु, तिथि एवं स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विवरण हेतु अभ्यर्थी राइट्स वेबसाइट www.rites.com पर करियर सैक्शन के अंतर्गत पोस्ट किए गए विस्तृत विज्ञापन को देख सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023



# बीमार अस्पताल क्या आ पाएगा क्वालिटी में नंबर-1

**सिविल सर्जन की नाराजगी के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति**

**पुरुष शौचालय के साथ महिला शौचालय के भी दरवाजे टूटे**

**शौचालयों व अन्य स्थानों पर शीशे की खिड़कियां भी टूटी हैं**



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-2 के पास शौचालय में पूरी तरह से टूटा दरवाजे और अन्य कमियां।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**भारत** सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रम नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के सर्वेक्षण में नंबर-1 आने के ख्वाब तो गुरुग्राम का नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 प्रशासन देखता है, लेकिन क्या यहां काम ऐसे हैं। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां के शौचालयों से दरवाजे एक तरह से गायब हैं। खिड़कियां टूटी हैं। दीवारों से सीमेंट गिर रही है। इन सब कमियों के बाद भी अगर अस्पताल को अव्वल दर्जा मिलता है तो यह गहन सोच का विषय है। आपको बता दें कि गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल के गेट नंबर-2 के भीतर जाते ही सीधे हाथ की तरफ जो पुरुष शौचालय बना है, उसके हाल बहुत बुरे हैं। एक शौचालय का दरवाजा तो ऊपर से नीचे तक टूटकर गायब है। साथ वाले शौचालयों के दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हैं। इसकी ऊपरी मंजिल पर भी हाल कुछ ऐसे ही हैं। पहली मंजिल पर तो महिलाओं के शौचालय का दरवाजा भी नीचे से टूटा हुआ है। इसी के ठीक ऊपर छत से फाइबर की शीट लंबे समय से टूटी पड़ी है। जब बरसात आती है तो पानी अस्पताल के अंदर गिरता रहता है। इसका भी कोई इलाज नहीं किया गया है।

### तो क्या दिखावे के लिए ही चमकाते हैं अस्पताल

**अस्पताल** में पहले भी एनक्यूएएस की टीम ने दौरे किए हैं। जब ऐसा दौरा प्रस्तावित होता है तो अस्पताल को चमकाने में प्रबंधन कोई कमी नहीं छोड़ता। दिन में कई बार फर्श की सफाई, शौचालयों की सफाई दिखाई जाती है। यहां तक कि आम आदमी को शौचालयों में हाथ धोने के लिए लिक्विड साबुन के डिस्पेंसर तक लगा दिए जाते हैं। दौरे के बाद फिर से स्थिति पुराने ढर्रे पर आ जाती है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि क्या दिखावे के लिए ही अस्पताल को चमकाया जाता है।

### सीएमओ के आदेश भी हुए हवा हवाई

**बीती** एक फरवरी को सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने अस्पताल में ईवनिंग ओपीडी और बच्चे के जन्म दिन वाले ही जन्म प्रमाण पत्र देने की सुविधा शुरू की थी। उस दिन उन्होंने अस्पताल में भी सुविधाओं का जायजा लिया था। नीचे के शौचालय में अंदर तक उन्होंने टूटा दरवाजा देखकर संबंधित अधिकारियों से सवाल-जवाब किए थे। उनके समक्ष जल्द ही एल्युमिनियम के दरवाजे लगाने की बात हुई थी। एक फरवरी से लेकर अब तक इस दिशा में काम होना तो दूर, शायद किसी ने इस पर सोचा भी ना हो। अगर सोचा होता तो कुछ काम हुआ नजर आता। सीएमओ के दौरे के दौरान सब ठीक करने के दावे अब धरातल पर नजर नहीं आ रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में डिजीटल अभियान की हुई शुरुआत

**गुरुग्राम।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर निगम गुरुग्राम व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने डिजीटल अभियान का आयोजन किया। इसमें डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के गुरुग्राम शाखा में क्षेत्रीय प्रमुख डा. हिमांशु गुप्ता ने हिस्सा लिया। अभियान के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी आसपास के क्षेत्रों में गए तथा पत्रक, पेन और अन्य जागरूकता सामग्री के माध्यम से नागरिकों को डिजीटल सेवाएं अपनाने के प्रति जागरूक किया। अभियान को जारी रखने के लिए सेक्टर-18 नोवोड शाखा में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस बाईक व साईकिल रैली को डा. विजयपाल यादव व सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक मनीष वर्मा और अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार जुलाहा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में गुरुग्राम जिले की सभी शाखाओं के प्रमुख, सेंट्रल मार्केटिंग टीम, बिजनेस प्रतिनिधि, पीएम स्वनिधि लाभार्थियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से नए डिजीटल भारत को मजबूत करने के लिए डिजीटल उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने के प्रति जागरुक किया गया।

### गुरुग्राम में स्थाई टाऊन वेंडिंग कमेटी का होगा गठन

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरग्राम द्वारा स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट-2017 के तहत स्थाई टाऊन वेंडिंग कमेटी का गठन किया जाना है। इसमें वही शहरी स्ट्रीट वेंडर्स चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिनके पास रेहड़ी लगाने का प्रमाण-पत्र अर्थात सीओवी होगा। नगर निगम गुरुग्राम के नगर परियोजना अधिकारी ने बताया कि ऐसे शहरी स्ट्रीट वेंडर्स जिनके पास सीओवी नहीं है और जिन्होंने अपना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पंजीकरण करवाया है, वे नगर निगम गुरुग्राम के नगर परियोजना अधिकारी कार्यालय में आकर अपना सीओवी प्राप्त कर सकते हैं। बिना सीओवी प्राप्त स्ट्रीट वेंडर्स चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे तथा नगर निगम गुरुग्राम की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 49 हजार केस आज सुनेंगी 32 बेंच

**गुरुग्राम।** जिला में शनिवार 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे जाएंगे। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार राणा ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जार्ज मसीह की अध्यक्षता व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के चेयरमैन एसपी सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार जिला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 32 जजों की बेंच गठित की गई है। इन 32 बेंचों में 4 बेंच मोटर वाहन एक्ट केसों के लिए व एक बेंच एलएसी के लिए गठित की गई है। पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए दो बेंच बनाई गई हैं।चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए छह बेंच बनाने के साथ ही प्री-लिटिगेशन के मामलों के लिए भी एक बेंच का गठन किया गया हैं। इसी क्रम में सब डिवीजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया गया है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक व सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न मामलों से जुड़े करीब 49109 केस रखे जाएंगे। लोक अदालत की सभी बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद करेंगे। ट्रैफिक चालान के भुगतान के लिए ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक हेल्प डेस्क लगाई गई है, जोकि गेट नंबर 2 के पास मध्यस्थता केंद्र में लगी हुई है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन 14 को करेंगे जनसुनवाई



**गुरुग्राम।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग चंडीगढ़ के चेयरमैन व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश दर्शन सिंह मंगलवार 14 फरवरी को गुरुग्राम में आएंगे। वे यहां पर सिविल लाईंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में जिला गुरूग्राम, रेवाड़ी तथा महेन्द्रगढ़ के शहरी निकाय क्षेत्रों में स्थित पिछड़ा वर्ग श्रेणी-ए व श्रेणी बी के गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त अमरदीप सिंह ने अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ जिलों के शहरी स्थानीय निकायों में रहने वाले पिछड़ा वर्ग श्रेणी-ए व श्रेणी-बी के गणमान्य व्यक्तियों की अधिक से अधिक भागीदारी जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनिश्चित की जाए। इसके लिए इन श्रेणियों में आने वाले निगम पार्षदों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करें। उन्होंने बताया कि यह जनसुनवाई कार्यक्रम स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण की प्रतिशतता अनुपात को लेकर किया जा रहा है। आयोग के चेयरमैन व सदस्य मौके पर ही इस बारे में उपस्थित नागरिकों से सुझाव प्राप्त करेंगे। उन्होंने गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ जिलों के पिछड़ा वर्ग श्रेणी-ए व श्रेणी-बी के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचकर अपने सुझाव आयोग के समक्ष रखें।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर लगाया आयुष चिकित्सा शिविर



गुरुग्राम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे मजदूर।

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयुष विभाग द्वारा अंशुल हाईवे सोसाइटी सेक्टर-103 में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 210 प्रवासी मजदूरों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिका शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच व मुफ्त होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की गई। शिविर में ज्यादातर मजदूर एनीमिया, कैल्शियम की कमी व कमजोरी से ग्रसित पाए गए। मजदूरों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करने के साथ ही शारीरिक कमजोरी को दूर करने के लिए घरेलू उपायों की भी जानकारी दी गई। लाभार्थियों को बताया गया कि किस तरह से अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करके हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। शिविर में आयुष विभाग से होम्योपैथिक डिस्पेंसर गुरुदास व हरगंगे, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार, टीआई प्रोजेक्ट की टीम से रोहतास, मंजू व अनीता का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान शिविर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2023 के उपलक्ष में कृमि नाशक होम्योपैथिक दवा सीना 30 भी वितरित की गई।

## फिर एक महिला के साथ नाईजीरियाई युवकों ने की ठगी, गिरफ्तार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**डेटिंग ऐप से महिलाओं के साथ दोस्ती कर ठगी की वारदात को दिया था अंजाम**

**डेटिंग** ऐप के माध्यम से स्थानीय महिलाओं से दोस्ती करके उनसे रुपये ठगने के दो और आरोपी नाइजीरियाई नागरिक पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इससे पहले भी दो आरोपियों को इस तरह से ठगी के आरोप में इसी सप्ताह 7 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। एसीपी अपराध प्रीतपाल सांगवान ने शुक्रवार को बताया कि ऐसी ठगी की अन्य वारदातों को लेकर भी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

बीते माह 14 जनवरी 2023 को पुलिस थाना साईबर क्राइम पूर्व गुरुग्राम में एक महिला ने शिकायत दी थी कि यह एक डेटिंग ऐप के माध्यम से एलेक्स नामक व्यक्ति के सम्पर्क में आई। वह अपने आप को जर्मनी का नागरिक व पायलट बता रहा था। पीड़िता ने बताया कि एलेक्स ने उससे 40 हजार रुपये केसर खरीदने के लिए मांगे, परंतु उसने एलेक्स को 15 हजार रुपये ही ट्रांसफर किए। कुछ दिन बाद एलेक्स ने कहा कि वह उससे मिलने के लिए इंडिया आ रहा है। ज्यादा कैश और महंगा सामान होने की वजह से उसे एयरपोर्ट पर कस्टम ऑफिसर द्वारा पकड़े जाने की बात कहकर उसने 39,700 रुपये मांगे। यह रकम भी महिला ने उसे ट्रांसफर कर दी। बाद में एलेक्स ने उसके पास आरबीआई की फेक आईडी बनाकर मेल करके और रुपयों की मांग की। रुपये ना देने पर उसने युवती के फोटो को एडिट करके वायरल करने की भी धमकी दी तो इसको एलेक्स पर शक हुआ और लगा कि इसके साथ फ्रॉड हो रहा है। इस शिकायत पर पुलिस थाना साईबर क्राइम पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया।



गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए महिला से ठगी के आरोपी नाईजीरियाई नागरिक।

पुलिस थाना साईबर क्राइम पूर्व की टीम ने इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान ओबी एलेक्स तथा ओडुआ क्रिस्टोफर चुकुरिदी उर्फ सनी के रूप में हुई है। एलेक्स को गुरुग्राम तथा ओडुआ क्रिस्टोफर चुकुरिदी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले भी पुलिस थाना साईबर क्राइम पूर्व की टीम द्वारा नाइजीरिया मूल के 2 नागरिकों को इसी प्रकार की धोखाधड़ी करके ठगी करने के अन्य मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि ये सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल बनाकर लड़कियों से दोस्ती करके उन्हें अपने विश्वास में लेकर उनसे धोखाधड़ी से रुपए ऐंठने का काम करते हैं। ये विदेश से इंडिया आने के लिए कहते है और एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट द्वारा इन्हें ज्यादा कैश तथा महंगे समान होने के कारण उन्हें पकड़े जाने व कस्टम डिपार्टमेंट से बचने के नाम पर ये अपनी महिला दोस्त से रुपये की मांग करते हुए उनके साथ ठगी करते है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## गुरुग्राम रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रयासों से 8 राज्यों में एक साथ मेगा रक्त दान शिविर

पायनियर समचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम के प्रधान एवं जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन और सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में माइल स्टोन स्थापित कर रही है। सोसायटी के प्रयासों से देश के 8 राज्यों में एक साथ रक्तदान ड्राइव चलाया गया। इन राज्यों में 11 स्थानों पर लगाए गए रक्त दान शिविरों में 1281 रक्त एकत्रित करके ऐतिहासिक कार्य किया गया।

एयू स्माल फाइनेंस संस्थान के साथ मिलकर यह रक्तदान कार्यक्रम चलाए गए, जिसमें रायपुर, छत्तीसगढ़, इंदौर, मध्य प्रदेश, अहमदाबाद, गुजरात, नागपुर, पुणे और मुंबई, पंचकूला, लाजपत नगर दिल्ली, जीरकपुर पंजाब और जयपुर राजस्थान शहरों में शिविरों में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इन शिविरों में 1281 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। इस सफल आयोजन के लिए जिला उपायुक्त निशांत यादव व जिला रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार ने इस मेगा कैंप के संयोजक रोहिताश शर्मा को शुभकामनाएं दी हैं। आगे इस तरह के और भी कैंप आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया है।



रोहिताश शर्मा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने का कार्य देखते हैं।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम अभी अन्य बहुत से आयाम पर कार्य कर रही है, जिनमें की टीवी मरीजों का देखभाल है, रक्तदान शिविर संचालन, गरीबों को राशन वितरण और प्रवासी मजदूरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर है। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और समाजसेवी व्यक्तियों से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी आग्रह करती है कि देवी है पुनीत कार्य में आप साथ जुड़ें। इस रक्तदान शिविर में एयू स्मॉल फाइनेंस की तरफ से धर्मेंद्र सिंह नरूका सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और अभिनव शर्मा का बहुत बहुत सहयोग रहा।

## 20 की उम्र में आत्म परीक्षण, 40 की उम्र में मेमोग्राफी कराएं : डा. सुचाना

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-40 स्थित एमडीयू सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज में एमडीयू सीपीएएस यूथ रेड क्रॉस विंग ने आर्टेमिस द्वारा डेफोडिल्स के सहयोग से पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और स्तन स्वास्थ्य विषय पर स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया। केंद्र की छात्राओं से बात करते हुए वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. टीना सिंह ने उन्हें पीसीओएस के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने छात्रों को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा एवं किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत डॉ. से खुल कर बात करने के लिए प्रेरित किया। जब स्तन कैंसर का जल्दी पता चल जाता है और यह शरीर में कहीं और नहीं फैलता है तो सापेक्ष उत्तरजीविता दर अधिक होती है। इसलिए शुरुआती पहचान के माध्यम से अपने स्वास्थ्य के बारे में सक्रिय होना बहुत महत्वपूर्ण है। गुलाबी मार्ग पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेडियोलॉजिस्ट और क्लिनिकल ब्रेस्ट इमेजिंग विशेषज्ञ डॉ. सुचाना कुशवाहा ने युवतियों को 20 साल की उम्र में आत्म-परीक्षण करने के लिए कहा। डॉ. कुशवाहा ने स्तन कैंसर के खतरे से बचने के लिए 30 साल की उम्र में जोखिम मूल्यांकन और 40 साल की उम्र में मैमोग्राफी और अन्य चिकित्सकीय जांच की जरूरत पर जोर दिया। अंत में डॉक्टरों ने छात्रों और शिक्षकों के व्यक्तिगत प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. सुनील देवी खरब ने कार्यक्रम का समन्वय किया एवं अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी महिला शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्राएं मौजूद रही।



सेक्टर-40 स्थित एमडीयू सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और स्तन स्वास्थ्य विषय पर स्वास्थ्य वार्ता में जानकारी देती एक्सपर्ट।

## रोडवेज बस अभी टनकपुर रूट पर, जल्द ही राम नगर तक भी होगी शुरू : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** का दिन गुरुग्राम से लेकर उत्तराखंड में नेपाल सीमा तक बसे लोगों के लिए अहम रहा। कई दिनों से हरियाणा राज्य परिवहन की गुरुग्राम से उत्तराखंड के टनकपुर तक बस चलाने की पर्यावरण संरक्षण विभाग नवीन गोयल की कोशिशें रंग लायी। शुक्रवार को बस अड्डे से डिपो महाप्रबंधक विकास नरवाल व नवीन गोयल ने बस को रवाना किया। यह बस हरियाणा, दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड चार राज्यों को जोड़ेगी।

नवीन गोयल द्वारा गुरुग्राम से उत्तराखंड के राम नगर तक रोडवेज की दूसरी बस चलाने की मांग पर मुहर लगाते हुए जीएम विकास नरवाल ने कहा कि यह काम भी प्रोसेस में है। तीसरा मांग को भी जीएम ने पूरा करते हुए कहा कि खाटू श्याम जी मंदिर बंद होने के कारण जो बस सेवा बंद हो गई थी, वह भी दो-तीन दिन में शुरू हो जाएगी। जीएम विकास नरवाल ने यह भी कहा कि रोडवेज बस सेवा की कमी कहीं नहीं रहने दी जाएगी। स्कूल, कालेजों में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए भी उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव, कस्बे से शहर में एक लड़की भी पढ़ने आती है और वहां परिवहन सुविधा नहीं है तो वे उसके लिए भी बस शुरू करवा देंगे। जीएम विकास नरवाल, नवीन गोयल व उत्तराखंड की संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने टनकपुर तक रवाना हुई बस के ड्राइवर, कंडक्टर सुरेंद्र व अशोक कुमार को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। बस की रवानगी के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने ढोल पर डांस भी किया। यह बस गुरुग्राम से दिल्ली, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर, बिलासपुर, बनबसा होते हुए टनकपुर तक जाएगी।




गुरुग्राम से उत्तराखंड के टनकपुर के लिए हरियाणा रोडवेज बस की शुरुआत करते जीएम विकास नरवाल व नवीन गोयल।

इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि जनहित में काम पूरा करने के सदा उनके प्रयास रहते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि नेपाल के बॉर्डर से ठीक पहले तक इस रोडवेज बस की पहुंच होगी। गुरुग्राम से गढ़गंगा तक जाने वाले लोगों को आसानी होगी। इस अवसर पर कुमाऊं भ्रातृ मंडल के प्रधान महासचिव करन सिंह बिष्ट, केशव दत्त, नंदन सिंह रावत, राजेंद्र पाटनी, राकेश बघोली, सुरेंद्र रावत, ठाकुर दत्त, किशन बिष्ट, मान सिंह कोशियारी, हयात सिंह भंडारी, महेंद्र मेहरा, कैलाश जीना, कुबेर जमनाल, बाली पंडित, गगन गोयल, सुधीर कलसन, राजेश गुलिया, सुल्तान वाल्मीकि कपूर सिंह दलाल, अशोक सैनी, कृष्ण गोपाल रोहिल्ला, विजय वर्मा, सोनू गौड़, सुभाष गुप्ता प्रधान, हरजीत कौर, कर्म सिंह गिल, रवि शर्मा, रतन लाल गुप्ता, दीपचंद फौजी, सतीश गुप्ता सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए प्रधान, योगेश, समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## पति ने पत्नी पर तानी पिस्टल दी धमकी, मामला दर्ज

**सोहना।** पिता के घर पर रह रही विवाहिता पर पति न ससुराल जाने के लिए मना करने पर कनपटी पर पिस्टल लगाते हुए जान से मार देने की धमकी दी। एक साल पहले भी आरोपी पति ने विवाहिता के साथ मारपीट करते हुए एक पैर तोड़ दिया था।

गांव भांडसी में पिता के घर रह रही 38 वर्षीय रेखा पुत्री बिजेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी ब्लॉक पटौदी के गांव नरहौड़ा निवासी जसरथ पुत्र ब्रहमपाल के साथ हुई थी। वह अपने पिता के घर भांडसी में रह रही है। बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे उसका पति जसरथ भांडसी में उसके पिता के घर आया। वह अपने साथ चलने के लिए उसे गांव नरहौड़ा चलने को कहने लगा, लेकिन उसने जाने से मना कर दिया। उसके मना करने पर जसरथ ने अपनी पेंट की जेब में से पिस्टल निकाली और उसकी कनपटी पर लगा जान से मार देने की धमकी दी। उसने अपने आपको बचा लिया और जसरथ को उसके गांव जाने से साफ मना कर दिया।

## देश के पहले ऑनलाइन रियलिटी शो लवहाउस से जुड़ा जालंधर का वायरल कुल्हड़ पिज्जा कपल

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**जालंधर** के लोकप्रिय कुल्हड़ पिज्जा कपल गुरप्रीत कौर और सहज अरोड़ा चार अन्य कपल्स के साथ एलोएलो के लवहाउस में 144 घंटे तक एक-दूसरे के लिए अपने प्यार को परख रहे हैं। इस ऑनलाइन रियलिटी शो की शुरुआत 9 फरवरी से हुई है और 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे को फाइनल तक लाइव स्ट्रीमिंग चलेगी।

दर्शकों को यह लाइव-ओनली रियलिटी शो खूब पसंद आ रहा है। लवहाउस के विजेता कपल को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और 5 लाख रुपये तक के अन्य पुरस्कार जीतने का भी अवसर होगा। विजेताओं को अभिनेता कार्तिक आर्यन से मुलाकात का भी मौका मिलेगा, जिनकी फिल्म शहजादा रिलीज होने वाली है। पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री अमृता राव, डोनल बिष्ट और फ्लोरा सैनी, वायरल भयानी और इंस्टा इन्फ्लूएंसर पुनीत सुपरस्टार समेत कई सेलिब्रिटी लवहाउस के बारे में बात कर रहे हैं। उन सभी ने इसे लेकर अपनी उत्सुकता जताई है और इसका हिस्सा बनने की इच्छा भी दिखाई है।




रियलिटी शो शुरू होने से पहले वायरल कुल्हड़ पिज्जा की गुरप्रीत कौर ने कहा, 'हमने कई वैलेंटाइन डे साथ बिताए हैं और मुझे लगता है कि सहज के साथ अपने प्यार को परखने का यह सही समय है। मेरे हिसाब से लवहाउस इसका सबसे अच्छा तरीका होगा। देखते हैं मेरे लिए उनका प्यार कितना गहरा है।' जालंधर के इस जोड़े के अलावा शॉर्ट वीडियो सेंशेसन पंकज एवं शिवु, सपना एवं गोल्डी, आयुषी एवं विशाल और रेडियो सिटी की आरजे प्रिया एवं आरजे राघव भी इसका हिस्सा हैं। एलोएलो एक सोशल गेमिंग एवं लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, जिस पर इन कपल्स की जिंदगी की लाइव स्ट्रीमिंग हो रही है। यह दुनिया का पहला लाइव-ओनली रियलिटी शो है और यहां दर्शकों को अपने पसंदीदा प्रतिभागियों के लिए वोट करने और रियल टाइम में उनका भाग्य तय करने का विकल्प मिला है।

इस शो का सबसे खास हिस्सा है 'जनता की अदालत'। रोज इस सेशन में कपल्स को कमेंट सेक्शन में से दर्शकों के सवालों का ईमानदारी से जवाब देना होता है। एलोएलो के संस्थापक एवं सीईओ सौरभ पांडे ने कहा, 'हम इस बात को देखने के लिए उत्साहित हैं कि कैसे लवहाउस का रियल टाइम एक्सपीरियंस लोगों को लुभाएगा और किस तरह से दर्शक प्रतिभागियों के भाग्य का फैसला करेंगे।'

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023



# मेले पर करोड़ों खर्च पर स्कूली बच्चों को भोजन नसीब नहीं

## मेले में आ रहे स्कूली बच्चों को केवल केला, फ्रूटी और चिप्स

**कविता।** फरीदाबाद

**मेले** के आयोजन में जुटे विभिन्न विभागों द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे हर बार किये जाते हैं। इसके बावजूद लगातार छोटी-छोटी चीजों में कटौती की जा रही है। पहले मेले में आयोजित कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए आने वाले बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था होती थी। लेकिन इस बार उन्हें अल्पहार के रूप में केला, फ्रूटी और चिप्स दी जा रही है। मेले में खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण बच्चों को भूखा रहना पड़ता है।



पेय पदार्थ खरीदते स्कूली बच्चे।

**यह है हाल :** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में शिल्पकारों के संग अब स्कूली बच्चों की सुविधाओं में भी कटौती की गई है। अवार्डी हस्तशिल्पियों के ठहरने की व्यवस्था बीते वर्ष बंद कर दी गई थी। वहीं इस वर्ष तो और बुरा हाल है। अवार्डी हस्तशिल्पियों को जहां स्टॉल उपलब्ध नहीं हो पाए। वहीं दूसरी तरफ अब स्कूली बच्चों का भोजन भी मेला प्रबंधन ने बंद कर दिया है। ऐसे में स्कूली बच्चों को दिनभर भूखे रहना पड़ता है। कुछ स्कूलों के अध्यापकों से चला कि पहले तो बच्चों के लंच की व्यवस्था थी। इस साल बंद कर दी गई है। लेकिन टीचर के लिए लंच की व्यवस्था आईएचएम (इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) की तरफ से की जा है। हर साल केवल टीचरों को खाना और बच्चों को नाश्ते के रूप में केला, बिस्कुट, फ्रूटी और चिप्स देकर कर्तव्य पूरा किया जा रहा है।


सीढ़ियों पर बैठे विभिन्न स्कूलों के बच्चे।

**पहले थी व्यवस्था :** पेय पदार्थ विक्रेता की दुकान पर खरीदारी कर रहे बच्चों से जब मेले में खाने के लिए मिलने वाली चीजों के विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें फ्रूटी, चिप्स और बिस्कुट या फिर एक केला, फ्रूटी और चिप्स, जिसमें पांच-पांच रुपये के चिप्स और बिस्कुट के अलावा आठ रुपये वाली छोटी फ्रूटी होती है। पहले लंच मिलता था, लेकिन अब नहीं दिया जा रहा है, कई बार तो यहां शाम को पांच बजे तक भी रुकना पड़ता है।

**महंगा खाना :** बच्चों और अध्यापकों ने बताया कि मेले में भोजन के दाम बाहर से तीन से चार गुणा ज्यादा है। ऐसे में बच्चे वहां का खाना खरीदकर नहीं खा सकते। यहां पेय पदार्थो की कीमत ठीक है, जिस कारण 10 से 20 और 30 रुपये तक वाले पेय पदार्थ ही बच्चे यहां खरीद कर पी रहे हैं।

# मामूली टक्कर के बाद कार सवार ने ऑटो चालक की कर दी हत्या

## घटना के विरोध में परिजनों ने शव रख कर लगाया सड़क पर जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दयालबाग** इलाके में एक कार चालक ने ऑटो चालक को इतनी बुरी तरह से पीटा कि उसकी मौत हो गई। घटना के विरोध में परिजनों ने देर सायं शव को दयालबाग में रखकर जाम लगा दिया।

थाना सूरजकुंड पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना का कारण ऑटो का कार में मामूली टच हो जाना बताया जा रहा है। मूलरूप से यूपी के जिला कन्नौज निवासी मृतक बृजराज की पत्नी सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह शिवदुर्गा विहार के ई ब्लॉक में किराए पर रहती है। पति बृजराज सिंह ऑटो चलाते थे। बृजराज सिंह अपना ऑटो लेकर घर आ रहा था। मेन मार्केट रामू ज्वेलर्स की दुकान के सामने पहुंचे तो उनका ऑटो एक कार से टच हो गया।


हत्या के विरोध में जाम लगाते मृतक के परिजन। इनसेट में बृजराज का फाइल फोटो

आरोपी कार चालक ने उसके बृजराज सिंह को बेरहमी से कोहनी व लात घूसों से पीटा। सूचना मिली कि उसका पति बेहोशी की हालत में ओमवीर साइकिल वाले की दुकान के सामने पड़ा है। सूचना पर सुनीता अपने पड़ोसी अर्जुन को साथ वहां पहुंची तो देखा कि पति सड़क पर खड़े ऑटो में बेहोशी की हालत में पड़े हैं। अर्जुन की मदद से उसे लेकर नजदीक के एक निजी अस्पताल में ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं परिजनों और पड़ोसियों घटना के विरोध में शुक्रवार शाम को शव दयालबाग में रखकर जाम लगा दिया। पीड़िता ने बताया कि महिपाल कॉलोनी लक्कड़पुर निवासी विवेक नामक कार चालक ने उनके पति को बेरहमी से पीटा है, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# जब तक प्राण है भ्रष्टाचारियों को चैन की सांस नहीं लेने दूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद में बिना काम के 200 करोड रुपए घोटाले का मामला उनके द्वारा मार्च 2022 में विधानसभा सत्र में उठाया था जब सदन में मंत्री द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया तो उनके द्वारा प्रण लिया गया था कि जब तक भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक सिले हुए वस्त्र एवं पैरों में जूते चप्पल धारण नहीं करेंगे।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि 54 दिन के त्याग उपरांत भी एक साल बीतने को है लेकिन सरकार द्वारा 200 करोड़ बिना काम के भुगतान के मामले में एक रूपए की रिकवरी तक नहीं की गई। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि जब 200 करोड़ घोटाले का मामला जनता की नजरों में आ गया था प्रशासन की नजरों में था उसके बावजूद एक ही दिन में 31 करोड़ की पेमेंट सतबीर ठेकेदार को कर दी गई और जब घोटाले की जांच का विषय आया तो इस 31 करोड रुपए की पेमेंट को जांच के दायरे से बाहर कर दिया गया।


नीरज शर्मा।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि 31 करोड रुपए की पेमेंट 4 अगस्त 2020 को एक ही दिन में की गई और उसके 12 दिन उपरांत 16 अगस्त 2020 को नगर निगम के रिकॉर्ड रूम में आग लग गई लेकिन इस को जांच में शामिल नहीं किया गया।

# टेडी डे: सूने रहे स्टॉल, केवल फोटो तक रहा सीमित



टेडी डे पर फोटो खिचंवा कर खुश होती महिला पुलिसकर्मी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सूरजकुंड** अंतराराष्ट्रीय मेले में टेडी डे को लेकर दुकानदारों ने तैयारियां की थी। जिसके लिए उन्होंने तरह-तरह के टेडी से दुकानें सजाई थी। लेकिन पिछले छह दिनों में बिक्री न होते देखकर शुक्रवार को दुकानदारों ने रेट में कटौती कर दी थी। लेकिन इस बार बिक्री न के बराबर हुई। लोग टेडी डे पर सिर्फ देखकर ही स्टॉलों से लौटते नजर आए।

वहीं इस कार्य में हर आयुवर्ग के नागरिक शामिल थे। जिसमें महिला और पुरूष पुलिस कर्मी भी शामिल रहे। एक दुकान पर जब महिला पुलिस कर्मी को फोटो खींच कर वापस टेडी रखकर जाते हुए देखा गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि सुबह से ऐसा ही हो रहा है। दोपहर हो गई है, लेकिन एक भी टेडी नहीं बिका है। उन्होंने टेडी डे को लेकर सुबह ही दुकान खोल दी थी। लेकिन लोग आकर देखते है और फोटो खींचने और रेट पूछने के बाद दुकानों से लौट जाते हैं। वहीं कुछ युवाओं ने कहा कि मेले में टेडी महंगे हैं।

आज कल चाबी के छल्ले वाले टेडी यानी छोटे टेडी ही पंसद आ रहे हैं। बड़े टेडी बियर खरीदने का क्रेज केवल गिफ्ट के तौर पर ही ठीक है। बर्थ डे या फिर कोई स्पेशल डे हो। टेडी डे अब इतना स्पेशल नहीं रहा है। स्टॉल संचालक रविन्द्र ने बताया कि उन्होंने टेडी डे को देखते हुए डेढ़ सौ से दो सौ रुपये वाले टेडी बियरों की कीमत सौ रुपये कर दी थी। मेले में जगह- जगह लगी टेडी वियरों की दुकानों पर रेट कम कर दिए गए हैं। लेकिन इस बार बिक्री न के बराबर है।

# मिशन बुनियाद बैच की लेबल एक की परीक्षा संपन्न

**फरीदाबाद।** मिशन बुनियाद, हरियाणा सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग एवं विकल्प फाउंडेशन के द्वारा की गई एक उत्कृष्ट पहल है। इसका उद्देश्य भविष्य में सरकारी स्कूलों को आगे बढ़ना और उन्हें नयी उंचाइयो तक पहुंचना है जिसे छात्रों की नींव तैयार करके पूरा किया जा सकता है। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे हरयाणा के 22 जिलों में मिशन बुनियाद के लेवल 1 की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं जिला गणित विशेषज्ञसहित मिशन बुनियाद से जुड़े सभी संबंधित हितधारक भी मौजूद रहे और उनकी निगरानी में ये परीक्षा पूरी हुई। यह एंट्रेंस एग्जामिनेशन दोपहर एक बजे से 3 बजे के बीच में संपन्न हुई। जिसमें कुल पंजीकरण 4816 हुए। वहीं प्रवेश पत्र डाउनलोड 4089 हुये। परीक्षा में अनुपस्थित 775 रहे। कुल छात्रों की उपस्थिति 3314 रही। सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले उपस्थित हुए थे, जो उनके उत्साह को दर्शाता है।

यह प्रवेश परीक्षा हरियाणा के 22 जिलों में आवंटित 195 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी जहां निरीक्षण के लिए प्रिंसिपल और अन्य हितधारक मौजूद रहे।

# छात्र के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

## आरोपियों के बारे में सूचना देने वाले को दिया जाएगा 50 हजार रुपए का इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**छात्र** हत्या के मामले में भनकपुर वासी पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा से मिलने सेक्टर 21सी कार्यालय पहुंचे। जहां पुलिस आयुक्त ने ग्रामीणों को आरोपियों की जल्द धरपकड़ करने का आश्वासन दिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि भनकपुर के रहने वाले 17 वर्षीय छात्र की आरोपियों ने चाकू से हमला करके हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी सचिन, विशाल, नवीन, अभिषेक तथा शिवम इत्यादि के खिलाफ़ सेक्टर 58 थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच डीएलएफ, एनआईटी, 56, 30, 17, 48, 65 ऊंचा गांव सहित 9 टीम लगाई गई हैं। इसके साथ ही थाना पुलिस की टीमें भी आरोपियों की धरपकड़ का पूरा प्रयास कर रही है। पुलिस आयुक्त ने डीसीपी क्राइम को मामले का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अपराधियों की धरपकड़ करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपराधियों को पनाह देगा या किसी भी प्रकार की मदद करेगा तो उन्हें भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।


सीपी परिजनों के सामने इनाम की घोषणा करते हुए।

ग्रामीणों से कहा कि यदि उन्हें अपराधियों के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो वह पुलिस को तुरंत सूचना दें ताकि पुलिस उनको गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेज सके। आरोपियों की सूचना वाले को पुलिस की तरफ से 50000 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। ग्रामीणों को मामले की लगातार जानकारी मिलती रहे इसके लिए एसीपी विष्णु प्रसाद को गांव के गणमान्य व्यक्तियों के साथ लगातार संपर्क में रहने तथा उन्हें मामले के बारे में लगातार सूचना प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों मे शामिल है तो इसकी सुचना पुलिस को दे सकता है और कोई व्यक्ति सज्ञेय अपराध करता है तो आम जनता भी उसे गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर सकती है।

# जांच शिविर में सामने आया थैलासीमिया ग्रस्त बच्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भगवान** महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो के स्वस्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली की डॉ. अमिता महाजन की टीम डॉ.शैर्या, डॉ. स्वेतलाना व नेहा टीम द्वारा बच्चों का निरीक्षण किया गया। एक नया बच्चा आया जिसको थैलासीमिया था।

लाख कोशिश के बाद भी थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो का बढ़ना निरन्तर है। कारण सिर्फ एक ही थैलासीमिया के प्रति सरकार की उदासीनता सरकार चाहे तो ऐसा एक भी बच्चा न पैदा हो। सरकार को बार-बार लिखने पर भी कोई उचित कदम नहीं उठाया जाना। प्रधानमंत्री, स्वास्थ मंत्री मुख्यमंत्री सभी को पत्र डेल परन्तु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है। आज जो बच्चा आया वो नासमझी के कारण ही आया। संस्था द्वारा थैलासीमिया करियर के कैंप लगाए जाते है परन्तु लोग निशुल्क भी थैलासीमिया कैरियर का टेस्ट करवाने नहीं आते। सब लोग यहीं सोचते है हम तो स्वस्थ है। सच तो यह है दिखने में ये सब लोग स्वस्थ ही होते है।



बच्चों की जांच करवाते लोग।

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी तो स्वस्थ नज़र आते है परन्तु वो भी थैलासीमिया कॅरियर ही है। जब दो थैलासीमिया कैरियर की शादी होती है तो उनके यहां थैलासीमिया ग्रस्त बच्च पैदा होने की काफी संम्भावना होती है। हमारा देश थैलासीमिया बीमारी की राजधानी बन चूका है लगभग हर वर्ष 14-15 हज़ार बच्चे इस बीमारी को लेकर पैदा होते है। किसी समय थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो की आयु सिमित थी परन्तु आज समय रहते रक्त का मिलना व् समय पर दवाइयाँ मिलना बच्चो की आयु को बड़ा देता है। जोकि बढ़ती संख्या का भी एक कारण है। अगर समय रहते उचित कदम न उठाये गए तो देश में रक्त की भयंकर कमी हो जाएगी। आज भी हर वर्ष लगभग 25 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो की जरुरत है। अगर समय रहते कदम ना उठायें गए तो यह आंकड़ा और भी बड़ सकता है। इसके लिए समाज का हर नागरिक जो स्वस्थ संतान की कामना करता है उनको थैलासीमिया कैरियर का टेस्ट करवाना होगा। अच्छा तो यह है शादी से पूर्व यह टेस्ट करवा लिया जाये व् दो कैरियर आपस में शादी ना करे। अगर दो कैरियर की आपस में शादी हो भी गयी हो तो गर्भ के 8-10 सप्ताह बाद गर्भ में पल रहे बच्चे का टेस्ट करवा ले। अगर बच्चा थैलासीमिया ग्रस्त है तो डॉक्टर की उचित सलाह से आगे का प्लान किया जा सकता है। सरकार को चाहिये शादी का प्रमाण पत्र तभी दे जब थैलासीमिया कैरियर के टेस्ट की रिपोर्ट शादी पंजीकरण के आवेदन साथ लगी हो।

# अच्छे ग्राहकों को प्रीमियम पर दी जा रही है छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वित्तीय** रूप से फिट ग्राहकों को पुरस्कार देने के लिए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड उच्च क्रेडिट स्कोर और अच्छी क्रेडिट रिपोर्ट वाले ग्राहकों को बीमा प्रीमियम पर 7.5 प्रतिशत तक की उच्च छूट की पेशकश कर रही है।

नई रिलायंस हेल्थ इन्फिनिटी पॉलिसी को खरीदने या नवीनीकृत करने वाले ग्राहक अपने अच्छे क्रेडिट स्कोर के आधार पर इस अनूठे लाभ का फ़ायदा उठा सकते हैं। एक अच्छा क्रेडिट स्कोर ग्राहक के वित्तीय अनुशासन को दिखाता है। ऐसे अनुशासन और अच्छी वित्तीय आदतों को बढ़ावा देने के लिए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने क्रेडिट स्कोर-आधारित छूट की शुरुआत की है। रिलायंस हेल्थ इन्फिनिटी पॉलिसी स्वस्थ जीवन को पुरस्कार देने के लिए बॉडी-मास-इंडेक्स (बीएमआई) के आधार पर प्रीमियम पर छूट भी प्रदान कर रही है। सामान्य बीएमआई वाले ग्राहक प्रीमियम पर छूट का फ़ायदा उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी उन लोगों को बीमा प्रीमियम पर 2.5 प्रतिशत की छूट (नई पॉलिसी और नवीनीकरण पर) देकर अपने ग्राहकों के बीच निवारक टीकाकरण को बढ़ावा दे रही है, जिन्होंने कोविड-19 टीके या बूस्टर शॉट या यहां तक कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन या न्यूमोकोकल वैक्सीन जैसे अन्य टीके भी लगवाए हैं।

रिलायंस हेल्थ इन्फिनिटी पॉलिसी असीमित लाभों के साथ आती है। 5 करोड़ रुपए तक की उच्च बीमा राशि, मोरग्लोबल कवर, मातृत्व कवर, ओपीडी कवर, बीमित राशि की असीमित बहाली, और पंद्रह से ज्यादा उपयोगी ऐड-ऑन लाभ जैसी सुविधाएँ। उत्पाद छूट के बारे में अधिक जानने के लिए, प्रॉस्पेक्टस और ग्राहक सूचना पत्र को पढ़िए।

# संक्षिप्त समाचार

## डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में विद्यार्थियों ने किया हवन



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में परीक्षाओं में सफलता की कामना को लेकर विद्यार्थियों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। विशेष रूप से बोर्ड की परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों ने हवन में हिस्सा लिया और सफलता को लेकर ईश्वर से कामना की। इस मौके पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की संरक्षक शैलबाला जैन व एचएम रितु जैन एवं संजना जैन भी मौजूद रहीं। इस मौके पर शैलबाला जैन ने परीक्षा में बैठने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति का हिस्सा है तथा भारतीय परंपरा के अनुसार शुभ कार्य की शुरुआत हवन यज्ञ के माध्यम से की जाती है और इसी परंपरा को निभाते हुए डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने परीक्षाओं से पहले हवन में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## टीबी के मरीजों को वितरित किया राशन



**फरीदाबाद।** कम्युनिटी सपोर्ट के तहत टीबी डिपार्टमेंट में मरीजों को राशन दिया गया। जैसा कि मालूम है सरकार की तरफ से टीवी के मरीजों को हर महीने निश्चय पोषण योजना के तहत 500 रुपये मिलते हैं जोकि उनके लिए कम होते हैं डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर सोनिया त्रिखा, स्टेट टीवी ऑफिसर डॉक्टर राजेश राजू, सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता के दिशा निर्देश द्वारा सभी डिपार्टमेंटों से निवेदन था कि वे मरीजों को गोद लेकर उनको हर महीने राशन दें। सीएमओ की तरफ से डॉक्टर विनय गुप्ता ने 5 मरीजों को, डॉक्टर रिचा बत्रा ने पांच, डॉक्टर महेंद्र गोयल ने 5, तथा पूर्व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने 3 और डीआर टीबी एचआई वी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत ने 2 मरीजों को गोद ले रखा है। इसी के तहत टीवी डिपार्टमेंट में मरीजों को राशन दिया गया। जिसमें की डॉक्टर महेंद्र गोयल, डीआर टीबी, एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, राजकुमार शर्मा, अशोक, बिजेंदर, यथार्थ, रविंदर, करण, वीरेंद्र, कुलभूषण, साधना आदि मौजूद थे।

## नगर-निगम चुनावो को लेकर अहम बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी द्वारा एनएचपीसी चौक स्थित होटल ओला में नगर निगम चुनावों को लेकर अहम बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि आप नेता अशोक तवंर और अध्यक्षता धर्मबीर भड़ाना ने की। अशोक तवंर ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए, जो जीत पार्टी की झोली में डाल सके। इन चुनावों के साथ ही पार्टी पूरे हरियाणा में तैयारी कर रही है और कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हम चाहते हैं 2023 तक पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ खड़ी हो जाए और अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ें। आम आदमी पार्टी हरियाणा में स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगी। जिसमें दिल्ली की तर्ज पर पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि शामिल होंगे। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि नगर-निगम चुनावो के लिए कार्यकर्ताओं को जी तोड़ मेहनत करनी होगी। नगर निगम पार्षद एवं मेयर के चुनाव सिंबल पर लड़े जाएंगे। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें हरियाणा में आम आदमी पार्टी की शुरुआत फरीदाबाद नगर निगम से ही होगी। बैठक में मंजू गुप्ता, भीम यादव, आभाष चंदीला, बृजेश नागर, राकेश भड़ाना, संदीप राव, हिमांशु सेठी, प्रवेश मेहता, संजय जुनेजा, राजेंद्र शर्मा, हितेश पालता,तेजवन्त सिह बिट्टू, मनीष भटिया, ओ पी वर्मा, वाई के शर्मा, सुबोध शर्मा, विनय यादव, हंसराज दायमा, दीप्तेश भारद्वाज, सुमित यादव, राम गौर, सुरेंद्र गुप्ता, काजल, निशा खेलारिया, गीता शर्मा, इंद्रीश दायमा, अंजू जय भारत, चंद्रवीर, सतीश चंडीला, हार्जिंद्रे मेहंदीरत्ता, बिट्टू सिंह, खेमी सरपंच, मोहित, बलवंत सिंह, राहुल बैसला, नीरज प्रेमी, चंचल तंवर, पुनीता भड़ाना, इंदु कुमारी, सोनिया खटारिया, राजा भाईया, हरिदत्त शर्मा, जोगिंदर चंदीला, कैलाश वैष्णवे, मिलन, मेहर चंद दरसाना, सुमंत जैन, सुभाष बघेल, मृदुल ढींगरा, दिनेश भारद्वाज, विजय गोदारा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रविंद्र फागना ने 10 विकेट से विजयी

**फरीदाबाद।** 22वां मेंटॉर कप टूर्नामेंट का मैच डीपीएस स्पोर्टलैंड के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर और डीपीएस स्पोर्टलैंड के बीच खेला गया। इस मैच मे रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर ने डीपीएस स्पोर्टलैंड को 10 विकेट से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 35 ओवर का था और डीपीएस स्पोर्टलैंड ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। डीपीएस स्पोर्टलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 10.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 21 रन का लक्ष्य दिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर ओर से गेंदबाजी करते हुए उमर मोहम्मद ने 5 ओवर में 4 मैडेन 1 रन देकर 6 विकेट, वंशज ने 4 ओवर में 1 मैडेन 15 रन देकर 2 विकेट सक्षम और अफ्फान ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर ने 5.2 ओवर में 22 रन बनाकर जीत हासिल की। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्ज़ापुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कनव ने 16 गेंदों पर नाबाद 3 रन और नकुल कपसिया ने 17 गेंदों पर नाबाद 9 रन बनाए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच उमर मोहम्मद को घोषित किया गया।

## भविष्य बनाने के लिए आगे बढ़ें विद्यार्थी: राजेश



**फरीदाबाद।** तिगांव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने कहा कि भविष्य बनाने के लिए विद्यार्थी आगे बढ़ें और देश व समाज का नाम रोशन करें। सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उन्हें अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए टिप्स भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय में एक नई परंपरा का आरंभ किया गया जिसके तहत पूरे वर्ष अच्छे परिणाम देने वाले छात्र छात्राओं को मिस्टर मॉडल संस्कृति तिगांव और मिस मॉडल संस्कृति तिगांव के टाइटल से नवाजा गया। यह टाइटल लडक़ों में बारहवीं कॉमर्स के छात्र हर्ष चंदीला और लड़कियों में 12वीं विज्ञान की छात्रा मुस्कान को दिया गया। यह टाइटल 11वीं कक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा सम्मानित छात्र छात्राओं को लगाए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मंच का संचालन विद्यालय उप प्रधानाचार्य सुनील नागर ने किया वहीं प्रधानाचार्य पवन चौधरी ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में बीडीसी डेप्युटी चेयरमैन महेश नागर, जिला पार्षद अनिल पाराशर, सरस्वती ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन वाई. के. महेश्वरी, रेडियंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन कुमार अग्रवाल, रविंदर नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## 101 वर्षीय मरीज का किया गया सफल उपचार

**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने बिनाइन प्रोस्टेट एन्लार्जमेंट से पीड़ति 101 वर्षीय मरीज़ का सफल उपचार किया है। डॉ अनूप गुलाटी, डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लंट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने केवल 45 मिनट में होल्मियम लेज़र सर्जरी को अंजाम दिया। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज़ चलने-फिरने लगे और 2 दिनों के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। समय पर निदान और सही उपचार ने मरीज़ की रिकवरी में काफी भूमिका निभायी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 फरवरी, 2023



## गाजियाबाद प्रकरण

### अदालत में तेंदुआ

**गाजियाबाद** की अदालत में एक तेंदुआ घुस गया और उसने वकीलों समेत अनेक लोगों को घायल कर दिया। अदालत में तेंदुआ? इससे अनेक लोगों को आश्चर्य हुआ होता और वकीलों के बजाय यह वाइरल 'मीम्स' का विषय बना होता, लेकिन बुधवार को उसने अदालत में वकीलों समेत अनेक लोगों को नुकसान पहुंचाया। तेंदुआ अचानक अदालत की पहली मंजिल पर दिखा जिससे अफरातफरी मच गई। तेंदुए ने कुछ वकीलों, एक पुलिसकर्मी व एक मोची को घायल कर दिया। वह खतरे के भय से सब पर हमला कर रहा था। सौभाग्य से इस दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और किसी की मृत्यु नहीं हुई। इस प्रकरण में तेंदुए को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा क्योंकि वन अधिकारियों ने उसे बेहोश कर दिया और अपने साथ ले गए। यह ऐसी पहली घटना नहीं है। जंगली जानवर इसके पहले कई बार इमारतों, आवासीय क्षेत्रों, फैक्ट्रियों, आदि में घुस चुके हैं और ऐसी खबरें देश के लगभग हर क्षेत्र से आती रही हैं। अब तक अधिकारियों ने विभिन्न स्तरों पर तेंदुओं, काले तेंदुओं व सांपों आदि के आवासीय क्षेत्रों में घुसपैठ पर प्रतिक्रिया ही की है और सक्रिय रूप से समस्या से निपटने के ज्यादा प्रयास नहीं हुए हैं। इसका कारण समझने के लिए किसी को पर्यावरण विज्ञानी होने की जरूरत नहीं है। आजकल जंगलों व खुले स्थानों समेत सभी स्थानों पर मानव बस्तियां बसती जा रही हैं। इसके परिणामस्वरूप जंगली जानवरों का 'स्पेस' घट रहा है तथा अनेक वन्यजीव प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई है। इन परिस्थितियों के



कारण जानवर लोगों के रिहाइशी क्षेत्रों में घुसपैठ के लिए मजबूर हैं। इससे मानव-वन्यजीव टकराव पैदा हुए हैं। उदाहरण के लिए, अनेक स्थानों पर जंगली हाथियों के झुंड अक्सर खेतों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं।

ऐसा नहीं कि सरकार और जनता स्वच्छ पर्यावरण व वन्यजीवों की आवश्यकताओं के प्रति सचेत नहीं हैं। अतीत में कुछ सुनियोजित प्रयास किए गए हैं और आज भी किए जा रहे हैं जिनका उद्देश्य जंगलों, वन्यजीवों व जैव-विविधता की रक्षा करना है। इसका एक शानदार उदाहरण 'प्रोजेक्ट टाइगर' है। इस साल 2022 बाघ गणना के नतीजे सामने आए हैं जिससे पता चला है कि भागों की संख्या बढ़ कर लगभग 3,000 पहुंच गई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अधिकरण-एनटीसीए के अनुसार, बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, 2014 में इनकी संख्या 2,226 थी जो 2018 में बढ़ कर 2,967 हो गई थी। स्पष्ट है कि 1973 में शुरू प्रोजेक्ट टाइगर लगातार मजबूत होता जा रहा है। संरक्षण के अन्य उपायों से भी वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने में मदद मिली है। लेकिन जयादा बाघों व अन्य वन्यजीवों के लिए ज्यादा जंगलों की जरूरत है, जबकि उनका आकार घट रहा है। इसलिए न केवल मानव-वन्यजीव टकराव न्यूनतम करने, बल्कि ऐसा रास्ता तलाशने के लिए नए प्रयास करने होंगे जिससे उनका परस्पर सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो सके और वे एक-दूसरे को नुकसान न पहुंचाएं। इस टकराव के समाधान में पर्यावरण पर्यटन तथा एडवेंचर पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह जान कर खुशी होती है कि सरकार पर्यावरण पर्यटन की भूमिका समझ कर उसे प्रोत्साहित कर रही है। अप्रैल, 2022 में पर्यटन मंत्रालय ने पर्यावरण पर्यटन की राष्ट्रीय नीति तैयार की थी। उसने स्वीकार किया है कि विश्व स्तर पर पर्यावरण पर्यटन को स्वीकृति प्राप्त है। यह वनों, जैव-विविधता, वन्यजीवों व सुंदर भूदृश्यावलियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इससे वनों पर निर्भर समुदायों के लिए टिकाऊ आजीविका मिलती है तथा आम जनता व नीति निर्माताओं में संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा होती है। समय आ गया है कि ऐसे प्रयासों को पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए।

# कोलेजियम व्यवस्था में सुधार जरूरी

'मूल संरचना' सिद्धान्त को संसद की वैधानिक शक्तियों में बाधा की तरह नहीं देखा जा सकता है। कोलेजियम व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, लोकसभा के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)



राज्य सभा के सभापति तथा उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आल इंडिया प्रिसाइडिंग आफिसर्स कान्फ्रेंस के 83वें सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि वे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस सीमा से सहमत नहीं हैं कि संसद संविधान की 'मूल संरचना' में संशोधन नहीं कर सकती है। स्वयं को 'न्यायपालिका का सिपाही' घोषित करने वाले व पेशेवर वकील के रूप में प्रशिक्षित जगदीप धनखड़ ने 'निष्ठा, आत्मसम्मान व संविधान के प्रति प्रतिबद्धता' की अपील की है। संविधान सभा द्वारा स्वीकृत संविधान में संविधान में संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है।

गणतंत्र बनने के फौरन बाद राज्यों द्वारा किए गए अनेक भूमि सुधार कानूनों को कई उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई थी। इस आशंका से कि इन विधायनों को अदालतों द्वारा असंवैधानिक बता कर खारिज किया जा सकता है, अस्थाई संसद ने 1951 में जमींदारी उन्मूलन के लिए पहला संविधान संशोधन पास किया था। इससे संविधान में अनुच्छेद 31ए के अंतर्गत नवीं अनुसूची जोड़ी गई थी तथा भूमि सुधारों को न्यायिक समीक्षा से अलग किया गया था। जमींदारों ने इस आधार पर शंकरी प्रसाद सिंह देव बनाम भारत सरकार, 1951 में चुनौती दी गई थी कि यह मूलाधिकारों को सीमित करता है। देश के प्रथम प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एच.जे. कानिया की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने अनुच्छेद 31 सी को वैध ठहराते हुए कहा था, 'संविधान के विपरीत एक कानून बनाने का अर्थ संवैधानिक वैधता वाला संविधान संशोधन है और यह संसद की विशिष्ट शक्तियों के अंतर्गत आता है।' अदालत ने कहा था कि अनुच्छेद 13-2 के अंतर्गत 'कानून' शब्द के अर्थ में संसद द्वारा अनुच्छेद 368 के अंतर्गत बनाया 'कानून' शामिल नहीं है। जब संसद ने नवीं अनुसूची में 17वें संशोधन के माध्यम से कई नए विधायन जोड़े तो इस मामले को पुनः सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य, 1965 में चुनौती दी गई। शंकरी प्रसाद मामले में की गई व्याख्या की सज्जन सिंह मामले में पुनः पुष्टि की गई, हालांकि जस्टिस हिदायतुल्ला व जस्टिस मुधोलकर ने अलग से, पर सहमति वाले फैसले दिए थे। उन्होंने संदेह व्यक्त किया था कि क्या मूलाधिकारों को संविधान संशोधन की शक्ति से सीमित किया जा सकता है। गोलकनाथ मामले में 17वें संशोधन को चुनौती दी गई थी जिसने राज्यों के 43 कानूनों को नवीं अनुसूची में डाल दिया था। इसके साथ ही पहले व चौथे संशोधनों को भी चुनौती दी गई थी जो मूलाधिकारों में कटौती करते थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए नैनी पालकीवाला ने संसद की संशोधन शक्ति की 'अंतर्निहित सीमा' का सिद्धान्त पेश किया था।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सुब्बा राव की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय ने गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य, 1967 के अपने उल्लेखनीय फैसले में 6:5 के बहुमत से कहा था कि अनुच्छेद 368 के अंतर्गत प्रदत्त संशोधन शक्तियों से किसी मूलाधिकार में संशोधन नहीं किया जा सकता है। अदालत ने इसके पहले दो मामलों में दिए फैसलों को इस सीमा तक गलत माना था और कहा था कि उपरोक्त संशोधन विधि के दृष्टिकोण से अच्छे नहीं हैं। लेकिन अदालत ने पहले, चौथे और 17वें संशोधनों को बचाते हुए 'डाक्ट्रिन आफ प्रोसपेक्टिव ओवररूलिंग' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया था। अदालत ने घोषणा की थी कि संसद की संशोधन शक्ति की एक अंतर्निहित सीमा है कि वह मूलाधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। इससे व्यथित संसद ने जोर दिया कि उसे मूलाधिकारों समेत संविधान के किसी प्राविधान में संशोधन का अधिकार प्राप्त है। इसके चलते 24वां संविधान संशोधन किया गया जिसने अनुच्छेद 368 में परिवर्तन कर संशोधन की शक्ति व प्रक्रिया बदल दी। इसमें कहा गया कि जब किसी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदन पास कर दें और उसे राष्ट्रपति के पास उनकी स्वीकृति के लिए भेजा जाए, तो उनको इस विधेयक को अवश्य स्वीकार करना चाहिए। इसके साथ ही अनुच्छेद 13 में संशोधन कर धारा 4 जोड़ी गई थी जिसके अनुसार संविधान में संशोधन के बाद ऐसा संशोधन अनुच्छेद 13 से विसंगति के बावजूद वैध होगा।

एकमात्र जस्टिस रे की असहमति के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय में 11 न्यायाधीशों की पीठ ने 1970 के बैंक राष्ट्रीयकरण कानून को रद्द कर दिया। इसके बाद 25वां संविधान संशोधन लाया गया। इसने नया अनुच्छे 31सी जोड़ा जिसके अनुसार यदि कोई कानून अनुच्छेद 39 की बी व सी में निर्देशक सिद्धान्तों के अंतर्गत पास किया जाता है तो ऐसे कानून को इस आधार पर शून्य नहीं घोषित किया जा सकता है कि वह अनुच्छेद 14, 19 या 31 में दिए किसी अधिकार को छीन लेता है या उसे सीमित करता है। इसे इस आधार पर भी चुनौती नहीं दी जा सकती है कि वह उन सिद्धान्तों को प्रभावी नहीं करता है। इस संशोधन से अनुच्छेद 32-2 से 'मुआवजा' शब्द हटा कर उसके स्थान पर 'धनराशि' शब्द रखा गया। इसमें अनुच्छेद 19-1-एफ भी जोड़ा गया जिसके अनुसार सार्वजनिक उद्देश्य से किसी संपत्ति के अधिग्रहण या परिवर्तन संबंधी कानून पर यह लागू नहीं होगा, हालांकि बाद में 43वें संशोधन से इसे वापस ले लिया गया। 1972 में केरल विधायिका द्वारा पास भूमि सुधार कानूनों को संरक्षण देने के लिए संसद ने 29वां संशोधन कानून पास किया जिसके अनुसार नवीं अनुसूची में 65वीं व 66वीं चीजें जोड़ी गईं। इससे केरल भूमि सुधार संशोधन कानून, 1969 व केरल भूमि सुधार संशोधन कानून, 1971 को नवीं अनुसूची में डाला गया।

24वें, 25वें व 29वें संविधान संशोधनों को केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य, 1973 में चुनौती दी गई। इस याचिका को 13 न्यायाधीशों की खंडपीठ ने सुना। 13 में से 9 न्यायाधीशों ने गोलकनाथ मामले का फैसला उलट कर 24वें व 29वें संशोधन को वैध ठहराया, लेकिन यह भी कहा कि अनुच्छेद 368 संसद को संविधान की 'मूल संरचना' बदलने का अधिकार नहीं देता है। न्यायिक समीक्षा पर प्रतिबंध लगाने वाली धारा को छोड़ कर 25वें संविधान संशोधन को भी वैध ठहराया गया।


इन फैसलों से स्पष्ट है कि मूल संरचना का सिद्धान्त एक बाधा के बजाय 'समान न्याय के संवैधानिक आदर्श को जीवन्त सत्य' बनाता तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे दायित्व का पालन करते हुए केशवानंद भारती मामले में बहुमत का फैसला स्वीकार किया तथा इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण, 1975 मामले में मूल संरचना के सिद्धान्त पर पूर्ण सहमति प्रकट की। उसने घोषणा की कि 39वां संशोधन उस सीमा तक असंवैधानिक है जहां वह राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री तथा लोकसभा अध्यक्ष के निर्वाचन को अदालतों के क्षेत्राधिकार से बाहर रखता है। अनुच्छेद 329ए को बाद में 44वें संशोधन से हटा दिया गया जिसे 25वें संशोधन से डाला गया था और 42वें संशोधन से और बदला गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे मिनर्वा मिल्स बनाम भारत सरकार, 1980 मामले में मूल संरचना का उल्लंघन बता कर रद्द कर दिया था। वामन राव बनाम भारत सरकार, 1981 व कोयल्हो बनाम तमिलनाडु राज्य, 2007 मामलों में 'मूल संरचना' परीक्षण की पुष्टि की गई जो अब संवैधानिक विधि का अभिन्न अंग है।

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने समान न्याय या सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने वाले संविधान संशोधनों को रद्द नहीं किया। इसमें गोलकनाथ मामला भी शामिल है। इस प्रकार मूल संरचना सिद्धान्त को संसद की संविधान संशोधन की विधिक शक्तियों में बाधा या सीमा की तरह नहीं देखा जा सकता है, बशर्ते कि वह 'मूल संरचना' परीक्षण पर खरा उतरता हो तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता कमजोर न करता हो। उच्च न्यायपालिका में जजों के चयन की ज्यादा पारदर्शी व जीवन्त व्यवस्था लागू करने की बहस उस समय तक जारी रहेगी जब तक एक बेहतर व ज्यादा विश्वसनीय व्यवस्था स्वीकार नहीं हो जाती है। यह व्यवस्था कोलेजियम व्यवस्था में सुधार तथा उसके स्थान पर ऐसी व्यवस्था लाने से होगी जो राजनीतिक प्रभाव या दवाब से मुक्त हो। इस प्रकार के सुधार से मूल संरचना और मजबूत होगी तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता भी बढ़ेगी।

# अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ अहम समझौते


> यूरोपीय संघ के साथ आईसीईटी और टीटीसी को एक साथ लेने पर भारत के लिए अवसरों की एक पूरी नई श्रृंखला खुलती है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



इस पिछले सप्ताह को भारत के नए युग की प्रौद्योगिकी और कुछ सबसे शक्तिशाली भौगोलिक क्षेत्रों के साथ व्यापार साझेदारी में दो महत्वपूर्ण विकासों द्वारा चिह्नित किया गया था। पहला भारत और अमेरिका के बीच उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर समयबद्ध, परिणाम-उन्मुख ढांचा था। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मई 2022 में टोक्यो में क्वाड सम्मेलन के मौके पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा पहली बार घोषित उच्च-स्तरीय समझ पर चर्चा करने और उसे मजबूत करने के लिए तीन दिनों के लिए अमेरिका की यात्रा की। प्रौद्योगिकियां (आईसीईटी) प्रत्येक देश के घरेलू पर्यावरण-राजनीतिक धुरी के कारण, कई दशकों तक ठंडे बस्ते में रहने के बाद, भारत-अमेरिका सामरिक प्रौद्योगिकी और रक्षा साझेदारी के लिए एक विशाल कदम है। भारतीय और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक के बाद जारी एक तथ्य-पत्र में कहा गया है, "संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत इस बात की पुष्टि करते हैं कि जिन तरीकों से प्रौद्योगिकी को डिजाइन, विकसित, शासित और उपयोग किया जाता है, उन्हें हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों व सार्वभौमिक मानवाधिकारों के सम्मान के अनुसार आकार दिया जाना चाहिए।" हम आपसी विश्वास और भरोसे पर आधारित एक खुले, सुलभ और सुरक्षित प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगा।

यह भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों में पहला है, क्योंकि दोनों ने अपने-अपने तरीके से बलवान चीन द्वारा गाया है, पहले अवसर पर अपने नुकीले



(जासूसी शिल्प के साथ उड़ने वाले गुब्बारों का उल्लेख नहीं) करने की कोशिश कर रहा है। दोनों देशों ने सेना में शामिल होने, समानताओं को खोजने और चीन की प्रौद्योगिकी और सैन्य शक्ति को चुनौती देने के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता का एहसास किया। आईसीईटी ने आपसी हितों के कई क्षेत्रों के तहत कई परिणाम-संचालित द्विपक्षीय पहल शुरू की, जैसे नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र, रक्षा नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग, लचीला अर्धचालक आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित प्रतिभा और कौशल, और अगला-पीढ़ी दूरसंचार प्रौद्योगिकी। ये सभी क्षेत्र नए भू-राजनीतिक रणनीतिक स्थान में महत्वपूर्ण हैं। अमेरिका ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया शुरू करने के लिए जीई के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने का वादा किया है। इसमें भारी निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। यह भारत को रूस से सहायता प्राप्त रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी से धीरे-धीरे दूर करने में मदद करता है, और पश्चिमी सहयोगियों के साथ अधिक तालमेल बिठाता है। अन्य महत्वपूर्ण परिणाम भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने, 5जी और 6जी जैसी उभरती दूरसंचार प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने की वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता थी। यह काफी विकसित दूरसंचार नेटवर्क वाले दो लोकतंत्रों से एक स्पष्ट संकेत है, जो एक डोमेन में नए मानकों, प्रौद्योगिकी समाधानों को और गहरा और विकसित करने के लिए है, जिस पर वर्तमान में चीन का प्रभुत्व है।

सेमीकंडक्टर स्पेस में एक समान भाषा परिलक्षित होती है, जहां दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर के स्वदेशी विकास, डिजाइन और निर्माण के लिए व्यक्तिगत रूप से जोर देते हुए सेमीकंडक्टर पारिस्थितिक तंत्र के दीर्घकालिक विकास की दिशा में काम करने की कसम खाई है। भारत की प्रौद्योगिकी साझेदारी में दूसरा महत्वपूर्ण विकास नई भारत-यूरोपीय संघ प्रौद्योगिकी और व्यापार परिषद (टीटीसी) की स्थापना में हुआ, जो 2022 के वसंत में यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष और पीएम मोदी द्वारा की गई घोषणा के बाद हुआ। दोनों पक्षों की अनिच्छा से एक स्पष्ट प्रस्थान, यूरोपीय संघ और भारत सामान्य हित के क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, समृद्धि और कनेक्टिविटी, हरित प्रौद्योगिकियों और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित सतत विकास पर समयबद्ध तरीके से काम करने पर सहमत हुए। भारत के साथ यह टीटीसी दूसरा (अमेरिका के बाद) ऐसा मंच है जहां यूरोपीय संघ ने एक महत्वपूर्ण भागीदार के साथ एक संरचित, नियमित बातचीत की है। यूरोपीय संघ के साथ आईसीईटी और टीटीसी को एक साथ लेने पर भारत के लिए अवसरों की एक पूरी नई श्रृंखला खुलती है, ताकि वह वास्तव में अपने शताब्दी वर्ष समारोह में बड़े पैमाने पर पहुंच सके।

## आप की बात

### इस्लामवाद का खतरा

**प्राचीन** समय से ही भारत को इस्लामी राष्ट्र बनाने के प्रयास हुए। अभी भी भारत में ऐसे प्रयास निरन्तर चल रहे हैं। महाराष्ट्र एटीएस ने मुस्लिम संगठन पीएफआई के सदस्यों को पकड़कर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने मुस्लिम संगठन के दस्तावेजों के आधार पर बताया कि उनका उद्देश्य भारत को 2047 तक इस्लामिक देश बनाने का है। पिछले वर्ष एटीएस ने पीएफआई के गिरफ्तार सदस्यों के खिलाफ स्थानीय कोर्ट में पेश चार्जशीट में, भारत 2047 इस्लाम शासन की ओर, नामक दस्तावेज शामिल किया है। उनका इरादा मुस्लिम घनी आबादी में मुस्लिमों का ब्रेनवॉश कर संगठन में नई भर्ती करना, मुस्लिमों का समर्थन जुटाना, शक्ति प्रदर्शन करना, हथियारों का प्रशिक्षण लेकर हिंसा फैलाना, हिंदुओ में फूट डालना था व एससी-एसटी के बीच जाकर संविधान व अम्बेडकर का इस्तेमाल करना। इसके बाद चुनावी जीत हासिल कर आरएसएस के खिलाफ घृणा फैलाना व पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधि बन कर सत्ता में आने का इरादा था। इससे स्पष्ट है कि भारत पर इस्लामवाद का खतरा मंडरा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक व चुनावी मतभेदों से ऊपर उठ कर समुचित कार्रवाई जारी रखी जाए।

**ललित शंकर**, गाजियाबाद

### महिला-विरोधी हिंसा

**महिला** आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसारए कोविड लॉकडाउन के शुरुआती हफ्ते में ही घरेलू हिंसा की शिकायतें कई गुना बढ़ गई थीं। आज भी महिलाओं के खिलाफ होने वाली घरेलू हिंसा की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं आया है। घर के बाहर हो रही महिलाओं के प्रति हिंसा तो तत्काल सामने आ जाती है। आज भी भारतीय घरों के भीतर महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार जारी है। गांव तो गांव बड़े कस्बों शहरों तक इस मानसिकता में कोई फर्क नहीं आया है। परिवार की आर्थिक धुरी होने के चलते पुरुष अपनी इच्छानुसार परिजनों के साथ व्यवहार करता है। आज भी कई घरों में महिलाओं से मारपीट के प्रकरण सामने आते हैं। घर की इज्जत बाहर नहीं उछालने के चक्कर में यह बातें कड़वा घूंट पीकर महिलाएं रह जाती है। अब वक्त आ गया है कि परिवार के बुजुर्ग महिलाएं ही परिवार की बेटियों बहुओं को समानता का दर्जा दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाए। साथ ही लड़कों को महिलाओं के साथ सद्व्यवहार व उनको इज्जत देने की शिक्षा देनी चाहिए। घर-परिवार में महिलाओं के बढ़ते अधिकार ही उनको हिंसा से मुक्ति दिला सकते हैं।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### अदालतों पर बोझ

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूछे प्रश्न के उत्तर में कानून मंत्री किरण रिजिजू ने राज्य सभा में बताया कि सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के 2 पद और देश के उच्चन्यायालयों में 337 पद खाली हैं। साथ ही उन्होंने सरकार और कोलेजियम सिस्टम में सामंजस्य की बात भी कहीं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 69511 और 25 उच्च न्यायालयों में 59,87,477 प्रकरण लंबित हैं। देश के सर्वोच्च और उच्च न्यायालयों में लोगों के कुल मिलकर लाखों केसेस न्याय की आस में लंबित हैं। इसपर सरकार और न्यायालयों को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए साथ ही कोई ऐसा रास्ता या सिस्टम विकसित करना चाहिए ताकि प्रकरण तारीख पर तारीख में उलझने की बजाय शीघ्र निपट सकें और लोगों को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही जिला व उससे नीचे के स्तर वाली अदालतों की ढांचागत संरचना मजबूत करने तथा देश की बढ़ती जनसंख्या के अनुसार मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति भी जरूरी है। इसके अलावा तकनीक का प्रयोग कर मुकदमों के निस्तारण में तेजी लाई जानी चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**संप्रग** ने हर अवसर को आपदा में बदल दिया। विपक्ष इतना निराश है कि वह राष्ट्र निर्माण की प्रगति नहीं देख पा रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** प्रधानमंत्री के भाषण से संतुष्ट नहीं हूं। उन्होंने अडाणी धोखाधड़ी आरोप मामले में जांच कराने की कोई बात नहीं की।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





**कुछ** कमियां हैं, स्थितियां स्पष्ट हैं। ऐसी विभीषिका का पूर्वानुमान संभव नहीं है।

– **तैयब इर्दोगान**
तुर्किये के राष्ट्रपति






# उप्र भारत का उत्तम प्रदेश बनकर उभर रहा है: अंबानी

## ● 75 हजार करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वैश्विक** ख्याति के कई प्रमुख उद्यमी यूपी जीआईएस 2023 में योगी सरकार द्वारा निवेश और उद्योग जगत में सृजित नए इतिहास के साक्षी बने। प्रमुख उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर अपने अनुभव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष साझा किए। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने अगले चार वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स के इस महाकुंभ के मौके पर लखनऊ में दूसरी बार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। लखनऊ पुण्य नगरी है। लक्ष्मण की नगर है। उप्र पुण्य भूमि है प्रभु रामचंद्र की भूमि है गंगा यमुना सरस्वती के संगम की भूमि है। योगी जैसे पूरी दुनिया के लिए भारत आशा का केंद्र बन गया है वैसी ही आज नए भारत के लिए उप्र आशा का केंद्र बन गया है। नोएडा से गोरखपुर तक लोगों में जोश और उत्साह दिख रहा है। कानून-व्यवस्था की बात हो, इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात हो, इंज आफ डूइंग बिजनेस की बात उप्र भारत का उत्तम प्रदेश बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से करीब एक लाख नए रोजगार पैदा होने का अनुमान है। लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने दावा किया कि 5 वर्षों के भीतर ही उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिलायंस उत्तर प्रदेश में 10 जीडब्ल्यू की रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। कंपनी ने यूपी में बायो-गैस एनर्जी बिजनेस में उतरने की घोषणा भी की। इस पर मुकेश अंबानी ने कहा कि बायो-गैस से पर्यावरण में सुधार तो होगा ही किसानों को भी बड़ा लाभ होगा। हमारे किसान अन्नदाता तो हैं ही, अब ऊर्जादाता भी बनेंगे। मुकेश अंबानी ने कहा कि नए भारत के लिए उत्तर प्रदेश आशा का केंद्र बन गया है। हम सब साथ मिलकर भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य को भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक में बदल देंगे।

### यूपी में 25 हजार करोड़ निवेश करेगा आदित्य बिड़ला समूह



**लखनऊ।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन डॉ कुमार मंगलम बिड़ला ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के उदघाटन सत्र में कहा कि उप्र निवेशकों के लिहाज से उत्तम प्रदेश बन चुका है। आदित्य बिड़ला समूह यूपी में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। बिड़ला ने कहा कि भारत दुनिया की सर्वाधिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। जिसमें यूपी का अहम योगदान है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। यूपी में हाईवे का जाल बिछ रहा है। मेट्रो और एयरपोर्ट बन रहे हैं। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी दूसरे स्थान पर है। उन्होंने यूपी सरकार के निवेश मित्र पहल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी ने निवेश के लिए नई नीति जारी की है। पिछले तीन साल की अवधि में सितंबर 2022 तक यूपी में 1०1 बिलियन डॉलर एफडीआई आया। यह पिछले दो दशकों में सर्वाधिक है। बिड़ला ने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह यूपी में सीमेंट, मेटल, केमिकल, फाइनेंस सर्विस और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 25000 करोड़ रुपये निवेश करेगा।

### यूपी जीआईएस में आना सौभाग्य की बात: चन्द्रशेखरन



**लखनऊ।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था और मजबूत बुनियादी ढांचे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की मौजूदगी का लंबा इतिहास रहा है। आज यूपी में टाटा संस में 50000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में था विकसित हुए निवेश फ्रेंडली माहौल के बाद हम यूपी में अपनी सभी कंपनियों में भारी विस्तार कर रहे हैं। टीसीएस के माध्यम से नोएडा में हम भारी निवेश कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम नए जेवर हवाई अड्डे में ज्यूरिख के अपने भागीदारों के साथ एक एकीकृत मल्टी मोडल एयर कार्गो का निर्माण करने जा रहे हैं।

# ऊर्जा सेक्टर में सात लाख करोड़ का निवेश

## ● ऊर्जा मंत्री ने बैटरी निर्माण, सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए उद्यमियों को किया आमंत्रित




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार में प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य हुआ है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ऊर्जा के क्षेत्र में अकेले 7 लाख करोड़ का निवेश आया है। यह बात उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट थ्रू रिन्यूएबल एनर्जी पर आधारित सत्र के दौरान कही। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन विभिन्न सेक्टर के सत्रों का आयोजन हुआ। वृन्दावन योजना में आयोजित यूपी जीआईएस 2023 के दौरान वशिष्ठ हैंगर में आयोजित नवीन ऊर्जा पर आधारित सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे योगी सरकार के मंत्री एके शर्मा ने पधारे हुए सभी निवेशकों का अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि जो उद्यमी उर्जा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उन सभी का स्वागत करते हुए मैं उनसे प्रदेश की विकासयात्रा में भागीदार बनने का आह्वान करता हूँ। मानव विकास की सम्पूर्ण यात्रा ही ऊर्जा के विकास से जुड़ी है। आग जलाना सीखने के बाद से मानव सभ्यता ऊर्जा के विकासरथ पर सवार होकर वर्तमान तक पहुंची है। उन्होने भविष्य के उर्जा स्रोत और रिन्यूएबल इनर्जी की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे जैसे हमारी जरूरतें बढ़ रही हैं ऊर्जा की खपत भी बढ़ती ही जा रही है। एसीएस उर्जा महेश गुप्ता ने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के रास्ते आया निवेश और उससे स्थापित होने वाले उद्योगों की सफलता भी ऊर्जा की उपलब्धता पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया के सामने ऊर्जा को लेकर व्यापक चुनौतियां हैं। इसी के साथ ही ये काफी व्यापक सेक्टर है, जिसमे काम करने को लेकर अपार संभावनाएं भी हैं।

मंत्री एके शर्मा ने बैटरी निर्माण, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा सहित कार्बन उत्सर्जन को कम करने को लेकर भी योगी सरकार की योजनाओं पर निवेशकों को अवगत कराया। प्रदेश सरकार की नई ऊर्जा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा सेक्टर में निवेश कर रहे निवेशकों को ये भरोसा भी दिलाया कि उनकी हर जरूरत और सुविधाओं का सरकार ख्याल रखेगी। इस अवसर पर प्रदेश और भारत सरकार के अधिकारियों तथा उद्यमियों ने भी नवीन ऊर्जा को लेकर अपने विचार रखे।

# निवेश के लिए 'उत्तम राज्य' बना यूपी: केंद्रीय पर्यटन मंत्री

## ● पर्यटन नीति 2022 के सभी प्रावधान को लागू किया जाएगा: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और कल्याणकारी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए 'उत्तम प्रदेश' बन गया है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे अपार संभावनाओं और महत्वाकांक्षा वाले इस राज्य के विकास में अपना योगदान दें।

जीआईएस 23 में पर्यटन पर आयोजित सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, यूपी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पर्यटन के क्षेत्र में आधुनिक और प्रगतिशील उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक विरासत का लाभ कैसे लिया जाए इस पर पैनलिस्टों ने गहन मंथन किया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने कहा कि यूपी आने वाले दिनों में दुनिया में निवेश के लिए सबसे अच्छा राज्य होगा। यूपी सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को मैं सलाम करता हूं और इस सम्मेलन की सफलता के लिए बधाई देता हूं। पैनलिस्टों ने कहा कि यूपी भगवान का राज्य है। इस राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इसकी क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की।

वहीं राज्य के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि यूपी पर्यटन नीति 2022 में घोषित सभी प्रावधानों को लागू किया जाएगा। इसके तहत सभी सुविधाएं, सब्सिडी और प्रोत्साहन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा था। हालांकि अब तक लगभग 33 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जो बेहतर कानून व्यवस्था और डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हो रहे विकास की गवाही देते हैं।



# देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों के लिए खोला गया डाक विभाग का पवेलियन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल ने अपना एक विशेष पवेलियन हाल संख्या 5 में एच 5 पी 5 लगाया है। जिसमे डिजिटल माध्यम से तैयार की गयी वीथिका में डाक विभाग की वित्तीय लघु बचत योजनाओं, बीमा योजनाओं के साथ साथ अन्य सिटीजन सेंट्रिक सेवाओं के बारे में विस्तार से दर्शाया गया है। वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, इज ऑफ डूइंग बिजनेस और डोर स्टेप बैंकिंग की थीम को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में डाक विभाग की विशेष झांकी प्रस्तुत कर रहा है। संचार क्रांति के चलते बदले परिदृश्य में विभाग की कार्य शैली में आये बदलाव से भी लोगो को परिचित करवाया जाएगा। स दूर दराज गावों में डाकिया हैण्ड हेल्ड डिवाइस के माध्यम से लोगों को तमाम बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर उनको डिजिटल बैंकिंग से जोड़ कर वित्तीय समावेशन को गति दे रहा है। इस अवसर पर कुछ चयनित सेवाओं जैसे आधार सम्बन्धी सेवाओं ए आई पी पी बी की बैंकिंग सेवाएं और माई स्टांप आदि हेतु लाइव काउंटर की भी व्यवस्था की गयी है। आज ई कॉमर्स के आने से उद्यमियों को डिलीवरी हेतु बेहतर विकल्प प्रदान कर डाक विभाग नए व्यवसाय को आसान बना रहा है। स्टार्ट अप्स के लिए एक डिलीवरी पार्टनर के रूप में डाक विभाग किफायती दरों पर कैश आन डिलीवरी फीचर के साथ पार्सल सेवा प्रदान कर रहा है। साथ ही डाक विभाग द्वारा बृहत स्तर पर अभियान चला कर लोगों को बैंकिंग सेवा से जोड़ा जा रहा है।

### यूपी में बढ़ा है सिंगापुर के निवेशकों का भरोसा: एचई सिमोन वोंग

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को सिंगापुर की तरह सुव्यवस्थित और साफ -सुथरा बनाने के लिए सिंगापुर के साथ सहयोग करेगी। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने सिंगापुर पार्टनर कंट्री सेशन के दौरान कहा कि सिंगापुर में यूपी के लोगों की काफी संख्या है। यूं कहें कि हमारे यूपी के लोगों ने सिंगापुर को बनाया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आपको यूपी को बनाना होगा। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 15 से 19 दिसंबर के बीच जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में सिंगापुर गई टीम योगी ने 28 हजार करोड़ की लागत वाले करीब 20 एमओयू साइन किए थे। ये सभी निवेशक शुक्रवार को सेशन में भी मौजूद थे। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सिंगापुर की मुझे दो बातें सबसे ज्यादा पसंद हैं। एक वहां का वर्क कल्चर और दूसरा वहां के साफ सुथरे इलाके। हमें यूपी को भी वैसा ही बनाना है। हमने लखनऊ समेत यूपी को क्लीन बनाने का संकल्प लिया है। इसमें हमें सिंगापुर का सहयोग चाहिए। मेरी गुजारिश है कि आप एक दिन लखनऊ का भ्रमण कीजिए और फिर हमें बताइए कि इसे सिंगापुर की तरह कैसे साफ-सुथरा बनाया जा सकता है।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023

# मोदी-योगी की अगुवाई में डबल इंजन सरकार का ग्लोबल टेकऑफ

## ● आधे एमओयू भी धरातल पर उतरे तो यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनने से कोई नहीं पाएगा रोक

अभिषेक रंजन। लखनऊ



**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 32 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ मोदी-योगी की अगुवाई में डबल इंजन सरकार ने ग्लोबल टेकऑफ किया है। इन निवेश के प्रस्ताव से यूपी के अर्थतंत्र को रफ्तार तो मिलेगी। करीब 18 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू में से यदि आधे एमओयू भी धरातल पर उतर आएंगे तो यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनने से कोई नही रोक पाएगा। योगी सरकार ने भी इस सोच और परिकल्पना के साथ काम करना शुरू किया है कि वह जितने भी एमओयू हो रहे हैं उन्हें हर हाल में जमीन पर उतारा जाए। इसके लिए योगी सरकार ने यूपी के सभी प्रमुख सेक्टरों की पालिसी पहले ही घोषित कर दी है जिसे आज खुले मंच से वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है।

दरअसल अभी तक उप्र में विपक्षी दलों की सरकारों में इतने बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव नहीं आए। उसके पीछे तात्कालीन केंद्र सरकारों का रवैया रहा लेकिन अब जब यूपी और केंद्र दोनों ही जगहों पर भाजपा की सरकारें हैं तो जाहिर है कि इस डबल इंजन सरकार का लाभ प्रदेश की जनता को मिलना स्वाभाविक है। यूपी में जब उद्योग धंधे पनपेंगे तो रोजगार के साथ-साथ यहां के लोगों के रहन-सहन के स्तर में तेजी से बदलाव आएगा। इंडस्ट्रीयल कारीडोर बनने से परोक्ष और अपरोक्ष रूप से हर क्षेत्र में विकास होगा। उद्योगों को जिस प्रकार के कौशल युक्त युवाओं की आवश्यकता होगी उसे उप्र मुहैया कराएगा। यूपी में नई इंडस्ट्री लगने से विवि में भी नए पाठयक्रमों का संचालन शुरू हो रहा है। इन विवि में यूपी के साथ-साथ अन्य राज्यों के युवा भी पढने आएंगे। इसका सीधा इंडस्ट्री सेक्टर पड़ेगा ओर जो यूपी में उद्योग लगाएगा उसे विभिन्न क्षेत्रों के पारंगत युवा शक्ति के लिए कही भटकना नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला और एन चंद्रशेखर ने अपने संबोधन स्पष्ट किया कि यूपी अब निवेश का नया डिस्टीनेंशन बनकर उभर रहा है। मोदी ने उद्योगपतियों से अवाहन किया यूपी में जहां एक तरफ डबल इंजन की सरकार हैं तो दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उप्र है। इससे बेहतर साझेदारी और हो ही नहीं सकती है। यह जो समय है उसको हमे गवाना नहीं चाहिए। साफ है कि उप्र में बदले माहौल और छवि का लाभ उद्योगपतियों को अपने निवेश के जरिए उठा सकते हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि डबल इंजन की सरकार ने इस समिट के जरिए ग्लोबल टेक आफ किया है। जीएसआई में देश के कई उद्यमियों ने खुलकर कहा कि अब यूपी भी गुजरात की तरह उद्योग और सहयोग की राह पर निकल पड़ा है। यूपी की बदली छवि से निवेशकों को आत्मबल मिला है कि अब उनका निवेश सुरक्षित है।

उप्र में समिट के जरिए आए 32 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव से पहले सरकार ने काफी होमवर्क किया जिसमें देश-विदेश में योगी सरकार के मंत्रिमंडल सदस्यों और प्रमुख अधिकारियों ने रोड शो किया। देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियों में भी इस प्रकार के रोड शो आयोजित किए गए और उन्हें यूपी की बदली छवि और नई परस्पर सहयोगात्क नीतियों के बारे में बताया गया। योगी सरकार में बीते पांच साल से अधिक के कार्यकाल में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। चाहे एक्सप्रेसवेज की बात हो या फिर डाटा सेंटर, हर क्षेत्र में सरकार अपनी फ्रेंडली नीतियों के जरिए उद्यमियों को आकर्षित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संबोधन में यूपी के विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उप्र में डेरी, फिशरीज, एग्रीकल्चर फूड फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में अनेक संभावनाएं हैं। फल और सब्जियों को लेकर उत्तर प्रदेश में बहुत विविधता है। यह एक ऐसा सेक्टर है जिसमें अभी भी प्राइवेट सेक्टर की हिस्सेदारी बहुत सीमित है। उन्होंने बताया कि फूड प्रोसेसिंग के लिए प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव स्कीम लाई गई। इसका लाभ जरूर उठाना चाहिए। योगी सरकार भी केंद्र सरकार के बजट की ही तरह इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काफी जोर दे रही है। आगामी 20 फरवरी को योगी सरकार अपना बजट सदन में प्रस्तुत करेगी। माना जा रहा है कि इस बजट में सरकार निवेशकों को सहूलियतें देने के साथ-साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी जोर देगी।

# 18 हजार करोड़ का होगा निवेश

## बरेली के आईएमए हॉल में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया



**संवाददाता।** बरेली

**आईएमए** हॉल में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उद्योगपतियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि निवेश किया गया है अभी तक 18000 करोड़ के निवेश की फाइल आ चुकी है। शासन के आदेश है कि बड़ी से बड़ी संख्या में उद्योग लगाए जाएं, निवेशकों को न्योता दिया जाए। इसलिए टूरिज्म के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है सरकार द्वारा निवेशकों को बुलाया जा रहा है । बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए उत्साहित हैं । हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले और सरकार के निर्देशानुसार निवेशकों का व्यापार सुरक्षित रहे। डीआईजी / एसएसपी अखिलेश कुमार चौरसिया ने बताया प्रदेश सरकार की ओर से 12 फरवरी तक इन्वेस्टर्स महाकुंभ का आयोजन किया गया है। बरेली में अधिक से अधिक संख्या में इन्वेस्टर्स उद्योग लगा रहे हैं। इससे बरेली का कायाकल्प होगा, लोगों को रोजगार मिलेगा और पुलिस प्रशासन पूर्ण सुरक्षा उद्यमियों को देगा। हॉल में यूपी इन्वेस्टर समिट के कार्यक्रम में विभिन्न उद्योग अपने-अपने स्टॉल लगाएं और अपने अपने प्रोडक्ट की जानकारी दें इस अवसर पर बड़ी संख्या में विधानसभा के विधायक डीसी वर्मा , विधायक डॉ एम पी आर्या , विधायक डॉ राघवेन्द्र शर्मा , सांसद भाजपा कार्यकर्ता मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त निधि गुप्ता , जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एसएससी अखिलेश कुमार चौरसिया , कमिश्नर संयुक्ता समददार और उद्योगपति अभिनव अग्रवाल , दिनेश गोयल , अजय शुक्ला , मयूर धीररानी , रजत मेहरोत्रा , रन विजय सिंह पंजाब नेशनल बैंक डिप्टी सर्किल हैड ,राजीव जी स्टेट बैंक सहायक महाप्रबंधक शामिल थे।

# सुरक्षा व्यवस्था के लिए कप्तान ने किया पैदल मार्च

**संवाददाता।** सीतापुर

**गुरुवार** की देर शाम सीतापुर के एसपी घुले सुशील चंद्रभान सिधौली की सड़कों पर उतरे तो कौतूहल मच गया। वजह थी कि उनके साथ पूरा पुलिस का अमला था। एकाएक भारी पुलिस को देखकर लोगों में इसकी वजह जानने को लेकर उत्सकुता बढ़ गई। वहीं, कुछ लोगों में अफरा-तफरी भी मच गई। बहुत से लोग पुलिस को देखकर किनारा करते दिखे। पूरा मामला जानने के बाद लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। दरअसल, 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होना तय है। इसको लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खासकर अटरिया, सिधौली में पुलिस ने ज्यादा फोकस किया है। वजह, यह दोनों इलाके लखनऊ से सटे हुए हैं। इसलिए इसको लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है।

# विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर हो गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध क्रियान्वयन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शुक्रवार** शाम प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता वाले 37 प्रारूपों की वृहद समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीएसटीओ सूर्य प्रकाश ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं।

विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी



निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए, अद्यतन रिपोर्ट डीएसटीओ के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। समीक्षा के दौरान प्रभारी डीएम ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए अभियान चलाकर श्रमिक पंजीयन के नवीनीकरण को बढ़ाया जाए, इसका नियमित अनुश्रवण, पर्यवेक्षण किया जाए।

उन्होंने विभिन्न सरकारी पेंशन योजनाओं के आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा की। बैठक में प्र. डीएम अनिल कुमार सिंह ने पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, ग्राम निधि भुगतान, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सीएम नारी सम्मान योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। विकास कार्यों की जारी गत माह की विकासवार रैंकिंग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष व्यय में श्रेणी डी, श्रमिक पंजीकरण नवीनीकरण, पीएम जनआरोग्य योजना में गोल्डन कार्ड में श्रेणी सी व परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीकाकरण में श्रेणी बी में होने का कारण संबंधित अफसरों से जाना, एवं प्रगति बढ़ाते हुए श्रेणी में सुधार के निर्देश दिए।

# भुगतान में सुस्त गन्ना खरीदने में मस्त चीनी मिल प्रबंधन

**गोला** गोकर्णनाथ-खीरी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन 1 माह 8 दिनों से गन्ना विकास समिति गोला में निरंतर चल रहा है। संगठन द्वारा अनेकों उपाय करने के बावजूद मात्र 20 फरवरी तक का भुगतान हुआ है। चीनी मिल गन्ना खरीदने के लिए संसाधनों और यार्ड व्यवस्था कम होने के बावजूद गन्ना लाने के लिए किसानों को मैसेज पर मैसेज भेज रही, जिसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं। गन्ना सेंटर इंदिरा नगर, बुधरपुर, जटपुरा, पहाड़पुर पर किसान 2 दिनों से अपने वाहनों में गन्ना भरे हुए खड़े हुए हैं। ट्रक नहीं मिल पा रहे। दूसरी तरफ चीनी मिल में याद व्यवस्था कम होने के कारण शाम को रोड पर जाम लग जाता है चीनी मिल प्रबंधन जल्दबाजी में ज्यादा इंडेंट दे रहा है और भुगतान की तरफ उसका कोई ध्यान नहीं है। मंशा है कि चीनी मिल क्षेत्र का गन्ना बाहर न जाने पाए और किसानों को कम भुगतान में ही चीनी मिल का कार्य चलता रहे जब पिछले वर्ष का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है।

# करोड़ों के निवेश से हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

## ● खीरी के उद्यमियों में खासा उत्साह, 15 सेक्टर में 1995.02 करोड़ के हुए 83 प्रस्ताव

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कलेक्ट्रेट** में शुक्रवार की सुबह 10 बजे से 10-12 फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के परिप्रेक्ष्य में जनपद स्तरीय निवेश कुंभ का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें यूपीजीआईएस का उद्घाटन समारोह का सजीव प्रसारण हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह ने कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय निवेश कुंभ का शुभारंभ दीप जलाकर किया। जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों का प्रशासनिक अफसरों ने पुष्प देकर अभिनंदन किया। कलेक्ट्रेट में एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में उद्यमी, जनप्रतिनिधियों, अफसरों, कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उप्र



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। जनपद स्तरीय निवेश कुंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्र. डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी लखनऊ में आयोजित यूपीजीआईएस कार्यक्रम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के उद्बोधन को आप सबने ना केवल सुना बल्कि उनके विजन को जाना। इसे जीवन में आत्मसात करते हुए उसी रास्ते पर चलकर जिले, प्रदेश एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। आज के कार्यक्रम की प्रासंगिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि खीरी में यूपीजीआईएस को लेकर उद्यमियों में खासा उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। यूपीजीआईएस के परिपेक्ष में जनपद से 1995.02 करोड़ के कुल 83 प्रस्ताव 15 सेक्टरों में निवेश के लिए प्राप्त हुए। यह निवेश जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने निवेशक उद्यमियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, अन्य उद्यमियों को भी खीरी में निवेश के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित किया। यूपी जीआईएस में हुए निवेश से खीरी को विकास के न केवल पंख लगेंगे, बल्कि करोड़ों के निवेश से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि आज उप्र देश की प्रगति का ग्रोथ इंजन बन गया है। उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (वैश्विक निवेशक महाकुंभ) में सभी निवेशकों का स्वागत, अभिनंदन है। आज यूपी एक आशा.. एक उम्मीद बन चुका है। उन्होंने यूपीजीआईएस में ग्लोबल बिजनेस लीडर्स की सहभागिता, निवेश फ्रेंडली नीतियां, सिंगल विंडो पोर्टल, इन्वेस्ट यूपी-2.0, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सहित कई महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स का जिक्र किया। उन्होंने यूपी में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां, चीनी उत्पादन में प्रथम स्थान, एक्सप्रेस प्रदेश, 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 05 शहरों में मेट्रो सेवा संचालित, 05 शहरों में प्रक्रियाधीन, निवेश का सुरक्षित परिवेश, एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज जैसे अनेकानेक सरकार के महत्वपूर्णए महत्वाकांक्षी विकास के प्रोजेक्ट क्रियान्वित हैं।

# जर्जर गोबरहिया पुल के निर्माण को मिली मंजूरी

**सीतापुर**। आखिरकार सीतापुर के तंबौर मार्ग पर स्थित गोबरहिया पुल को लेकर लंबे समय से चल रही बड़ी समस्या अब जल्द दूर होने वाली है। इस मुद्दे को आपका पसंदीदा आई इंडिया लगातार उठा रहा था। उधर, सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा भी इस समस्या से बाशिंदों को निजात दिलाने के लिए प्रयासरत थे। कई बार उन्होंने इस दुश्वारी से निजाते दिलाने की गुजारिश की। नतीजतन, योगी सरकार ने उनके प्रयासों को सफल बनाते हुए पुल के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है, जो जिले के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए निविदा जारी कर दी है। उम्मीद है कि अब जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा। आइए आपको बताते हैं कि गोबरहिया पुल को लेकर लोगों को हो रही दुश्वारियों के साथ अब निर्माण की मंजूरी मिलने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## क्विक न्यूज

### इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सतर्क रही सीतापुर पुलिस

**सीतापुर।** लखनऊ में शुक्रवार से आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सीतापुर की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए आईजी लखनऊ तरुण गाबा जिले में पहुंचे। आईजी ने कई स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अफसरों को कड़ी चौकसी बरतने के आदेश दिए। वह पूरे दिन जिले में ही भ्रमण करते रहे। देर शाम लखनऊ को रवाना हो गए। शुक्रवार की सुबह 10 बजे आईजी तरुण गाबा सीतापुर के अटरिया पहुंचे। इसके बाद सिधौली पहुंचे, जहां पर महमूदाबाद, बिसवां चौराहे पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इसके बाद आईजी सीतापुर के रास्ते महोली, नेरी पहुंचे। यहां भी उन्होंने पुलिस की चौकसी को परखा। बताते हैं कि नेरी से आईजी पिसावां के रास्ते मिश्रिख, नैमिषारण्य गए। यहां कुछ देर तक आईजी रुके, फिर लखनऊ को रवाना हो गए। इस दरम्यान सीतापुर के एसपी घुले सुशील चंद्रभान, एएसपी साउथ एनपी सिंह, एएसपी नार्थ डॉ. राजीव दीक्षित समेत संबंधित सर्किल ऑफिसर भी मौजूद रहे।

### कीचड़ में फैले करंट से युवक झुलसा

**बरेली।** काम से घर लौट रहा युवक घर से कुछ ही दूरी पर कीचड़ में फैले करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक महमूद निवासी नफीस के 26 वर्षीय बेटे हाफिज को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके घर वालों ने बताया कि हाफिज एक दुकान पर फर्नीचर का काम करता है और कल शाम को दुकान बंद करने के बाद वह पैदल ही अपने घर वापस लौट रहा था। उसके घर से कुछ पहले ही सड़क किनारे जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर से जमीन पर फैली कीचड़ में करंट उतर रहा था । जैसे ही हफीज उसके पास से गुजरा करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा और बुरी तरह झुलस गया । मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचा लिया और घरवालों को सूचना दी। घर वाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### लाखों के मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने लाखों के मादक पदार्थों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से बंदूक भी बरामद हुई। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। भमोरा थाना क्षेत्र के गांव देवचरा निवासी मोनू उर्फ मुकेश गुप्ता पुत्र ओंकार नाथ गुप्ता को पुलिस ने आज हरहरपुर स्थित मोटरसाइकिल एजेंसी से रामनगर जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम अफीम और 200 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके अलावा मोनू के पास से पुलिस ने एक पोनिया बंदूक व चार कारतूस भी बरामद किए गए। बरामद किए गए मादक पदार्थ की कीमत 300000 रुपए बताई जाती है। पुलिस ने गिरफ्तार मोनू को जेल भेजा।

### निरीक्षण में दो वाहनों को क्रय केंद्र से बाहर निकाला

**निघासन-खीरी।** बेलरायां चीनी मिल अंतर्गत दो गन्ना सेंटरों का औचक निरीक्षण गन्ना सुपरवाइजर देवेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस सुपरवाइजर ने वहां कई गन्ना लदे वाहनों को चेक किया, खराब गन्ना देखकर सुपर वाइजर



भड़क गए और उन्होंने साफ सफाई विहीन दो वाहनों को क्रय केंद्र से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने बेलरायां चीनी मिल से जुड़े किसानों से मिल की भलाई के लिए सुधर जाने की हिदायत देते हुए गन्ना सेंटरों पर खराब गन्ना न लाने की ताकीद की। सुपरवाइजर ने किसानों को समझाते हुए कहा कि अगर आप लोग गन्ना सेंटरों पर खराब गन्ने की आपूर्ति करेंगे तो मिल घाटे में चली जाएगी और आपको समय से गन्ने का पेमेंट भी नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग साफसुथरा गन्ना लाएं इसी में आपकी और चीनी मिल की भलाई है। गन्ना सुपरवाइजर ने आगे कहा कि इस बार गन्ना बहुत तेजी के साथ सूख रहा है और रोग ग्रस्त भी है। इसलिए सभी किसान मिल द्वारा बताई गई नई प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें। इसके बाद गन्ना सुपरवाइजर ने गन्ना सेंटर झंडी की जांच की और वहां मौजूद स्टाफ को खराब गन्ना लाने वालों पर विशेष नजर रखने की हिदायत दी।

# सीतापुर में भी समिट को लेकर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

**संवाददाता।** सीतापुर

**लखनऊ** में 10 से 12 फरवरी तक होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर यूपी के सीतापुर में भी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन तीन दिनों तक जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। नेशनल हाई वे से लेकर हाईवे की सड़कों पर सुरक्षा चौकस रहेगी।

इस समिट में आने वाले मेहमानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा खयाल रखा जा रहा है। समिट में आने वाले मेहमान अगर सीतापुर की ओर रुख करते हैं तो उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। गुरुवार को सीतापुर के एएसपी साउथ एनपी सिंह, एएसपी नार्थ डॉ. राजीव दीक्षित ने थानों पर मातहतों के साथ बैठक कर ब्रीफिंग की और बेहतर पुलिसिंग करने के टिप्स दिए हैं। दरअसल, योगी सरकार की ओर 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कई देशों के लोग शामिल हो रहे हैं। समिट को लेकर लखनऊ में भव्य तैयारियां हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आएंगे। बताया जा रहा है कि समिट में आने वाले कई बड़े उद्योगपति जो सरकार के मेहमान बनकर आ रहे हैं वह राजधानी से सटे सीतापुर जिले में भी आ सकते हैं।

लखीमपुर भी जा सकते हैं। सीतापुर के नैमिषारण्य, लखीमपुर के दुधवा नेशनल पार्क जा सकते हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर सीतापुर का पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गुरुवार को जिले के एएसपी नार्थ ने कोतवाली देहात, हरगांव, थाना खैराबाद स्थित टोल प्लाजा खैराबाद पर बैठक कर मातहतों को पुलिसिंग के टिप्स दिए।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता।** बरेली

**उद्यान** एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन आज कृषि विज्ञान केन्द्र, आईवीआरआई के सभागार में सम्पन्न हुआ। वैज्ञानिक उद्यान डॉ रजीत सिंह ने कृषकों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ड्रिप /स्प्रिंकलर/ रेनगन की उपयोगिता के संदर्भ में जानकारी दी तथा उनको इस प्रणाली के द्वारा जल संरक्षण के लाभ भी बताये। डॉ वानी यादव ने कृषकों को कृषि के क्षेत्र में अपना योगदान देकर अपनी आय बढ़ाये जाने के बारे में बताया। इंजीनियर जय किशोर शर्मा ने ड्रिप सिंचाई पद्धतियों का प्रदर्शन कृषकों को दिखाया एवं सिंचाई संयत्रों के अच्छे से रख-रखाव के बारे में बताया।

# 6220 करोड़ के एमओयू किए गए

## शाहजहांपुर में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने निवेशकों का जताया आभार

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी द्वारा 03 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का सजीव प्रसार जनपद के होटल ग्राण्ड आर्क में किया गया। जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम के दौरान कुल 168 उद्यमियों द्वारा 6220 करोड़ के एमओयू किये गये जिससे संभावित 10798 से अधिक लोगो को रोजगार मिल सकेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जनपद में निवेश करने वाले सभी उद्यमियों को बधाई



एवं शुभकामनाएं देते हुये आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उद्यमियों की सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा।

उन्होने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा निवेश को बढ़ाए जाने के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जनपद स्तर पर कई बैठकों का आयोजन कर उद्यमियों को निवेश के लिये प्रोत्साहित किया गया हैए जिसके परिणामस्वरूप लक्ष्य से कई गुना अधिक निवेश सम्भव हो सका है। उन्होने कहा कि इससे जनपदवासियों के लिये बेहतर रोजगार के मार्ग प्रशस्त होगें। जिलाधिकारी ने सफल आयोजन हेतु सभी उद्यमियोंए मुख्य विकास अधिकारी एवं उद्योग विभाग की पूरी टीम की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि यह उद्यमियों के विश्वासए समय और धन तीनों का जनपद के लिये निवेश है। उन्होने सभी निवेशकों का स्वागत करते हुये निवेश सेक्टर से जुड़े सभी लोगो को सहयोग के लिये धन्यवाद भी किया। उन्होने कहा कि कोई भी निवेश छोटा या बढ़ा नही होता है, उद्यमशीलता एक प्रकृति है। प्रत्येक निवेशक महत्वपूर्ण है इसलिये जनपद में निवेश हेतु सभी का स्वागत है। उन्होने नये निवेशकों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि यह कार्यक्रम पूरे फरवरी भर खुला रहेगा।

# पेज एक का शेष

## भारत के...

कोई यूपी से अपनी उम्मीदें छोड़ चुका था लेकिन सिर्फ पांच-छह साल के भीतर यूपी ने अपनी एक नई पहचान स्थापित कर ली है और डंके की चोट पर स्थापित कर ली है। अब यूपी को सुशासन से और गुड गवर्नेंस से पहचाना जा रहा है। अब यूपी की पहचान बेहतर कानून व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए है। अब यहां वेल्थ क्रिएटर्स के लिए नित नए अवसर बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए उत्तर प्रदेश की जो पहल है उसके परिणाम नजर आ रहे हैं। बिजली से लेकर कनेक्टिविटी तक हर क्षेत्र में सुधार आया है। बहुत जल्द यूपी देश के उस इकलौते राज्य के तौर पर भी जाना जाएगा जहां पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से यूपी सीधे समुद्र से जुड़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र के पोर्ट से कनेक्ट होता जा रहा है। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक और विषय पर बहुत प्रशंसनीय काम हुआ है। यह काम एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट से जुड़ा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि, अटल बिहारी वाजपेयी हेल्थ यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी, मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऐसे अनेक संस्थान अलग-अलग स्किल्स के लिए युवाओं को तैयार करेंगे। स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत अभी तक यूपी के 16 लाख से अधिक युवाओं को अलग-अलग स्किल्स में प्रशिक्षित किया गया है।

## यूपी में...

विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में कपड़ा विकसित किए जा रहे हैं। तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उदघाटन सत्र में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल, अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति के उत्साहजनक माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने सभी को उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया। खास मौके पर मुख्यमंत्री ने बीते छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में व्यापक बदलाव की यात्रा को साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 25 सेक्टोरल नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपनी परिवेश को औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाया है। निवेशकों की सुविधा के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर करने एवं उनके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए निवेश सारथी ऑनलाइन प्रणाली है।

## यमुना एक्सप्रेसवे...

भारत के साथ लंबे समय से चली आ रही साझेदारी का उल्लेख किया जब ज्यूरिख हवाई अड्डे ने दो दशक पहले बेंगलुरु हवाई अड्डे के विकास में सहयोग किया था और वर्तमान में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास कर रहा है। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे के साथ नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीधे सड़क-संपर्क को रेखांकित किया।

## अर्थव्यवस्था की...

रहे। उन्होंने कहा कि जहां तक राज्यों को धन के हस्तांतरण की बात है, उसमें कर में केंद्रीय हिस्से के रूप में, केंद्र पोषित योजनाओं सहित अन्य मद में वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान में 17.98 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव है, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान की तुलना में 1.55 लाख करोड़ रुपए अधिक है। पूंजीगत व्यय मद में 10 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव है जो पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के दौरान वर्ष 2013-14 में 2.91 लाख करोड़ रुपए था। सीतारमण ने बताया कि इसके अलावा राज्यों को 15 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की गई है। सीतारमण ने खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी में कटौती करने के विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि खाद आयात पर अतिरिक्त खर्च पहले भी किसान पर नहीं डाला गया और इस साल भी किसानों पर नहीं डाला जा रहा।

## निवेशकों के...

था। संभवत: इसकी जांच सेबी भी कर रहा है। कृपया अपने अधिकारियों को भी बताएं कि हम किसी संदिग्ध व्यक्ति की तलाश करने की योजना नहीं बना रहे हैं। अदालत ने कहा कि हम कैसे सुनिश्चित करें कि भविष्य में हमारे पास मजबूत तंत्र है? क्योंकि आज पूंजी भारत से निर्बाध रूप से आ-जा रही है। हम भविष्य में कैसे सुनिश्चित करें कि भारतीय निवेशक सुरक्षित हैं? हर कोई अब बाजार में है। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि जनहित याचिकाओं में कहा गया है कि नुकसान 10 लाख करोड़ से ज्यादा का है। हम कैसे सुनिश्चित करेंगे कि निवेशक सुरक्षित हैं? हम कैसे सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में यह नहीं होगा? हम सेबी के लिए किस भूमिका की परिकल्पना करते हैं? उदाहरण के लिए, एक अलग संदर्भ में, आपके पास सर्किट ब्रेकर हैं। पीठ ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए मजबूत नियामक तंत्र को लागू करने के अलावा, क्षेत्र के विशेषज्ञों और अन्य लोगों की एक समिति बनाने का सुझाव दिया।

## सुप्रीम कोर्ट...

अधिकतम संख्या है। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा 31 जनवरी को उनके नामों की सिफारिश की गई थी। केंद्रीय कानून मंत्रालय के तहत न्याय विभाग ने उनकी नियुक्तियों के संबंध में अलग से अधिसूचना जारी की है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक प्रस्ताव के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में कॉलेजियम के सभी छह सदस्य न्यायमूर्ति बिंदल के नाम पर सर्वसम्मति से सहमत थे, लेकिन न्यायमूर्ति के एम जोसेफ को न्यायमूर्ति कुमार के नाम पर आपत्ति थी। इन न्यायाधीशों के शामिल होने के बाद न्यायमूर्ति प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति सोनिया गिरिधर गोकानी को क्रमश: इलाहाबाद और गुजरात उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा। दोनों अपने-अपने उच्च न्यायालयों में वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। 16 अप्रैल, 1961 को जन्मे न्यायमूर्ति बिंदल इस साल अप्रैल में 62 साल की उम्र पूरी होने पर सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत होने के बाद वह तीन और साल तक कार्य करेंगे।

## इस्लामिक स्टेट...

जिक्र करते हुए कहा, दाएश का नई और उभरती प्रौद्योगिकियां का इस्तेमाल करना चिंता का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। वोरोन्कोव ने कहा कि इस्लामिक स्टेट और उसके सहयोगियों से उच्च जोखिम का खतरा कायम है, जिसमें अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उसका निरंतर विस्तार शामिल है। यह इससे निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जो न केवल सुरक्षा पर, बल्कि संघर्षों को रोकने के उपायों पर भी केंद्रित हो। इस्लामिक स्टेट ने सीरिया और इराक में एक बड़े क्षेत्र में विद्रोह छेड़ दिया था, जहां उसने 2014 में कब्जा कर लिया था। तीन साल के खूनी संघर्ष के बाद 2017 में चरमपंथी समूह को औपचारिक रूप से इराक में पराजित किया गया। इस संघर्ष में कई हजार लोग मारे गए थे और कई शहर बर्बाद हो गए थे, लेकिन इसके स्लीपर सेल दोनों देशों में बने हुए हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब 65,600 संदिग्ध इस्लामिक स्टेट के सदस्य और उनके परिवार अब भी अमेरिकी सहयोगी कुर्द समूहों के द्वारा संचालित पूर्वोत्तर सीरिया के शिविरों और जेलों में बंद हैं।

## भारत में...

है और इसमें कोई दम नहीं है, तदनुसार इसे खारिज किया जाता है। सुनवाई की शुरुआत में ही न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, यह पूरी तरह से गलत विचार है और इसमें कोई दम नहीं है। आप इस पर बहस भी कैसे कर सकते हैं। मेरा मानना है कि यह (याचिका)गलत है।

## एच-1बी व...

प्रारंभ होने की संभावना है। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को कुछ खास व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है। यह वीजा तीन साल के लिए जारी किया जाता है। भारत और चीन की आइटी कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। वहीं, एल-1ए और एल-1बी वीजा के तहत कंपनियों को कर्मचारियों को कम से कम एक साल के लिए अमेरिका भेजने की अनुमति होती है।

## कोविड के...

के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में टीम ने निवासियों के स्वास्थ्य आंकड़े एकत्र किए और हृदय रोग, पल्मोनरी एम्बोलिज्म और थ्रॉम्बोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का विश्लेषण किया। पल्मोनरी एम्बोलिज्म फेफड़े में एक रक्त का थक्का होता है और यह स्थिति तब पैदा होती है जब शरीर के किसी अन्य हिस्से में एक थक्का, जैसे हाथ या पैर, रक्तप्रवाह से होकर फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में जमा हो जाता है। बोलोग्ना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर लैंबर्टो मंजोली ने कहा, अध्ययन के नतीजों से स्पष्ट है कि टीका लगवाने वालों में गंभीर बीमारियों का कोई खतरा नहीं था। विश्लेषण से इस बात की भी पुष्टि हुई कि कोविड-19 से संक्रमित होने वाले जिन लोगों ने टीका लगवाया था, वे उन लोगों की तुलना में अधिक सुरक्षित थे जिन्होंने टीका नहीं लगवाया था।

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पूरा होगा यूपी का सपना



संवाददाता। चित्रकूट

10 से 12 फरवरी तक चलने वाला ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस समिट में देश के कई केन्द्रीय मंत्री सहित देश-विदेश की उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने भजन संध्या भवन सीतापुर स्थित हाल में जनपद स्तरीय निवेश कुंभ का शुभारंभ दीप जलाकर किए व जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों का पुष्प देकर अभिनंदन किया। भजन संध्या भवन में लगी एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में उद्यमी, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कालेज के छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। जनपद चित्रकूट के भजन संध्या हाल सीतापुर में जनपद के उद्यमियों द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा किए गए लाइव प्रसारण देखें व संबोधन को सुने। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि जिले में पर्यटन की दृष्टि से विद्यमान धार्मिक तथा पौराणिक महत्व के पर्यटन स्थलों के साथ ही ईकोटूरिज्म से संबंधित सबरी

**● इकोटूरिज्म का हब बनेगा बुंदेलखंड का पौराणिक तीर्थ चित्रकूट- अभिषेक आनंद**

वाटरफॉल, रानीपुर टाइगर रिजर्व भी विकसित हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा कुछ समय पहले ही चित्रकूट में रानीपुर टाइगर रिजर्व की स्वीकृति दी गई है यहां पर पर्यटक व सैलानियों का आवागमन काफी संख्या में होता है। यहां पर होटल, रिसोर्ट आदि की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 184 उद्यमियों के लगभग 34640 करोड़ के ऑनलाइन एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। जिससे जिले के प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 76145 रोजगार सृजन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रमुख कंपनियां उद्यमियों द्वारा सनातन धर्म होली सिटी दो हजार करोड़ हाउसिंग एंड टाउनशिप सेक्टर में, मैसर्स टस्को लिमिटेड 4700 करोड़ सोलर एनर्जी सेक्टर में, में मार्बल रॉक्स वीसीसी फंड सिंगापुर 54 सौ करोड़ इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोचिप्स सेक्टर में, में एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड 2000 करोड़ सोलर एनर्जी सेक्टर में, में वरुण बेवरेज लिमिटेड 496 करोड़ पेय पदार्थों (फ्रूट जूस) सेक्टर में, में एमविएम मोटर 25 करोड़ ई-रिक्शा सीएलसी बिक्स एवं बायोकोल सेक्टर में, में श्याम कृपा गौधन समिति 25 करोड़ बायो सीएनजी सेक्टर में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र से उद्योग के लिए साढ़े चार लाख करोड़ प्रस्ताव मिले हैं।

## फाइलेरिया जागरूकता रैली को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने हरी झंडी दिखाई

**कालपी,** जालौन। तहसील परिसर में स्वास्थ्य कर्मचारी, स्कूली बच्चों ने फाइलेरिया की दवा प्रत्येक व्यक्ति को खाने के लिए जन जागरण किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए, जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश डोर टू डोर दवा खिलाकर सभी को जागरूक करना चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने बताया सरकार के द्वारा 10 से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन जागरूक रैली में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर 1 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार तहसीलदार सुशील कुमार नायब तहसीलदार और अन्य कर्मचारियों ने फाइलेरिया की दवा खाई।

# कृषक दल को डीएम व विधायक ने झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। फतेहपुर



**सबमिशन** आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण व भ्रमण कार्यक्रम के तहत 46 किसानों को प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के सत्यापन में करनाल व कुरुक्षेत्र (हरियाणा) स्थित कृषि संस्थानों में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन की तकनीकी जानकारी हेतु कृषकों के दल को विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी श्रुति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गुरूकुल विश्वविद्यालय के फार्म में हो रही देशी आधारित प्राकृतिक खेती का भ्रमण करेंगे। वहां पर जीवामृत, घनजीवामृत तथा दशपर्णी अर्क के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्म जीवों तथा कार्बन प्रतिशत में वृद्धि हुयी जिससे गुणवत्ता युक्त उत्पादन फसल एवं सब्जियों का उत्पादन हो रहा है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभप्रद है। इसके साथ ही करनाल स्थित कृषि एवं डेयरी व मृदा संस्थान एवं फिश फार्मिंग में तकनीकी जानकारी मिलेगी।

उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने बताया कि करनाल में भारतीय गेंहू व जौ अनुसंधान संस्थान में गेहूं व जौ की उन्नतिशील प्रजातियों की जानकारी के साथ ही फसल सुरक्षा एवं उत्पादकता वृद्धि एवं इनके मूल्य संवर्धन से प्रमुख उत्पाद बनाने की जानकारी मिलेगी। इसी के साथ ही केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में मृदा सुधार एवं मृदा उर्वरता वृद्धि की जानकारी मिलेगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 नवल किशोर सचान ने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में अच्छी नस्लों की देशी गाय व भैंस की जानकारी तथा दुग्ध उत्पादन वृद्धि हेतु उचित पोषाहार के साथ ही पशुओं में रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण के साथ ही दुग्ध के प्रसंस्करण बनाये जाने वाले विभिन्न उत्पादों की जानकारी मिलने के साथ ही डेयरी फार्म एवं प्रसंस्करण इकाई प्रत्यक्ष देखने को भी मिलेगा। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि ग्राम बुटाना, करनाल में प्रगतिशील मत्स्य पालक सुल्तान सिंह के मत्स्य फार्म एवं ट्रेनिंग सेन्टर में मत्स्य बीज उत्पादन के साथ ही तालाब में मत्स्य पालन हेतु समुचित जानकारी प्राप्त होगी।

# डॉ. राखी जैन को मिली विद्यावाचस्पति पीएचडी की उपाधि



**कालपी,** जालौन। कालपी कॉलेज कालपी के शोध निदेशक डॉ धर्मेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में जैन धर्म के प्रतिपादित भूगोल का आधुनिक भूगोल के साथ तुलनात्मक विषय पर डॉ. राखी जैन को महामहिम कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा विद्यावाचस्पति पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी का संस्कृत अध्ययन शोध केंद्र लगभग 15 वर्षों से निरंतर संस्कृत विषय में नवीन अनुसंधान कार शोधार्थियों के माध्यम से करा रहा है। संस्कृत के क्षेत्र में नूतन आयामों पर अनेक विद्यार्थी अनुसंधान कार्य में संलग्न है। इसी क्रम में डा राखी जैन को शोध पूरा होने पर पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई है। शोध निदेशक डॉ धर्मेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी इस अध्ययन केंद्र से लगभग हर शोधार्थी उपाधि प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में सेवा प्रदान करके राष्ट्र की मुख्यधारा में अपना योगदान दे रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सूर्य नारायण सिंह ने सभी शोधार्थियों से आवान किया है कि संस्कृत के उत्थान एवं विकास के लिए तत्पर रहें। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. सुधा गुप्ता डॉ. सोम चौहान डॉक्टर कीर्ति पुरवार, डॉ. चंद्रभान सिंह डॉ. मधु प्रभा त्रिपाठी डॉ. राधा रानी श्रीवास्तव डॉक्टर शैलेंद्र शेखर वशिष्ठ, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज कालपी की प्रधानाचार्या नुजहत जहां आदि शिक्षाविदों ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दीं।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से महिला की मौत, बेटा घायल

**घाटमपुर।** घाटमपुर के परास चौराहे पर अनियंत्रित कार बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी थी, हादसे में मां बेटे घायल हुए थे, जिन्हे सीएचसी घाटमपुर से प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान मां की मौत हो गई वही बेटे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने मां के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर जिले के निकौटा बिंदकी निवासी 45 वर्षीय सीमा देवी अपने पिता घाटमपुर के इटर्रा गांव निवासी बग्गर के यहां पर घर में रहती थी। आगामी 22 फरवरी को उनकी बेटी लक्ष्मी की शादी के लिए वह गुरुवार को नौरंगा कस्बा स्थित सदर बाजार प्रांगण में सामान खरीदने गई थी। वहां से वापस लौटते समय परास चौराहे के पास पहुंचते ही अचानक जहानाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार बाइक सवार मां बेटे को टक्कर मारते हुए खाई में जा घुसी थी। हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय मां सीमा देवी अपने बेटे 19 वर्षीय रितिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# दहेज लोभी पति को दस साल की कैद, पांच हजार अर्थदंड

**फतेहपुर।** आठ साल पहले नवविवाहिता को दहेज के लोभी पति ने एक सप्ताह के भीतर ही क्रूरता की हदें पार करते हुए अपनी पत्नी को मौत की नींद सुला दिया था। शुक्रवार को दहेज हत्या के इस मामले में अपर सत्र न्यायालय/पॉक्सो एक्ट कोर्ट नंबर-2 की न्यायाधीश नित्या पांडेय ने अंतिम सुनवाई के दौरान आरोपी पति को दस साल की कैद के साथ पांच हजार रुपये का अर्थदंड देने का आदेश दिया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के बवारा गांव निवासी हरिमोहन सिंह ने 21 अप्रैल 2015 को अपनी 20 वर्षीय भतीजी मंजूषा देवी की शादी हुसैनगंज के कुलीपुर मजरे चितीसापुर निवासी राजा के पुत्र राजू यादव के साथ कि थी। शादी में हैसियत के हिसाब से जेवरात व अन्य सामानों के साथ एक लाख रुपये नगद भी दिया था। असंतुष्ट राजू अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग की। इस पर परिजनों ने असमर्थता जताई। जिसको लेकर राजू आए दिन मारपीट कर मंजूषा को प्रताड़ित करता था। 28 अप्रैल 2015 को दहेज के लोभी पति राजू ने मंजूषा को आग लगाकर मौत के आगोश में सुला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष से पहुंचे चाचा हरिमोहन ने दूसरे दिन हुसैनगंज थाने में मामले में रिपोर्ट दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। शुक्रवार को मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से दस गवाहों को पेश किया गया।

## क्विक न्यूज

### कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम में कार्यक्रमों का आयोजन




**कानपुर देहात।** कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम में आज सुशासन व पंचायतीराज के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों में रही योजनाओं की लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसौदिया, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द्र कटेरिया, जिलाधिकारी नेहा जैन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह आदि अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। वहीं कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम में आज विकास खण्ड अकबरपुर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने 'बेटी हूँ मैं बेटी मैं तारा बनूंगी गीत' पर डांस किया तथा तीन बीसी सखियों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने जनपद में सबसे अधिक ट्रांजैक्शन किया तथा कमीशन प्राप्त किया।

### विषाक्त पदार्थ खाकर युवक ने की खुदकुशी

**जालौन,** उरई। 25 वर्षीय युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर खुदकुशी की। परिजनों ने युवक की खुदकुशी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक ने खुदकुशी से पूर्व अपना मोबाइल तोड़ दिया था। इसके अलावा पुलिस ने मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी गल्ला व्यापारी विजय कुशवाहा का 25 वर्षीय छोटा पुत्र प्रकाश कुशवाहा उर्फ सार्थक शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे घूमने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह 8 बजे तक लौटकर घर नहीं पहुंचा तो घरवालों ने उसके फोन पर बात करनी चाही। लेकिन उसका फोन स्विच ऑफमिला। जिसके बाद पिता विजय व प्रकाश के बड़े भाई अभिषेक ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घर में जब बंगरा रोड स्थित दुकान की चाबी देखी गई तो दुकान की चाबी भी नहीं मिली। जिसके बाद परिजन दुकान पर पहुंचे तो दुकान अंदर से बंद थी। बगल में स्थित दूसरी दुकान के ऊपर चढ़कर जब रोशनदान से अंदर झांका गया तो प्रकाश दुकान के फर्श पर पड़ा था। जिसकी सूचना परिजनों ने कोतवाली पुलिस को दी। किसी तरह दुकान के कुंदे खुलवाकर प्रकाश को वहां से उठाकर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने किसी विषाक्त पदार्थ के सेवन से अभिषेक की मौत हो जाने बात कही।

### अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में चार घायल

**फतेहपुर।** सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गम्भीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के सुथरापुर गांव निवासी जंग बहादुर का 32 वर्षीय पुत्र गोकरन बाइक द्वारा खागा किसी काम से आ रहा था बताते है कि जैसे ही वह त्रिलोचनपुर गांव के पहुंचा तभी साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी स्व0 रामकिशोर का 50 वर्षीय पुत्र रामखेलावन बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था। तभी वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। उधर थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी मूलचन्द्र 30 वर्षीय साइकिल से बाजार जा रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। जबकि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी श्याम बाबू का 15 वर्षीय पुत्र विपिन बाइक द्वारा जा रहा था जब वह सात मील के समीप पहुंचा उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया यौन शोषण

**मौदहा,** हमीरपुर। लम्बे समय से शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शोषण करने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक चार साल पहले कानपुर नगर के मंधना निवासी मोहम्मद अतीक के साथ उसकी दोनों परिवार के लोगों की मर्जी से मंगनी हुई थी जिसमें युवती के पिता ने पचास हजार रुपए और सभी मेहमानों का स्वागत सत्कार किया था। युवती ने बताया कि मंगनी के बाद युवक ने उसके घर आना जाना शुरू कर दिया और नजदीकियां बनाकर उसके साथ जबरदस्ती यौन संबंध बनाए( युवती ने बताया कि उसके बार बार मना करने पर भी आरोपी नहीं माना और घर आकर उसके साथ सम्बंध बनाता रहा। लेकिन अब युवक शादी से इनकार कर रहा है। युवती ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबतें पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अतीक के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न के साथ ही शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

### सिद्धदोष बन्दी की उपचार के दौरान मौत

**कानपुर देहात।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अलकृता शक्ति त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया है कि अधीक्षक, जिला कारागार, कानपुर देहात द्वारा प्रेषित पत्र के द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि सिद्धदोष बन्दी मनोज कुमार यादव पुत्र श्री जगत सिंह यादव उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी ग्राम मुरीदपुर, थाना अकबरपुर, जिला कानपुर देहात की जिला चिकित्सालय अकबरपुर कानपुर देहात में दिनांक 09.02.2023 को समय लगभग 16.27 बजे मृत्यु हो गयी थी। दण्ड प्रक्रिया संहिता व अन्य विधिक प्रावधानों के आलोक में इस सम्बन्ध में श्रीमती संगीता, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं0-1, कानपुर देहात को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अपनी जाँच पूर्ण कर 10 दिन के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### अभिजीत भट्टाचार्या ने अपने गानो से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**बीजपुर/सोनभद।** एनटीपीसी रिहंद में आयोजित रिहंद महोत्सव का समापन समारोह गुरुवार की शाम को सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। 9 फरवरी को एनटीपीसी रिहंद के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रसाशनिक भवन परिसर में ध्वजा रोहण किया गया साथ ही शाम को लाइव कोन्सर्ट का भी आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य के गाने पर लोग झूम उठे एवं कोन्सर्ट का भरपूर आनंद उठाया। एनटीपीसी रिहंद का 41 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।अपने संबोधन में श्री चट्टोपाध्याय ने समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों, सहयोगी प्रतिष्ठानों तथा एनटीपीसी परिवार के सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकमनाएँ दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राम कुमार ने दीप प्रज्जवलन के साथ की गयी तथा उपस्थित लोगों द्वारा एनटीपीसी गीत भी गाया गया। एनटीपीसी रिहंद के उपलब्धियों के प्रतीक के रूप मे रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। संगीत संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए सुरों के सम्राट बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य के गाने पर लोग झूम उठे एवं कोन्सर्ट का भरपूर आनंद उठाया ।

# मेले भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ाने में रहे सहायक : गौरीशंकर

संवाददाता। जालौन, उरई




**गंगा** जमुनी तहजीब की मिसाल श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी को राष्ट्रीय मेला बनाए जाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। मेले जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति व परंपरा को आगे ले जाने में सहायक ही सिद्ध होते हैं। इसलिए इस प्रकार के आयोजनों को होते रहना चाहिए। नगर पालिका परिषद की ओर से कराया जाने वाले श्रीबाराहीं देवी मेला ऐसे ही आयोजनों का एक हिस्सा है। यह बात श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही।

नगर में प्रतिवर्ष श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। नगर पालिका परिषद की ओर से कराए जाने वाले उक्त आयोजन में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है। क्योंकि श्रीबाराहीं देवी मेला स्थल पर एक ओर प्राचीन श्रीबाराहीं देवी का मंदिर है तो वहीं उसी के सटी हुई एक मजार भी है। मेले में आने वाले लोग समान रूप से एक ओर श्रीबाराहीं देवी के दर्शन करते हैं तो वहीं मजार पर भी अकीदत के साथ सिर को झुकाते हैं। इस बार मेले को भव्य स्वरूप प्रदान करते हुए कई नए आकर्षण जोड़े गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, एसडीएम सना अख्तर, सीओ उमेश पांडेय की उपस्थिति में मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने श्रीबाराहीं देवी मंदिर पर पूजा अर्चना कर माथा टेका व पास ही स्थित मजार पर भी चादर चढ़ाई। इस दौरान डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल, आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज, आरजे कॉलेज ऑफ साइंस समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मेले जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति व परंपरा को आगे ले जाने में सहायक ही सिद्ध होते हैं। इसलिए इस प्रकार के आयोजनों को होते रहना चाहिए। नगर पालिका परिषद की ओर से कराया जाने वाले श्रीबाराहीं देवी मेला ऐसे ही आयोजनों का एक हिस्सा है। उन्होंने श्रीबाराहीं देवी मेला को राष्ट्रीय मेला बनाए जाने के लिए प्रयास किए जाने का भी आश्वासन दिया।

अंत में ईओ सीमा तोमर ने आयोजन में आए लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र पाटकार मृदुल ने किया। इस मौके पर तहसीलदार बलराम गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, राजा सिंह सेंगर, रामशरण विश्वकर्मा, संजू खत्री, आदित्य भूषण तिवारी, लक्ष्मीकांत शाक्य, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, अनीता द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वाबलम्बन योजना के तहत जनपद में 10 केन्द्र खोलने का लक्ष्य

**● 15 फरवरी तक करना होगा आवेदन**

**● आवेदकों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा**

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रशिक्षित** कृषि उद्यमी स्वाबलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) के तहत वर्ष 2022-23 जनपद कानपुर देहात में 10 केन्द्र खोले जाने के लक्ष्य प्राप्त हुये है। जिसमें 7 केन्द्र ग्रामीण तथा 3 केन्द्र शहरी क्षेत्रों में खोले जायेंगे। जनपद में निवास करने वाले कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन उद्यान, पशुपालन, वानिकी दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियों जो किसी राज्य / केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है जो आईसीएआर/ यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो इसके लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इन्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किया जायेगा उनकी आयु 40 वर्ष से अनधिक अनुसूचित जाति/जनजाति/ महिलाओं को 05 वर्ष की छूट अधिकतम पात्र अभ्यार्थियों में, जिनकी जन्म तिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जायेगी। योजना की लागत 6.00 लाख रुपए होगी इसमें 5.00 लाख रुपए ऋण बैंक से लेना होगा तथा 1.00 लाख रुपए ऋणी आवेदक द्वारा अभिदान किया जायेगा।

विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को बैंक से स्वीकृत ऋण 5.00 लाख रुपए पर रुपए 60000 अग्रिम ब्याज अनुदान की धनराशि (3 वर्ष के प्रस्तावित कार्य हेतु) अनुमन्य कराया जायेगा साथ ही प्रथम एक वर्ष लिये परिसर किराया 1000 प्रति माह की दर से 12000 एवं निवेशों पर निर्गत किये जाने वाले लाइसेन्स नि:शुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। आवेदकों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।

## सनबीम वरूणा के कनिष्ठ छात्रों ने जीता विज्ञान प्रदर्शन का खिताब

**वाराणसी।** सनबीम स्कूल वरूणा के प्रतिभावान एवं कर्मठ छात्रों ने लोटस वैली स्कूल, गुड़गॉंव में सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित 'शीर्षबिन्दु-स्पर्श' कार्यक्रम के तहत 'विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23' का खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में सनबीम स्कूल वरूणा के कक्षा 6-8 के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रासंगिक विषय 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' पर आधारित था। इस कार्यक्रम का मॉडल नाम 'मंजिल-उत्कृष्ट व्हीलचेयर' दिया गया। सी.बी.एस.ई. के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने सनबीम स्कूल वरूणा के क्षितिज कुमार सिंह एवं सैयद रेयान आलम को सम्मान एवं खिताब से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सनबीम शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. दीपक मधोक, निदेशिका श्रीमती भारती मधोक, उप-निदेशिका श्रीमती अमृता बर्मन, मानद निदेशक श्री हर्ष मधोक एवं संस्था की प्रधानाचार्या डा. अनुपमा मिश्रा ने विजेताओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया।

# आइस फैक्ट्री की जमीन मामले में स्टे

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर** के रामगंज पक्का तालाब स्थित विवादित जमीन विजय आइस फैक्ट्री पर कोर्ट ने स्टे दिया है। जमीन पर यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिए हैं। मामले में गुलाम जाफर ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की कोर्ट में वाद दायर किया था। शहर के बाकरगंज पुरानी बकरी बाजार निवासी गुलाम जाफर ने बताया कि विजय आइस फैक्ट्री की जमीन के मामले में कोर्ट में 26 जुलाई 2022 को वाद दायर किया था। जिसमे पीर मोहम्मद, नूरजहां, गुलाब, मेंहदी हसन, मो उस्मान निवासी पक्का तालाब और जहीर, मो. रफीक, मो. शफीक, मो. नफीस निवासी ज्वालागंज के अलावा क्षेत्रीय प्रबंधक उ.प्र. वित्तीय निगम को पार्टी बनाया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में हबीबउल्ला निवासी पक्का तालाब बाकरगंज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर यूपीएफसी से 4 लाख 21 हजार रुपए का लोन लेकर विजय आईस फैक्ट्री स्थापित की थी। इसमें गारंटर पार्टनर अबुल हसन, उस्मान, बुद्धुन्निशा थे। र्व 1988 में हबीब उल्ला, मोहम्मद उस्मान, व अबुल हसन का सम्पूर्ण जायदात का बंटवारा हुआ। इसमें तय हुआ कि जो भी पार्टनर फैक्टरी का लोन अदा करेगा, वही उसका मालिक होगा। गुलाम जफर ने बताया कि वर्ष 1991 में फैक्टरी पर लोन अधिक होने के कारण हबीब उल्ला व उसका पुत्र पीर मोहम्मद उसके पास आए और फैक्टरी बेचने की बात कही। लोन होने के कारण उसने फैक्ट्री संचालन का सौदा किया और इस नाते उसने 70 हजार रुपए पीर मोहम्मद को दिए और यह बात तय हुई कि जब वह कर्ज अदा हो जाएगा तो वह हबीबउल्ला फैक्ट्री का बैनामा कर देगा। गुलाम जफर के अनुसार उसने संचालन अपने हाथ में लेने के लिए सभी कागजी कार्यवाही की और समय-समय पर लोन भी अदा करता रहा और पीर मोहम्मद को समय-समय पर पैसे भी देता रहा। इस तरह उसने करीब सात लाख 74 हजार रुपए लोन अदा किया।


## तत्कालीन कोतवाल समेत पांच के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**फर्रुखाबाद।** एंटी डकैती न्यायालय ने तत्कालीन कोतवाल फतेहगढ़ समेत पांच के खिलाफ जारी किया गैर जमानती वारंट किया है। 17 फरवरी को एंटी डकैती न्यायालय ने सभी को तलब किया गया है। अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार शर्मा ने एंटी डकैती कोर्ट में तत्कालीन फतेहगढ़ कोतवाल एसएसआई दीपक कुमार,तत्कालीन कर्नलगंज चौकी इंचार्ज अनिल कुमार भदौरिया, सिपाही सुरेंद्र सिंह, नवनीत यादव के खिलाफ याचिका दायर की थी।

याचिका में सभी पर कोतवाली व चौकी में मारपीट कर लूटपाट का लगाया गया था। आरोप मामले में आरोपितों को उच्च न्यायालय से पूर्व में स्टे मिल गया था। न्यायालय ने स्टे के छह माह की अवधि बीतने के बाद सभी आरोपितों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट किया है। एंटी डकैती न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर सभी को तलब किया है।

# जिलाधिकारी ने फाइलेरिया की दवा खिलाकर किया अभियान का शुभारम्भ, दिलाई शपथ

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिलाधिकारी को एवं समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को फाइलेरिया दिवस की शपथ भी दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में 10 से 27 फरवरी तक अभियान चलाकर जो टीम गठित की गई हैं वह घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव के नए तरीके बताएंगे तथा दवा भी खिलाएंगे। जिले में 864 टीमें बनाकर 156 सुपरवाइजर लगाए गए हैं, प्रत्येक टीम में 2 सदस्यों द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर, 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली एवं 15 वर्ष आयु वर्ग से ऊपर के बच्चों को तीन गोलियां खिलाई जाएगी। गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोग से पीड़ित रोगियों को दवा का सेवन नहीं कराया जाएगा, खाली पेट किसी को दवा नहीं खिलाई जाएगी। इस दवा को खाने से कोई खतरा नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब, एडीएमओ आरके सिंह, एस एम आई रोहित ब्यास, एम आई प्रगति चंदेल, ज्योति देवी आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के लखनऊ आगमन पर भोगनीपुर में लगा लंबा जाम

**पुखरायां,** कानपुर देहात। प्रधानमंत्री के लखनऊ आगमन के मद्देनजर भोगनीपुर चौराहे में कालपी रोड व मुगल रोड में बैरिया लगा दिया गया बाहरी वाहनों को रोक लिया गया जिससे भोर पहर 4:00 बजे से समाचार लिखे जाने तक भीषण जाम लगा रहा दिनभर यात्री परेशान रहे वहीं महिलाएं बच्चे जो शादी विवाह वाह दुखद घटनाओं में अपने रिश्तेदारों के यहां जाना था जाम में फंसे रहे ना तो उनके बाहर निकल पाए और ना ही कोई साधन मिल पाए ताकि वह भोगनीपुर चौराहे से कानपुर व अन्य जगह जा सके ट्रक चार पहिया वाहन भीषण जाम में फंसे रहे भोगनीपुर चौराहे से कालपी पुल राजपुर मूसानगर तक भीषण जाम लगा रहा भारी ट्रक जिसमें कच्चा माल लगा था जिन्हें सब्जी मंडी चकरपुर खोया मंडी दूध मंडी पहुंचना था उन ट्रकों को भी नहीं आगे जाने दिया गया पुलिस की भारी सुरक्षा के कारण ट्रक मालिक चुपचाप जहां तहां अपनी गाड़ियां खड़ी कर लीं।

# वार्ता के लिए बनी हॉटलाइन की घंटी बजती रही, नहीं हुई बात

**भाषा।** वाशिंगटन-बीजिंग

**अमेरिकी वायुक्षेत्र** में घुसे एक बड़े चीनी गुब्बारे को एयरफोर्स एफ-22 विमान द्वारा मार गिराए जाने के कुछ ही घंटों के अंदर रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने एक हॉटलाइन के जरिए अपने चीनी समकक्ष से संपर्क करने की कोशिश की थी।

उनका इरादा बात करके अपना पक्ष रखना था जिससे तनाव दूर किया जा सके। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि ऑस्टिन के प्रयासों को हालांकि शनिवार को कामयाबी नहीं मिली क्योंकि चीनी रक्षा मंत्री वेई फेंघे ने लाइन पर आने से इनकार कर दिया। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने चीनी गुब्बारे को अमेरिका द्वारा नष्ट किए जाने के बाद ऑस्टिन से फोन पर बात करने से इनकार कर दिया, क्योंकि अमेरिका ने वार्ता के लिए उचित माहौल तैयार नहीं किया था।बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में चीनी रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के कदम ने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का गंभीर उल्लंघन किया और एक विनाशकारी मिसाल कायम की। यह एक ऐसा अनुभव रहा है जो दशकों से अमेरिकी कमांडरों को निराश कर रहा है, खासकर जब उनके चीनी समकक्षों को फोन या वीडियो लाइन पर लाने की बात आती है। हाल में कुछ गंभीर मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है।शीत युद्ध के दौरान अमेरिका और सोवियत संघ के बीच संकट के समय संचार का विश्वसनीय साधन रही हेल्पलाइन को लेकर भरोसे की कमी अब अमेरिका-चीन रिश्तों में खतरे को बढ़ा रही है। यह खासकर तब और गंभीर है जब चीन की सैन्य क्षमता बढ़ रही है और अमेरिका के साथ उसकी तनातनी भी बढ़ रही है। दोनों देशों के जनरलों की तेजी के साथ बातचीत कर चीजों को सुलझाने की व्यवस्था में कमी को देखते हुए अमेरिका को चिंता है कि गलतफहमी, झूठी खबरें या दुर्घटनावश हुआ कोई संघर्ष मामूली टकराव को और अधिक शत्रुता में बदल सकता हैं।वैचारिक संस्था जर्मन मार्शल फंड में हिंद-



प्रशांत अध्ययन के प्रबंध निदेशक बोनी ग्लासर ने कहा कि ऐसा संचार उपकरण में किसी तकनीकी कमी के कारण नहीं है। यह मुद्दा चीन और अमेरिका के सैन्य हॉटलाइन के मूल्य और उद्देश्य को देखने के तरीके में एक मूलभूत असमानता का है। जब डेमोक्रेटिक सीनेटर जेफ मर्कले ने बीजिंग और वाशिंगटन के हॉटलाइन व्यवस्था पर चीन की हालिया उदासीनता को लेकर सवाल पूछा तो सहायक रक्षा मंत्री एली रेटनर ने कहा, यह वास्तव में खतरनाक है।रक्षा अधिकारी ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के समक्ष बयान देते हुए कहा कि अमेरिकी जनरल चीनी समकक्षों के साथ संचार की अधिक लाइनें खोलने के प्रयासों में लगे हुए हैं।

### ● गुब्बारा प्रकरण के बाद अमेरिका-चीन में तनाव

रेटनर ने चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के संदर्भ में कहा, और दुर्भाग्य से, अब तक पीएलए इस संदर्भ में प्रयासों का जवाब नहीं दे रहा है। रैटनर ने चीन पर आरोप लगाया कि वह संचार के महत्वपूर्ण माध्यमों को केवल एक मुंहफट संदेश तंत्र के रूप में उपयोग कर रहा है, या अपनी नाराजगी या खुशी को रेखांकित करने के लिए उन्हें फिर से खोल अथवा बंद कर रहा है।बीजिंग में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने ऑस्टिन से बात करने से वेई के इनकार के बारे में सवालों का रक्षा मंत्रालय को संदर्भित किया। चीन रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता तान केफेई ने अमेरिका द्वारा गुब्बारा नष्ट के संदर्भ में कहा कि अमेरिका के कदम ने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का गंभीर उल्लंघन किया और एक विनाशकारी मिसाल कायम की। तान ने कहा, अमेरिका के इस गैरजिम्मेदार और पूरी तरह गलत दृष्टिकोण ने दोनों सेनाओं के बीच बातचीत और आदान-प्रदान के लिए उचित माहौल नहीं बनाया तथा इसी लिए चीन ने दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच फोन कॉल के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। बीजिंग ने कहा कि अमेरिका ने गुब्बारे को नष्ट करके जरूरत से ज्यादा कार्वाई की। उसने इस कार्वाई को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। इस बीच अमेरिका के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन के गुब्बारा निगरानी कार्यक्रम से अमेरिका समेत कम से कम 40 देश प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने उन देशों के नाम बताने से इनकार कर दिया, जहां अब तक ए गुब्बारे देखे गए हैं। चीन ने इस तरह का कोई भी कार्यक्रम चलाने से इनकार किया है, लेकिन अमेरिका ने कहा कि वह चीन में इस तरह के कार्यक्रम को बढ़ावा देने वाले संगठनों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने सहित कार्वाई करने पर काम कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने इस प्रणाली का जल्दी पता लगा लिया और विवेकपूर्ण कार्वाई की, इसलिए हम इसकी खुफिया जानकारी एकत्र करने की क्षमता को कम करने में सक्षम रहे। उन्होंने कहा कि लेकिन हर देश के लिए ऐसा करना संभव नहीं होगा और इसलिए अमेरिका उन देशों को सूचना मुहैया कराएगा, जो इस प्रकार के कार्यक्रम से रक्षा के लिए मददगार हो सकती है।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पांच महाद्वीपों के 40 देशों में फैला है। अमेरिका ने शनिवार को अटलांटिक महासागर में साउथ कैरोलाइना के तट के पास एक लड़ाकू विमान की मदद से एक बड़े गुब्बारे को नष्ट कर दिया था, जो 30 जनवरी को अमेरिकी हवाई क्षेत्र में घुसा था। अमेरिका ने अपने क्वाड सहयोगियों और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों के साथ यह सूचना साझी की है। प्राइस ने कहा कि अमेरिका इस प्रकार के कार्यक्रम के निशाने पर आए देशों का एक औपचारिक गठबंधन बनाने की सोच रहा है।

# अमेरिकी सदन का प्रस्ताव राजनीतिक हथकंडा : चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने** शुक्रवार को अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में उसके संदिग्ध जासूसी गुब्बारे को अमेरिकी जल सीमा में मार गिराए जाने के बाद बीजिंग की आलोचना करने के लिए पारित प्रस्ताव को खारिज करते हुए उसे विशुद्ध रूप से राजनीतिक हथकंडा और हौव्वा खड़ा करने वाला करार दिया।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दैनिक प्रेस वार्ता में कहा, चीन इससे पूरी तरह से असंतुष्ट है और इसका सख्ती से विरोध करता है। माओ ने कहा, अमेरिकी कांग्रेस का प्रस्ताव पूरी तरह से राजनीतिक हथकंडा और हौव्वा खड़ा करने वाला है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बृहस्पतिवार को आम सहमति से प्रस्ताव किया जिसमें चीन की अमेरिकी की संप्रभुता के उल्लंघन और खुफिया जानकारी एकत्र करने की कोशिशों को लेकर अपने झूठे दावों के जरिए दुनिया को धोखा देने की निंदा की। रिपब्लिकन सांसदों ने यथाशीघ्र गुब्बारे को मार गिराने में कथित देरी को लेकर (अमेरिकी राष्ट्रपति जो) बाइडन प्रशासन की आलोचना की लेकिन प्रस्ताव के पक्ष में सभी एकजुट रहे और शून्य के मुकाबले 419 मतों से चीन की आलोचना करने वाले प्रस्ताव को पारित कर दिया। चीन जोर दे रहा है कि गुब्बारा असैन्य था और मौसम संबंधी जानकारी जुटाना मकसद था जो अपने रास्ते से भटक गया था लेकिन यह नहीं बता रहा कि गुब्बारा किसका था और विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर रहा है। इस बीच, चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन की वार्ता की पेशकश को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि अमेरिका ने वार्ता और आदान प्रदान के लिए उचित महौल नहीं बनाया। मंत्रालय के प्रवक्ता तान केफेई ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका की गंभीर कार्वाई अंतरराष्ट्रीय कायदों का घोर उल्लंघन है।

## राहत पैकेज पर पाकिस्तान-आईएमएफ में नहीं बनी सहमति

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के बीच 1.1 अरब डॉलर के राहत पैकेज के लिए कर्मचारी स्तर पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए यह पैकेज काफी महत्वपूर्ण है। दस दिन की वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच पैकेज को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई। वाशिंगटन स्थित आईएमएफ ने कहा कि आगामी दिनों में यह वार्ता वर्चुअल माध्यम से जारी रहेगी।पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर से भी कम रह गया है। उसे आर्थिक रूप से धराशाई होने से बचने के लिए इस समय वित्तीय मदद और आईएमएफ से राहत पैकेज की बहुत ज्यादा जरूरत है।नौवीं समीक्षा फिलहाल लंबित है और इसके सफलतापूर्वक पूरा होने पर अगली किस्त के रूप में 1.1 अरब डॉलर जारी होंगे।

## भारत ने श्रीलंका से कहा, मछुआरों का मुद्दा मानवीय है

**कोलंबो।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल.मुरुगन ने श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में असजहता पैदा करने वाले मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा की और जोर दिया कि यह मानवीय मुद्दा है जिससे उनकी (मछुआरों की) जीविका जुड़ी हुई है। मुरुगन द्विपीय देश की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को कोलंबो पहुंचे। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, राज्यमंत्री मुरुगन ने मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद से मुलाकात की। उन्होंने जोर दिया कि मछुआरों का मुद्दा मानवीय है और उनकी जीविका उससे जुड़ी हुई है। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षों द्वारा कई दौर की वार्ता के बाद भी भारतीय मछुआरों द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से श्रीलंकाई जल सीमा में मछली पकड़ने का मुद्दा बार-बार सामने आता रहा है। मछुआरों का मुद्दा श्रीलंका और भारत के संबंधों के बीच विवाद का एक कारण बना हुआ है और यहां तक श्रीलंका की जल सीमा में कथित तौर पर पर दाखिल होने पर श्रीलंकाई नौसेना के सैनिकों द्वारा पाक जलडमरुमध्य में भारतीय मुछआरों पर गोली चलाने और उनकी नौकाओं को जब्त करने की घटनाएं हो चुकी हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी पिछले महीने अपनी श्रीलंका यात्रा के दौरान देवानंद से मुलाकात की थी और भारतीय मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा की थी।

# तुर्किए में भूकंप के 100 से अधिक घंटों बाद मलबे से निकाले गए जिंदा लोग

**भाषा।** इस्केदेंरुन (तुर्किए)

**तुर्किए में आ**ए तीव्र भूकंप के 100 घंटों से भी अधिक समय के बाद बचाव और राहत कर्मियों ने उस समय राहत की सांस ली जब उन्होंने मलबे में कुछ लोगों को जिंदा निकालने में सफलता हासिल की जिनमें छह रिश्तेदार भी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि क्रमश: 7.8 और 7.5 तीव्रता के आए भूकंप के दो बड़े झटकों से तुर्किए और सीरिया में भारी तबाही आई है और 20 हजार से भी अधिक लोगों की जान जा चुकी है। तुर्किए के इस्केंदेरुन में बचावक्रमियों ने मलबे के नीचे 101 घंटे तक दबे रहे छह लोगों को शुक्रवार सुबह जिंदा निकाल लिया।एक खोज और बचावकर्मी मूरत बेगुल ने बताया कि इन छह लोगों को ध्वस्त इमारत के भीतर बची एक छोटी सी जगह में एक साथ रहने से जीवित बच पाने में मदद मिली। सभी छह लोग रिश्तेदार हैं।

इस भूकंप से मरने वाले लोगों की तादाद जापान के फुकुशिमा में आए भूकंप और सुनामी से होने वाली मौतों की संख्या से भी अधिक हो गई है और मलबों से शवों का निकलने का सिलसिला जारी है



जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका हैं भूकंप के चार दिनों के बाद भूकंप के केंद्र रहे गैजियांतेप स्थित एक मकान की इमारत से बचाव कर्मियों ने 17 वर्षीय अदनान मुहम्मद कोरकुत को जिंदा निकाला। वह, 94 घंटे से मलबे में दबा था और अपना ही पेशाब पीकर जिंदा रहा। कोरकुत ने कहा, ईश्वर का शुक्र है कि आप (बचावकर्मी) आए। उसकी मां और अन्य ने उसे झुक कर तब चूमा जब कोरकुत को एंबुलेंस में ले जाया जा रहा था। इस बीच, अदियामान में बचावकर्मियों ने भूकंप में दबे रहने के करीब 105 घंटे बाद चार साल के योगिज कोमसु नामक बच्चे को जिंदा निकाला। बचाव कार्य का सजीव प्रसारण करने वाले हाबेर तुर्क के मुताबिक बच्चे को निकालने के बाद उसकी मां को मलबे से निकाले की कोशिश शुरू कर दी गई है। बचाव कर्मियों ने बच्चे को बाहर निकालने के बाद भीड़ से खुशी में शोर नहीं मचाने को कहा क्योंकि बच्चा सहमा हुआ था। हबेरतुर्क टेलीविजन चैनल ने बताया कि इस्केंदरुन शहर की एक बहुमंजिला इमारत के मलबे में फंसे नौ लोगों की पहचान की गई है जिनमें से एक महिला सहित छह लोगों को निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि इमारत भूमध्य सागर से महज 200 मीटर दूर थी और भूकंप के बाद उठी उंची लहरों से आई बाढ़ से बाल-बाल बची थी। मलबे से जिंदा निकाले जाने की और घटनाएं भी सामने आई हैं। जर्मन बचाव टीम ने बताया कि उसने किरिखान स्थित एक मकान से करीब 50 घंटे के बाद मलबे से एक महिला को जिंदा निकालने में सफलता हासिल की है। भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित कहरामंमरास में दो किशोरी बहनों को बचाया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि मलबे में व्यक्ति एक सप्ताह या इससे अधिक समय तक जिंदा रह सकता है लेकिन कड़ाके की पड़ रही ठंड की वजह से संभावनाए क्षीण होती जा रही हैं। गौरतलब है कि इलाके में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और शवों को रखने व उनकी पहचान करने के लिए अस्थाई मुर्दाघर बनाए गए हैं।

## तुर्किए भूकंप : भवन निर्माण को लेकर कमजोर नीतियां बनी तबाही का कारण

**इस्तांबुल।** तुर्किए में भूकंप के चलते मची तबाही को लेकर विशेषज्ञों की राय है कि देश में भवन निर्माण संबंधी कमजोर नीतियां और आधुनिक निर्माण नियमों को लागू करने में विफलता भी लोगों की इतने बड़े पैमाने पर मौत का कारण बनी। उनका कहना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में उछाल उन क्षेत्रों में आया था जो भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील थे, लेकिन यहां आधुनिक निर्माण कानूनों की पूरी तरह अनदेखी की गई थी। भूविज्ञान और इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे और इस सप्ताह के विनाशकारी भूकंपों के बाद नीतियों और कानूनों के क्रियान्वयन में ढिलाई की नए सिरे से जांच की जा रही है। इस भूकंप ने हजारों इमारतों को ध्वस्त कर दिया और तुर्की और सीरिया में 20,000 से अधिक लोग मारे गए। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में आपातकालीन योजना के प्रोफेसर डेविड एलेक्जेंडर ने कहा, "यह आपदा घटिया निर्माण के कारण हुई है, भूकंप से नहीं"।

## रूस की अदालत ने हत्या के दोषी पूर्व गवर्नर को 22 साल की सजा सुनाई

**भाषा।** मॉस्को

**रूस की** एक अदालत ने शुक्रवार को एक पूर्व क्षेत्रीय गवर्नर को एक हत्या के मामले में दोषी पाते हुए 22 साल जेल की सजा सुनाई। इस मामले में दो साल पहले लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

सर्गेई फर्गल को 2004-2005 में रूस के सुदूर पूर्वी खाबरोवस्क क्षेत्र का गवर्नर बनने से पहले दो व्यापारिक प्रतिस्पर्धियों की हत्या का आदेश देने और एक अन्य व्यवसाई को मारने के असफल प्रयास में शामिल होने का दोषी ठहराया गया। फर्गल के साथ हत्याओं में शामिल होने के दोषी तीन अन्य लोगों को साढ़े नौ से 21 साल तक की जेल की सजा दी गई। फैसले की घोषणा से पहले इस सप्ताह के शुरू में अपने परीक्षण में बोलते हुए 52 वर्षीय फर्गल ने अपनी बेगुनाही पर जोर दिया था और अपने खिलाफ आरोपों की निंदा करते हुए कहा था कि वे उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा गढ़े गए थे। उन्होंने न्यायपीठ के सदस्यों को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि उनको उन्हें दोषी घोषित करने में शर्म आनी चाहिए। फर्गल ने अपने खिलाफ आरोपों को निराधार बताया। पूर्व कारोबारी फर्गल वर्ष 2018 में खाबरोवस्क के गवर्नर चुने गए थे। जुलाई 2020 में गिरफ्तारी के तुरंत बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Pawan Kumar Singh is the owner of Built up Property bearing No. 307, area measuring 65 Sq., Yds, out of Khasra No. 16, Situated in the residential colony Block E, Sudhir Enclave, in the area of Village Hakikat Pur @ Khudabas, Pargana & Tehsil Loni, District Ghaziabad, UP., vide Sale deed dated 15.12.2022 document no. 8756. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Be it known all general public that my client M/s Shri Home and Associates residence of Plot No. 75-B area measuring 252 sq yds.
We have received Will which is executed by Mr. Umrao Singh in favour of his grandson Mr. Vikas Sheoran in respect of the said land area measuring 1011 sq, yds Vide Document No. 14217, Volume No. 448, Pages 163 to 165, Book No. 31 dated 22.11.2003.
Thereafter, Unfortunately, Mr. Umrao Singh died on 02.06.2006 leaving behind Mr. Vikas Sheoran (Grandson) as his legal heirs.
If any person has any objection regarding the above-mentioned property said land area measuring 1011 sq. yds Vide Document No. 14217, Volume No. 448, Pages 163 to 165, Book No. 31 contact the undersigned within 07 days from the date of publication.
Place : Delhi
Date : 11.02.23
Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 511, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the public at large that Original Sale Deeds dated 01.05.1995 have been lost of property bearing No. H-68, Shop No. 4, Ground Floor Bali Nagar, New Delhi 110015, executed in favour of Smt. Anita Talwar W/o Sh. Pawan Talwar. The intimation/complainant in this regard has filed FIR on 06.12.2021 to the police. That we, Sh. Sanjay Khanna S/o Late Sh. Amrit Pal Khanna and Smt. Shweta Khanna W/o Sh. Sanjay Khanna intends to mortgage the property referred above for a credit facility with SBI, SME Branch, Naraina, Delhi Branch Code 03786. Any individual, bank/ financial institution etc., claiming any right, title or interest in the aforesaid property on the basis of the said misplaced Sale Deed dt. 01.05.1995/any other registered or unregistered document, shall inform SBI SME Naraina Branch Delhi or us within 15 days from today. After the expiry of 15 days, no claim in this regard shall be entertained.
**Sanjay Khanna/Shweta Khanna**

## संरा सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने दिल्ली घोषणापत्र के महत्व को सराहा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पिछले साल भारत में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति की एक विशेष बैठक में अपनाए गए "दिल्ली घोषणापत्र के महत्व की सराहना की है। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने कहा कि यह नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्य के लिए प्रयोग किए जाने से निपटने के वास्तेसठोस आधारै प्रदान करता है। यह चुनौती का समाधान करने के लिए परिषद के साझा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। फरवरी महीने के लिए अध्यक्ष माल्टा के नेतृत्व में 15 देशों की परिषद ने आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरे पर एक बैठक आयोजित की। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को उत्पन्न खतरे तथा खतरे का मुकाबला करने में सदस्य देशों के समर्थन से सब संभव हैं।

# ब्रिटेन में भारत विरोधी बयानबाई के खिलाफ सचेत किया गया

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** सरकार की आतंकवाद को रोकने संबंधी एक योजना की समीक्षा में कश्मीर को लेकर ब्रितानी मुसलमानों के कट्टरपंथी होने और संभवत: खतरनाक खालिस्तान समर्थक अतिवाद को बढ़ती चिंता के रूप में चिह्नित किया है तथा देश के लिए प्राथमिक खतरे के रूप में इस्लामी चरमपंथ से निपटने में सुधार की सिफारिशें की गई हैं। सरकार की आतंकवाद-रोधी शुरुआती हस्तक्षेप रोकथाम रणनीति की इस सप्ताह प्रकाशित समीक्षा में चेतावनी दी गई कि विशेष रूप से कश्मीर के विषय में भारत विरोधी भावना को भड़काने के संदर्भ में पाकिस्तान की बयानबाजी ब्रिटेन के मुस्लिम समुदायों को प्रभावित कर रही है। पब्लिक अपाइंटमेंट्स आयुक्त विलियम शॉक्रॉस द्वारा की गई इस समीक्षा में ब्रिटेन में एक छोटी संख्या में सक्रिय खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा

### समीक्षा में कश्मीर, खालिस्तानी समर्थक अतिवाद पर चर्चा

फैलाए जा रहे झूठे आख्यान के खिलाफ भी चेतावनी दी गई है।समीक्षा में कहा गया, मैंने ब्रिटेन के चरमपंथी समूहों से जुड़े साक्ष्य देखे हैं। साथ ही मैंने कश्मीर में हिंसा का आह्वान करने वाले एक पाकिस्तानी मौलवी के ब्रिटेन में समर्थक देखे हैं। मैंने ऐसे साक्ष्य भी देखे हैं, जो दिखाते हैं कि कश्मीर से संबंधित उकसावे में ब्रितानी इस्लामियों की बहुत रुचि होती है। समीक्षा में कहा गया है कि इस बात पर विश्वास करने की कोई वजह मौजूद नहीं है कि यह मुद्दा ऐसे ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि इस्लामवादी आने वाले वर्षों में इसका फायदा उठाना चाहेंगे। इसमें कहा गया, इसकी रोकथाम संभवत: प्रासंगिक है, क्योंकि ब्रिटेन में आतंकवाद के अपराधों के कई ऐसे दोषी पाए गए हैं, जिन्होंने पहले कश्मीर में लड़ाई लड़ी थी। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो बाद में अल-कायदा में शामिल हो गए। रिपोर्ट में खालिस्तान समर्थक अतिवाद के मुद्दे पर कहा गया, ब्रिटेन के सिख समुदायों में उत्पन्न हो रहे खालिस्तान समर्थक चरमपंथ के प्रति भी सावधान रहना चाहिए। ब्रिटेन में सक्रिय खालिस्तान समर्थक समूहों की एक छोटी संख्या द्वारा यह झूठा आख्यान फैलाया जा रहा है कि सरकार सिखों को परेशान करने के लिए भारत में अपने समकक्ष के साथ मिलीभगत कर रही है। इसमें कहा गया, ऐसे समूहों के आख्यान भारत में खालिस्तान समर्थक आंदोलन के दौरान की गई हिंसा का महिमामंडन करते हैं। वर्तमान में अभी खतरा कम है, लेकिन विदेशों में हुई हिंसा की प्रशंसा करना और साथ ही घरेलू स्तर पर सरकार की अगुवाई में दमन के अभियान में विश्वास करना भविष्य के लिए संभवत: खतरनाक हो सकता है।

## अमेरिका में भारतीय स्कूली छात्रा तीन सप्ताह से अधिक समय से लापता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के अर्कांसस प्रांत में एक 14 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी स्कूली छात्रा तीन सप्ताह से अधिक समय से लापता है। इस मामले में पुलिस ने संकेत दिया कि लड़की अमेरिका छोड़ने के डर से संभवत: कहीं चली गई है, क्योंकि टेक इंडस्ट्री में छंटनी के बीच उसके पिता को नौकरी में छंटनी का सामना करना पड़ सकता है। कॉनवे पुलिस विभाग (सीपीडी) ने कहा कि अर्कांसस के कॉनवे में रहने वाली तन्वी मारुपल्ली को आखिरी बार 17 जनवरी को उसके पड़ोस में देखा गया था, जब वह बस से स्कूल के लिए निकली थी।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि राहुल/राम चंदर (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00005208306 तथा पता फ्लैट नंबर 1008, तल-10, टावर-2, ओम अपार्टमेंट्स, ग्राम बाजघेरा, सेक्टर-112, गुरूग्राम, हरियाणा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि परीना बिल्डर्स ऐंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 10 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

# धरती ने सन 1700 के बाद से करीब 21 फीसदी आर्द्रभूमि गंवाई

**भाषा।** बांगोर (वेल्स)

**ग्रह (पृथ्वी)** के बहुत से प्राकृतिक वासों की तरह पिछले 300 से अधिक वर्षों के दौरान आर्द्रभूमि भी क्रमिक रूप से नष्ट हुई है। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वर्ष 1700 के बाद से करीब 21 फीसदी आर्द्रभूमि समाप्त हुई है। हालात यह हैं कि अब कई तरह के दलदली क्षेत्र नक्शे के साथ-साथ हमारी यादों से भी ओझल हो गए हैं। इन क्षेत्रों को सुखाकर खेती की जमीन में परिवर्तित कर दिया गया या फिर इन पर निर्माण कर लिया गया। पानी के भरोसेमंद स्रोत के नजदीक होने और अमूमन समतल होने के नाते शहर बसाने और खेत बनाने के लिहाज से आर्द्रभूमि हमेशा से प्रमुख निशाना रही है। दलदली



भूमि से पानी हटा देने से बहुत उपजाऊ भूमि की प्राप्ति होती है। लेकिन आर्द्रभूमि आधुनिक संकटों का कुछ बेहतरीन प्राकृतिक समाधान प्रदान करती है। आर्द्रभूमि प्रदूषकों को दूर कर या उन्हें छानकर पानी को साफ करती, बाढ़ के पानी को हटाती है, वन्य जीवों को आश्रय प्रदान करती, हमारी मानसिक और शारीरिक सेहत को सुधारती है और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कार्बन का भंडारण करती है। पीटलैंड (एक खास तरह की आर्द्रभूमि) पूरी दुनिया के जंगलों

### नेचर जर्नल में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट में दावा

का कम से कम दोगुना कार्बन का भंडारण करते हैं। इसके बावजूद आर्द्रभूमि का क्षय हुआ, लेकिन पूरी दुनिया में यह क्षय एक समान नहीं है।

सन 1700 से धरती के अनमोल आर्द्रभूमि खत्म हुई है, इसकी जानकारी नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मिली है। पहले अनुमान था कि हमारी आर्द्रभूमि का 50 फीसदी तक खत्म हो गई है, लेकिन ताजा शोध से पता चला है कि यह आंकड़ा 21 फीसदी के करीब हो सकता है-जो भारत के आकार के बराबर क्षेत्र है। कुछ देशों में यह नुकसान सर्वाधिक हुआ है मसलन आयरलैंड में 90 फीसदी से अधिक आर्द्रभूमि समाप्त हुई है। वैश्विक स्तर पर आर्द्रभूमि के खत्म होने का प्रमुख कारण कृषि के लिए दलदली भूमि से जल की निकासी है। इसी तरह, यूरोप की करीब 50 फीसदी तो ब्रिटेन की करीब 75 फीसदी आर्द्रभूमि समाप्त हुई है। अमेरिका, मध्य एशिया, भारत, चीन, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया में भी मूल आर्द्रभूमि के सापेक्ष 50 फीसदी समाप्त हो चुकी है। लेकिन साइबेरिया और कनाडा के उत्तरी पीटलैंड्स में अब भी प्रचुर मात्रा में आर्द्रभूमि है जिसका क्षय नहीं हुआ और यही हमारे के लिए राहत की बात है। पारिस्थितिकी तंत्र की टॉनिक आर्द्रभूमि भूमि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में टॉनिक की तरह काम करती है। आर्द्रभूमि में कुछ एकड़ के नुकसान से वैश्विक या राष्ट्रीय स्तर पर भले ही बहुत फर्क नहीं पड़ता हो।

**ADDI INDUSTRIES LIMITED**
CIN:- L51109DL1980PLC256335
Regd Office: A-104, 3rd Floor, DDA Shed Okhla Industrial Area Phase-II, New Delhi-110020
E-mail: atul.addi@gmail.com & addiind@gmail.com, Tel.: 011-45025459
EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED DECEMBER 31, 2022
(` in Lakh, except per share data)

| Sr No. | Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2022 (Unaudited) | Quarter ended 31.12.2021 (Unaudited) | 9 Months ended 31.12.2022 (Unaudited) | 9 Months ended 31.12.2021 (Unaudited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 101.93 | 98.63 | 61.00 | 285.91 | 143.49 | 216.40 |
| 2. | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 69.45 | 73.95 | 39.88 | 202.66 | (122.97) | (87.31) |
| 3. | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 69.45 | 31.02 | 1,273.79 | 2,031.77 | 4,528.25 | 4,564.52 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 50.22 | 24.16 | 1,170.62 | 1,619.41 | 3,594.35 | 3,727.78 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 50.35 | 24.30 | 1,170.79 | 1,619.83 | 3,594.86 | 3,728.34 |
| 6. | **Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each)** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** |
| 7. | Earnings Per Share (of ` 5/- each)(Not Annualised) | | | | | | |
| | Basic | 0.47 | 0.22 | 10.84 | 15.00 | 33.29 | 34.53 |
| | Diluted | 0.47 | 0.22 | 10.84 | 15.00 | 33.29 | 34.53 |

(` in Lakh, except per share data)

| Sr No. | Particulars | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2022 (Unaudited) | Quarter ended 31.12.2021 (Unaudited) | 9 Months ended 31.12.2022 (Unaudited) | 9 Months ended 31.12.2021 (Unaudited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 105.16 | 101.82 | 64.25 | 295.49 | 153.23 | 229.35 |
| 2. | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 72.58 | 77.09 | 43.06 | 212.01 | (113.36) | (74.52) |
| 3. | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 72.58 | 34.16 | 1,276.97 | 2,041.12 | 4,537.86 | 4,577.31 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 53.00 | 26.94 | 1,173.54 | 1,627.71 | 3,603.17 | 3,739.47 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 53.13 | 27.08 | 1,173.71 | 1,628.13 | 3,603.68 | 3,740.03 |
| 6. | **Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each)** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** |
| 7. | Earnings Per Share (of ` 5/- each)(Not Annualised) | | | | | | |
| | Basic | 0.49 | 0.25 | 11.23 | 15.08 | 34.41 | 34.63 |
| | Diluted | 0.49 | 0.25 | 11.23 | 15.08 | 34.41 | 34.63 |

Notes :
1. The above standalone and consolidated financial results of the Company have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors at their respective meetings held on February 10, 2023 and have been reviewed by the Statutory Auditors.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual Standalone and Consolidated financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly Standalone and Consolidated financial results is available on the stock exchange websites of BSE (www.bseindia.com) and Company's website at http://www.addiindustries.com/
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).

For and on behalf of the Board of Directors
Addi Industries Limited
Sd/-
CHAMAN LAL JAIN
Managing Director, DIN-00022903

Place : New Delhi
Date : 10.02.2023

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohammad Omar Siddiqui S/o. Mohammad Ahson Siddiqui, R/o. A-1, Gulmohar Avenue, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have declared that my Name has been wrongly mentioned in my daughter's Passport as Omar Siddiqui and my correct name is Mohammad Omar Siddiqui.
PD(90268)A

# इस वर्ष के बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है: प्रधानमंत्री

भाषा। मुंबई

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शुक्रवार को कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है और इसने संप्रग शासन की तुलना में लोगों को अधिक राहत दी है। मोदी ने मुंबई से शिरडी और सोलापुर के लिए दो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि जिस आय पर संप्रग सरकार ने 20 प्रतिशत तक कर लगाया था, इस बजट में उस पर शून्य कर है। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले दक्षिण मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएसएमटी-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और इसके बाद अहमदनगर जिले के साईंनगर शिरडी शहर को मुंबई से जोड़ने वाली एक अन्य ट्रेन को रवाना किया। मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, वेतनभोगी वर्ग हो या व्यापार-कारोबार से कमाई करने वाला मध्यम वर्ग, इस बजट से खुश हैं। इस बजट ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है।


मुंबई में दाऊदी बोहरा समुदाय के लोगों से भेंट करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## यहां प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं, परिवार के सदस्य के रूप में आया हूं : मोदी

● **बोहरा समुदाय के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ साझा किए गए अपने दशकों पुराने रिश्तों को याद किया। अलजामिया-तुस-सैफिया अरबी अकादमी के चौथे परिसर का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा, मैं यहां परिवार के सदस्य की तरह हूं, प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं। अलजामिया-तुस-सैफिया अरबी अकादमी दाऊदी बोहरा समुदाय का प्रमुख शिक्षण संस्थान है। मोदी ने कहा कि परिसर में आना अपने परिवार के पास आने जैसा है। उन्होंने समुदाय के साथ अपने रिश्तों का भी उल्लेख किया। दाऊद्दी बोहरा समुदाय समय के अनुसार बदलाव लाने की कसौटी पर खरा उतरा है।

मोदी ने कहा कि 2014 से पहले साल में दो लाख रुपए से ज्यादा कमाई करने वाले व्यक्ति को कर देने पड़ता था, लेकिन उनकी सरकार ने पहले पांच लाख रुपए तक की कमाई पर कर में छूट दी और इस बजट में इसे सात लाख रुपए तक पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जिन लोगों ने संप्रग सरकार के दौरान 20 प्रतिशत कर चुकाया था वे आज कोई कर नहीं देते। जिन युवाओं की नई-नई नौकरी लगी है उनके पास अब ज्यादा बचत का अवसर है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि सबका विकास सबका प्रयास की भावना को सशक्त करने वाला ए बजट हर परिवार को ताकत देगा तथा सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करेगा। वंदे भारत ट्रेनों को हरीझंडी दिखाने के अलावा दो सड़क परियोजनाओं, सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड और कुरार अंडरपास परियोजना की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य सड़क यातायात की भीड़ को कम करना और मुंबई में वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करना है।

प्रधानमंत्री ने मुंबई-साईंनगर शिरडी वंदे भारत ट्रेन के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 18 पर पहुंचने के बाद उसका निरीक्षण किया और ट्रेन के चालक दल तथा कोच के अंदर बच्चों से बातचीत की। यह रेलवे के लिए एक बड़ा दिन है खास कर महाराष्ट्र को उन्नत संपर्कता मुहैया कराने के लिहाज से जब पहली बार दो वंदे भारत ट्रेन को एक ही दिन हरी झंडी दिखाई गई। ए वंदे भारत ट्रेन, मुंबई और पुणे जैसे देश के आर्थिक केंद्रों को हमारे आस्था के बड़े केंद्रों से जोड़ेंगी। इससे कॉलेज आने-जाने वाले, ऑफिस और व्यापार के लिए आने-जाने वाले किसानों और श्रद्धालुओं सभी को सुविधा होगी। नई वंदे भारत ट्रेनों से शिरडी, नासिक, त्र्यंबकेश्वर और पंचवटी जैसे पवित्र स्थानों की यात्रा आसान हो जाएगी, जिससे पर्यटन के साथ-साथ तीर्थयात्रा को भी बढ़ावा मिलेगा। पंढरपुर के विट्ठल-रखुमाई, सोलापुर के सिद्धेश्वर मंदिर, अक्कलकोट के स्वामी समर्थ, या फिर आई तुलजाभवानी के दर्शन, यह भी अब सबके लिए और सुलभ हो जाएंगे।

वंदे भारत ट्रेन के आज के भारत की उन्नत तस्वीर बताते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक 10 ऐसी ट्रेन देश भर में चलनी शुरू हो चुकी हैं तथा आज देश के 17 राज्यों के 108 जिले वंदे भारत एक्सप्रेस से कनेक्ट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सांसद पत्र लिखकर अपने क्षेत्र के स्टेशनों पर रेलगाड़ियों को एक-दो मिनट रोके जाने का अनुरोध करते थे, लेकिन अब वे वंदे भारत ट्रेन की मांग कर रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मौजूद थे।

# महिला सशक्तीकरण से बनेगा भारत विश्वगुरु: राष्ट्रपति

● **योग ने मुझे मानसिक व शारीरिक पीड़ा से बाहर निकाला : मुर्मू**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि जब वह मानसिक और शारीरिक पीड़ा में थीं तब योग से उन्हें काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि इसके नियमित अभ्यास से लोगों को जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। भारत को विश्वगुरु के तौर पर स्थापित करने का मंत्र महिला सशक्तीकरण है। अपने गृह राज्य की दो दिवसीय यात्रा पर दिन में यहां पहुंचीं मुर्मू ने योग के अभ्यास की आवश्यकता पर जोर दिया, जो नागरिकों को आध्यात्मिक रूप से विकसित करने में मदद कर सकता है जिससे लोगों और पूरे देश का समग्र विकास हो सके। एक धर्मार्थ संगठन ज्ञानप्रभा मिशन के स्थापना दिवस समारोह में अपने खुद के अनुभव को साझा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, एक समय में, मैंने शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को पूरी तरह से टूटा हुआ महसूस किया और फिर योग करना शुरू कर दिया। मैं आज यहां आपके सामने खड़ी हूं और सिर्फ योग के कारण आपसे बात कर रही हूं। विवरण नहीं दिया, लेकिन मुर्मू ने 2015 में झारखंड की राज्यपाल बनने से पहले बहुत कम समय में अपने दो बेटों, पति और भाई को खो दिया। मुर्मू ने सभी से अपने शरीर और मन को ठीक रखते हुए बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि योग आत्मा और देवत्व के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि तथा आध्यात्मिक जागृति के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है।

# अमित शाह का सुरक्षा कारणों से मेंगलुरु में रोड शो रद्द हुआ

**मेंगलुरु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यहां शनिवार को प्रस्तावित रोड शो सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया है। भाजपा की स्थानीय इकाई ने यह जानकारी दी। शाह दिन में पुत्तूर तालुका में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनके शाम को मेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। भाजपा दक्षिण कन्नड़ जिला इकाई ने शहर में एक रोड शो आयोजित करने की योजना बनाई थी। पार्टी की जिला इकाई के अध्यक्ष सुदर्शन मूडबिद्री ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि सुरक्षा कारणों से रोड शो को रद्द कर दिया गया है। शाह यहां केंजारू स्थित श्रीदेवी कॉलेज में होने वाली भाजपा कोर समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री का शाम को पुत्तूर में कैम्पको स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। वह धर्मश्री प्रतिष्ठान द्वारा निर्मित भारत माता मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे और हनुमागिरी मंदिर जाएंगे।

# गूगल की 19 जनवरी के आदेश में संशोधन की अपील करने वाली याचिका खारिज

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल की एक याचिका को खारिज कर दिया। इसमें न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश में संशोधन की अपील की गई थी। न्यायालय ने कहा कि कंपनी राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपनी अपील की सुनवाई के दौरान अपने मुद्दों को उठा सकती है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा व जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह 19 जनवरी के आदेश में ज्यादा से ज्यादा बिना किसी पूर्वाग्रह के जोड़ सकती है और कुछ नहीं कर सकती।

अमेरिका की कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि 19 जनवरी के आदेश के कुछ अंशों को हटाए जाने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि आदेश खुली अदालत में दिया गया था और इसिलए कुछ भी स्पष्ट करने या संशोधित करने की जरूरत नहीं है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की तरफ से पेश अधिवक्ता ने कहा कि गूगल एलएलसी की अपील एनसीएलएटी के समक्ष सुनवाई के लिए अगले सप्ताह सूचीबद्ध है और वे अपनी शिकायतें वहां रख सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 19 जनवरी के अपने आदेश में गूगल को झटका देते हुए एनसीएलएटी के उस आदेश को उचित ठहराया था जिसमें जिसमें प्रतिस्पर्धा नियामक द्वारा एंड्रायड मोबाइल उपकरण पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी दबदबे की स्थिति का कथित तौर पर दुरुपयोग करने के लिए इस अमेरिकी कंपनी पर लगाए गए 1,337 करोड़ रुपए का जुर्माना आदेश पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था।


श्रीहरिकोटा में इसरो के आजादी सैट को डिजाइन करने वाले छात्र प्रक्षेपण देखने पहुंचे।

## क्विक न्यूज

### इसरो ने एसएसएलवी की सफलता के साथ लघु उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में कदम रखा

**श्रीहरिकोटा।** लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) एलवी डी2 ने यहां से उड़ान भरने के बाद ईओएस-07 उपग्रह एवं दो अन्य उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित कर दिया और इसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एसएसएलवी क्षेत्र में अपनी पहली सफलता हासिल कर ली। इसरो को कुछ महीनों पहले अपने पहले मिशन में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए थे। इसरो के इस साल के पहले मिशन और एसएसएलवी की दूसरी विकास उड़ान के दौरान अद्‌भुत संयोग देखने को मिला। इसे सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर प्रक्षेपित किया था और सात अगस्त 2022 को यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एसएसएलवी ने ठीक इसी समय पहली विकास उड़ान भरी थी। पहली विकास उड़ान कक्षा संबंधी विसंगति और रॉकेट के उड़ान पथ से भटक जाने के कारण अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर सकी थी। एसएसएलवी के पहले अपेक्षा पर खरे नहीं उतर पाने के कारण दूसरी विकास उड़ान में सुधारात्मक कदम उठाए गए थे। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि एसएसएलवी ने अपनी दूसरी उड़ान में तीन उपग्रहों को उनकी सटीक कक्षा में स्थापित किया। उन्होंने सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले सफल प्रक्षेपण के तुरंत बाद मिशन कंट्रोल सेंट्रल (एमसीसी) से कहा, भारत के अंतरिक्ष समुदाय को बधाई... हमारे पास एक नया प्रक्षेपण यान है, लघु उपग्रह एसएसएलवी1 एसएलएलवी डी2 ने अपनी दूसरी कोशिश में उपग्रहों को उनकी अपेक्षित कक्षा में सटीकता से स्थापित कर दिया।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन से गिराए गए हथियार और मादक पदार्थ जब्त किए

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई एक चीन निर्मित पिस्तौल, पांच गोली, एक मैगजीन और तीन किलोग्राम हेरोइन को बीएसएफ और पुलिसकर्मियों ने एक संयुक्त अभियान में जब्त किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि यह खेप पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा ड्रोन का इस्तेमाल करके हवाई माध्यम से भारतीय क्षेत्र में गिराई गई। यादव ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खेमकरन इलाके में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात ड्रोन की आवाज सुनकर एक नागिरक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी बीएसएफ को दी गई और सीमा से एक किलोमीटर तक के दायरे में संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने कहा, आसपास के खेतों की गहन जांच करने पर पुलिस और बीएसएफ की टीम ने तरनतारन के मियांवाल गांव के इलाके से तीन किलोग्राम हेरोइन, एक 30 बोर की पिस्तौल समेत अन्य आयुद्ध सामग्री बरामद की। तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुरमीत चौहान ने कहा कि ड्रोन के जरिए खेप भेजने वाले तस्करों और उनके भारतीय सहयोगियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जांच की जा रही है।

### जोशीमठ भूधंसाव: मानसिक स्वास्थ्य ने विस्थापितों की पीड़ा और बढ़ाई

**नई दिल्ली।** अनिद्रा, घबराहट, अवसाद और भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण उत्तराखंड के जोशीमठ में भू-धंसाव के पीड़ति मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे हैं। जमीन की दरारें और चौड़ी होती जा रही हैं, ऐसे में राहत शिविरों में शरण लिए इन पीड़ितों के लिए ज्यों-ज्यों दिन हफ्ते में बदल रहे हैं उनकी चिंताएं और गहरी होती जा रही हैं। संकट खत्म होने का कोई आसार नहीं दिखता, उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में सैकड़ों अन्य लोग अब भी भाग्यशाली हैं कि वे अपने घरों में हैं, हालांकि वे चिंतित भी हैं कि कभी तो उन्हें भी सरकार द्वारा संचालित आश्रयों, होटलों में शरण लेना होगा या शहर को छोड़ना होगा। जोशीमठ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में नियुक्त एम्स ऋषिकेश से मनोचिकित्सक डॉ. ज्योत्सना नैथवाल ने पीटीआई-भाषा से फोन पर साक्षात्कार में कहा, पिछले महीने हुए भू-धंसाव की घटना का सभी पर प्रभाव पड़ा है।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय के बजट में कटौती समेत कई मुद्दे लोकसभा में उठाए गए

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विभिन्न दलों के सदस्यों ने शुक्रवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट में कटौती और बिहार के सारण में इंटरनेट सेवा बंद होने समेत लोक महत्व के कई मुद्दे उठाए। बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली ने शून्यकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट में कटौती का मुद्दा उठाया और कहा कि पहली बार बजट इतना घटा दिया गया कि वह नाम मात्र का रह गया है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट आवंटन की कटौती को वापस लिया जाए।

भारतीय जनता पार्टी के राजीव प्रताप रूड़ी ने बिहार के सारण में हाल ही में हुई हिंसा का विषय उठाया और अध्ययन के लिए केंद्रीय दल भेजने की मांग की। बिहार में मेरे जिले में 10 दिन से इंटरनेट सेवा बंद की हुई है। वहां अपराध इतना बढ़ गया है कि इंटरनेट बंद किया गया है। रूड़ी ने दावा किया, बिहार में जातीय आधारित सर्वेक्षण कराकर जातीय उन्माद पैदा किया जा रहा है। गांव-गांव में झगड़ा हो रहा है। भाजपा के बृजेंद्र सिंह ने कहा कि पाला पड़ने से फसलों को होने वाले नुकसान को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाया जाए।

भाजपा के रामकृपाल यादव ने कहा कि सहारा इंडिया में फंसे गरीबों तथा निवेशकों के पैसे लौटाने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएं। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष और सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने सरकार से आग्रह किया कि राज्यों को खाद की पूरी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। भाजपा के मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर लोगों की जासूसी कराने का आरोप लगाया और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार ने फीडबैक यूनिट बनाई और इसके जरिए नेताओं की फोन टैपिंग की जाने लगी। तिवारी ने कहा, इसका पता किया जाना चाहिए कि कहीं गोपनीय डाटा एकत्र कर किसी को दिया तो नहीं जा रहा है। भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने दोपहिया वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर मोटरसाइकिल में दो हेलमेट रखने की जगह बनाई जाए और इस बारे में निर्माता कंपनियों को निर्देश दिया जाए। कांग्रेस के रवनीत सिंह बिट्टू ने शून्यकाल में गुरमीत राम रहीम को पैरोल मिलने का विषय उठाया और कहा कि इस खतरनाक व्यक्ति को फिर से जेल में भेजा जाए।

# गहलोत का बजट: 500 रुपए में गैस सिलेंडर, हर महीने फूड किट और 25 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समाज के गरीब तबके लिए बड़ी घोषणाएं करते हुए उसे 500 रुपए में गैस सिलेंडर व हर महीने फूड किट देने, 25 लाख रुपए तक इलाज मुफ्त कराने व 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने की घोषणा की। मौजूदा कार्यकाल में अपना आखिरी बजट पेश करते हुए गहलोत ने लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए कुल मिलाकर 19,000 करोड़ रुपए के महंगाई राहत पैकेज की घोषणा की। गहलोत ने पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का दायरा बढ़ाते हुए राज्य में बोर्डों और निगमों के कर्मियों के लिए भी इसे लागू करने की घोषणा की। अपने बजट भाषण में गहलोत ने कहा, मैं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के दायरे में आने वाले लगभग एक करोड़ परिवारों को आगामी वर्ष नि:शुल्क राशन के साथ-साथ प्रति माह नि:शुल्क मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट दिए जाने की घोषणा करता हूं। इस पैकेट में एक-एक किलो दाल, चीनी, नमक, एक लीटर खाद्य तेल उपलब्ध करवाया जाएगा। लगभग 3,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

बीपीएल व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में शामिल निम्न आय वर्ग के लगभग 76 लाख परिवारों को घरेलू सिलेंडर आगामी वर्ष से 500 रुपए में उपलब्ध करवाने की घोषणा की। 1,500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली प्रति माह नि:शुल्क दी जाएगी। यह सीमा अभी 50 यूनिट थी। इससे प्रदेश के 1.19 करोड़ में से 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को घरेलू बिजली नि:शुल्क मिल सकेगी। 7,000 करोड़ रुपए का भार आएगा। गहलोत ने कहा, चरणबद्ध तरीके से 300 यूनिट प्रतिमाह उपभोग करने वाले घरेलू उपयोक्ताओं को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। इस प्रकार हमारे द्वारा डीजल-पेट्रोल पर लागू वैट को कम कर लगभग 7,500 करोड़ रुपए की छूट को आगे भी जारी रखी जाएगी। साथ-साथ आगामी वर्ष सस्ते एलपीजी सिलेंडर, नि:शुल्क घरेलू बिजली का 19,000 करोड़ रुपए से अधिक का महंगाई राहत पैकेज दिया जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने महत्वाकांक्षी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रति परिवार बीमा कवर को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने की घोषणा की। इसके साथ ही कहा कि इस योजना का लाभ अब गरीब (बीपीएल) के साथ साथ आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) परिवारों को भी मिलेगा। गहलोत ने इस योजना के तहत दुर्घटना बीमा की राशि को भी पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की घोषणा की। गहलोत ने ओला, उबर, स्विगी, जोमैटो आदि कंपनियों के कर्मचारियों गिग वर्कर्स (अस्थाई कर्मचारी) के लिए 200 करोड़ रुपए का कल्याण कोष स्थापित करने की घोषणा की है। गिग इकॉनमी का दायरा बढ़ रहा है और राज्य में गिग वर्कर्स की संख्या बढ़कर 3-4 लाख हो गई है और इनकी सामाजिक सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। गहलोत ने कहा उन्हें उत्पीड़न से बचाने के लिए, मैं गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट लाने का प्रस्ताव करता हूं, जिसके तहत गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड के गठन के साथ, 200 करोड़ रुपए के साथ गिग वर्कर्स वेलफेयर कोष की स्थापना स्थापना की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सिंडिकेट के सदस्यों को नहीं पकड़ रही हैं जांच एजेंसियां

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और जांच एजेंसियां एनडीपीएस मामलों में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सिंडिकेट के सदस्यों जैसी बड़ी मछलियों को नहीं, बल्कि किसानों और बस स्टैंड पर खड़े व्यक्तियों को पकड़ रही हैं। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी एक आरोपी की जमानत याचिका पर आई है जिसे उसके खेतों में अफीम पाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था और वह पांच साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा, हमें यह कहना चाहिए कि भारत सरकार और जांच एजेंसियां अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सिंडिकेट के सदस्यों को गिरफ्तार नहीं कर रही हैं। आप उनके पीछे क्यों नहीं लगते? उन्हें पकड़ने की कोशिश करें। आप केवल किसान, बस स्टैंड या अन्य जगहों पर खड़े किसी व्यक्ति जैसी छोटी मछलियों को गिरफ्तार कर रहे हैं।

शीर्ष अदालत साबिर की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे पुलिस द्वारा उसकी कृषि भूमि से व्यावसायिक मात्रा में अफीम बरामद किए जाने के बाद स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मप्र सरकार और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह कोई छोटी मात्रा नहीं है और उसे पहले ही दो बार दोषी करार दिया जा चुका है। पीठ ने कहा कि बरामद मादक पदार्थ की मात्रा के लिए अधिकतम सजा 10 साल की है और वह इस अपराध के लिए पहले ही पांच साल से अधिक की जेल की सजा काट चुका है। पीठ ने कहा, ये छोटे किसान हैं जो अपराध के लिए जमानत हासिल नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि वह जमानत का हकदार है।

# आम बजट को भाजपा ने बताया सर्वस्पर्शी, विपक्ष ने कहा अवसरवादी

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया किया गया 2023-24 का आम बजट कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की तरह चुनावी नहीं बल्कि सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी है। वहीं विपक्ष ने बजट को अवसरवादी, सच्चाई से दूर और आम आदमी की परेशनियों पर पर्दा डालने वाला बताया। राज्यसभा में आम बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा के अरुण सिंह ने कहा कि चाहे लद्दाख के दूर-दराज के गांव हों या अरुणाचल प्रदेश में सीमावर्ती गांव या कश्मीर के अनंतनाग और कन्याकुमारी के गांव तक सभी क्षेत्रों के लिए इस बजट में कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश के इन क्षेत्रों के भी व्यक्तियों का ध्यान रखा गया है इसलिए पूरा देश एक स्वर से इस बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन कर रहा है। उन्होंने कहा, यह बजट सर्वोपरि और सर्वव्यापी है।

सिंह ने कहा कि जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में 2013-14 का बजट आया था उस समय एक वामपंथी नेता ने उसे लॉलीपॉप , चुनावी बजट और प्रतीकात्मक बजट करार दिया था। उन्होंने कहा, वर्ष 2024 में लोकसभा का चुनाव होने वाला है लेकिन इस बजट के बारे में किसी ने एक शब्द नहीं कहा है कि यह चुनावी बजट है या लोकलुभावन बजट है। यह बजट देश के लिए, समाज के लिए, सभी व्यक्तियों का बजट है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि आज सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भारत में आ रहा है और पिछले सिर्फ ढाई साल में 887 अरब डॉलर का एफडीआई भारत में आया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां आस पड़ोस के देश कंगाली के दौर से गुजर रहे हैं वहीं भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 572 अरब डॉलर है। भारत के बजट के बारे में विदेशी पत्रिकाओं ने भी कहा है कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में एक उभरता हुआ स्थान है। कोविड जैसी महामारी और वैश्विक उथलपुथल के बावजूद आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज यह परिवर्तन आया कि भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है।

सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार की नीतियों के केंद्र बिंदु में गरीब और देश का शोषित व वंचित होता है। दावा किया कि इन्हीं नीतियों की वजह से 2019 के आम चुनाव में भाजपा को पांच करोड़ वोट अधिक मिले और 2024 का जो चुनाव होगा उसमें मोदी के नाम से 5 करोड़ वोट अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ दुनिया के ताकतवर देशों की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई और वे महंगाई की मार से उबर नहीं सके वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की वजह से भारत में महंगाई को लगभग-लगभग नियंत्रण में रखा गया। भारत की आर्थिक विकास की गति भी अमेरिकी और यूरोपीय देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आज बैंकों की इतनी स्थिति सुधर गई है कि वे अपने पैरों पर खड़े नहीं हैं बल्कि दौड़ रहे हैं।

चर्चा में हिस्सा लेते हुए तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन ने कहा कि बजट ऐसे समय में आया है जब सरकार पर एक व्यवसाई का साथ देने का गंभीर आरोप लगा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के दोनों सदनों में तीन घंटे तक भाषण दिया लेकिन उसका कोई उल्लेख नहीं किया। उन्होंने बजट को अवसरवादी, सच्चाई से दूर और आम आदमी की परेशनियों पर पर्दा डालने वाला बताया। इस बजट में महंगाई के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला गया है जबकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं और देश का हर व्यक्ति इससे परेशान है। उन्होंने कहा कि 1960 में अगर किसी वस्तु की कीमत 100 रुपए थी तो 2022 में उसकी कीमत 7800 रुपए तक पहुंच गई है।

सेन ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बजट को समावेशी बताया है लेकिन यह कितना समावेशी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अल्संख्यक कल्याण के बजट में 38 प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। तृणमूल सदस्य ने कहा कि भारत आज वैश्विक भुखमरी सूचकांक में 121 देशों में 107वें स्थान पर है जबकि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजट नहीं बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट में भी कोई खास वृद्धि नहीं की गई है।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम के मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनी थी तब लोगों को उम्मीद थी कि यह अमेजिंग सरकार होगी लेकिन अंत में यह सरकार आमेजन सरकार साबित हुई जो सब कुछ बेचती है, जो उसे दिख जाता है। बजट को कमजोर बताया और कहा कि इसमें समानता की कमी है, बेरोजगारी के संकट से निपटने का कोई उपाय नहीं है और महंगाई पर लगाम के लिए कोई कदम नहीं है। सरकार ने कहा है कि यह अमृत काल का बजट है लेकिन मेरे हिसाब तो यह राहु काल का बजट है। बीजू जनता दल के सुजीत कुमार ने बजट की सराहना की और कहा कि यह पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का ब्लूप्रिंट है।

उन्होंने समाजिक क्षेत्र में आवंटन कम करने पर चिंता जताई और कहा कि सरकार ने सप्तऋषि की जो प्राथमिकताओं की घोषणा की है, उसमें शिक्षा का उल्लेख ना होना चिंताजनक है। उन्होंने तेंदू पत्ता पर जीएसटी की दर कम करने की मांग की और कहा कि आपदाओं से मुकाबले के लिए ओड़िसा सरकार को आर्थिक मदद करनी चाहिए। चर्चा में अगप के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य, भाजपा के इरन्न कडाडी, तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार और शांता छेत्री, बीजद के अमर पटनायक, निर्दलीय अजीत भुइयां, बसपा के रामजी ने भी भाग लिया। चर्चा के दौरान विपक्ष के ज्यादातर दलों के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे।

# रोहित का शानदार शतक, जडेजा-अक्षर ने भी जमाया बल्ला

● पहला टेस्ट : भारत की स्थिति मजबूत

● आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे दिन पहली पारी में 144 रन की महत्वपूर्ण बढ़त ली




**भाषा।** नागपुर

**कप्तान रोहित** शर्मा के शानदार नौवें टेस्ट शतक के बाद हरफनमौला रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के नाबाद अर्धशतकों की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में 144 रन की महत्वपूर्ण बढ़त ले ली।

रोहित का बतौर कप्तान यह पहला टेस्ट शतक है जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 321 रन बना लिए हैं। आस्ट्रेलियाई पारी के पांच विकेट चटकाने वाले जडेजा 66 और अक्षर पटेल 52 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों ने आठवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 177 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने अब तक 144 रन की बढत बना ली है जबकि क्रीज पर दोनों बल्लेबाजों को रन बनाने में दिक्कत नहीं आ रही। आस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण कर रहे स्पिनर टॉड मरफी ने 36 ओवर में 82 रन देकर पांच विकेट चटकाए लेकिन बाकी गेंदबाजों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। वहीं दूसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले स्टीव स्मिथ ने नाथन लियोन की गेंद पर जडेजा का कैच टपकाकर आस्ट्रेलिया की मुसीबतें और बढा दी। जडेजा ने 170 गेंदों का सामना करके अपनी पारी में नौ चौके लगाए जबकि अक्षर ने 102 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े। इससे पहले भारत ने कल के स्कोर एक विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया था। धीमी पिच पर जहां दूसरे भारतीय बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल हो रहा था, वहीं रोहित ने बेहद संयम के साथ खेलते हुए 120 रन बनाए। उनका यह शतक उतना ही शानदार था जितना चेन्नई में 2021 में खेली गई 161 रन की पारी थी। उन्होंने आस्ट्रेलियाई स्पिनरों लियोन और मरफी को बखूबी खेला। रोहित ने 171 गेंद में अपना शतक पूरा किया और 212 गेंद की अपनी पारी में 15 चौके और दो छक्के लगाए। उनकी पारी की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि वह लगातार स्ट्राइक रोटेट करते रहे। उन्होंने तिहरे अंक तक पहुंचने की हड़बड़ी नहीं दिखाई। मरफी को एक्स्ट्रा कवर पर शॉट खेलकर उन्होंने शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद ना ही उछलकर जश्न मनाया, ना ही कुछ कहा और ना ही हेलमेट उतारकर अभिवादन किया। उन्होंने बस एक बार ड्रेसिंग रूम की तरफ देखा। वह चाय के बाद आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर बोल्ड हुए। वहीं पदार्पण कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत (आठ) के रूप में मरफी ने पांचवां विकेट लिया। इससे पहले विराट कोहली (12) और सूर्यकुमार यादव (आठ) दूसरे सत्र में सस्ते में आउट हो गए। कोहली को मरफी ने लेग स्टम्प के बाहर जाती गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कारी के हाथों लपकवाया। वहीं अपना पहला टेस्ट खेल रहे सूर्यकुमार को लियोन ने आउट किया। भारत ने सुबह के सत्र में रविचंद्रन अश्विन (23) और चेतेश्वर पुजारा (सात) के विकेट गंवाए। पिच के टूटने के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं और उछाल धीमी रहने के कारण रोहित और अश्विन को सुबह बल्लेबाजी करने में दिक्कत नहीं आई। दोनों ने 42 रन की साझेदारी की। पिच धीमी होने से आस्ट्रेलिया के दोनों आफ स्पिनरों नाथन लियोन और टॉड मरफी को थोड़ी तेज गेंद डालनी पड़ी। अश्विन ने लियोन को एक छक्का भी जड़ा। मरफी ने उनका विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ा। वहीं चेतेश्वर पुजारा अपनी गलती से विकेट गंवा बैठे जबकि मरफी की यह गेंद उतनी खतरनाक नहीं थी।

## स्कोरबार्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी** : 177 रन, **भारत पहली पारी** : रोहित का और बो कमिंस 120, राहुल का और बो मरफी 20, अश्विन पगबाधा बो मरफी 23, पुजारा का बोलैंड बो मरफी 7, कोहली का कारी बो मरफी 12, सूर्यकुमार बो लियोन 8, जडेजा नाबाद 66, भरत पगबाधा बो मरफी 8, अक्षर नाबाद 52, **अतिरिक्त** : पांच रन, **कुल योग** : 114 ओवर में सात विकेट पर 321 रन, **विकेट पतन** : 1- 76, 2-118, 3-135, 4-151, 5- 168, 6-229, 7-240, **गेंदबाजी** : बोलैंड 17-4- 34-0, लियोन 37 -10-98-1, मरफी 36-9- 82-5 लाबुशेन 5-0-24-0, रेनशॉ 1-0-7 -0

## रोहित ने कड़ी मेहनत की, इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था: राठौड़

**नागपुर।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने शुक्रवार को कहा कि रोहित शर्मा को आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी 120 रन की पारी के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और इस पर रन बनाने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत है। राठौड़ ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, रोहित की यह विशेष पारी थी और उन्हें रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा। उन्होंने अच्छा जज्बा दिखाया और यह बहुत महत्वपूर्ण पारी थी क्योंकि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। रोहित ने जब से पारी का आगाज करना शुरू किया तब से उन्होंने कुछ शानदार पारियां खेली लेकिन उनके तीन शतक खास है जिनमें चेन्नई में 161 रन, ओवल में शतक और शुक्रवार को यहां धीमी पिच पर लगाया गया शतक शामिल है। यह उनकी बल्लेबाजी की विशेषता है। उन्होंने इंग्लैंड की तेज पिचों पर रन बनाए लेकिन अगर हम उनकी इस पारी की बात करें तो उन्हें रन बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अमूमन रोहित शुरू में कुछ रन बनाने के बाद आसानी से रन बटोरता है लेकिन यहां उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत भले ही अच्छी बढ़त हासिल कर चुका है लेकिन राठौड़ आत्ममुग्धता में नहीं रहना चाहते है कि टीम ने मैच अपनी झोली में डाल दिया है। मै ऐसा नही सोचता। आप तब तक ऐसा नहीं कह सकते जब तक कि आखिरी गेंद न पड़ जाए।

# मैं इस उपलब्धि पर आजीवन गर्व करूंगा: मरफी



**भाषा।** नागपुर

**अपने** पदार्पण टेस्ट मैच अब तक लोकेश राहुल, चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली सहित पांच विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के युवा स्पिनर टॉड मरफी ने कहा कि भारत के खिलाफ इस उपलब्धि को वह आजीवन याद रखेंगे और इस पर गर्व करेंगे। मरफी ने अब तक 36 ओवर की गेंदबाजी में 82 रन देकर पांच विकेट चटकाए हैं। उन्होंने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, पिछले दो दिन काफी खास रहे हैं और पदार्पण पर पांच विकेट लेने के साथ शीर्ष पर पहुंचना मेरी उम्मीद से कहीं अधिक है। यह कुछ ऐसा है जिसे देख कर मैं आजीवन गौरवान्वित महसूर करूंगा। मरफी ने भारतीय बल्लेबाजों के स्पिनरों के खिलाफ अपने हाथों का इस्तेमाल करने की क्षमता की तारीफ करते हुए कहा, मैंने दुनिया भर के बहुत से बल्लेबाजों को गेंदबाजी नहीं की है। मुझे हालांकि लगता है कि भारतीय बल्लेबाज अपने हाथों का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करते हैं। वे अपने हाथों को अपने पैड के सामने से बाहर निकालते हैं और उनके पास रन बनाने के बहुत सारे विकल्प भी हैं। इस ऑफ स्पिन गेंदबाज ने कहा, ऐसे में यह हमेशा एक कठिन चुनौती थी।

## अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनो, वॉर्नर के खराब फॉर्म के मद्देनजर बोले पोंटिंग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने अपने देश के चयनकर्ताओं को संकेत दिया है कि डेविड वॉर्नर अगर लगातार नाकाम रहते है तो अंतिम एकादश में उनकी जगह पर पुनर्विचार किया जा सकता है। वॉर्नर भारत के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गए। भारत में उनका टेस्ट रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है और वह 22 . 88 की औसत से ही रन बना सके है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा , मुझे लगता है कि भारत में उसका औसत आठ टेस्ट मैचों में 24 है। एक बार फिर वह नाकाम रहा। वह उन खिलाड़ियों में से है जो कह रहे है कि भारत में जीतना एशेज श्रृंखला से भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया को टेस्ट श्रृंखला जीतनी है तो अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारनी होगी। अगर चयनकर्ता, कोच और कप्तान को भारत में यह श्रृंखला जीतनी ही है तो उन्हें सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश उतारनी होगी।

### केरल ने संतोष ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले में गोवा को हराया

**भुवनेश्वर।** गत चैंपियन केरल ने संतोष ट्रॉफी फुटबॉल मैच में शुक्रवार को यहां ग्रुप ए के रोमांचक मुकाबले में गोवा को 3-2 से शिकस्त दी। केरल ने निजो गिल्बर्ट (27वें मिनट) और रिसवानाली (57वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बना ली थी लेकिन मोहम्मद हाफीज के दो गोल से गोवा ने वापसी करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। हाफीज ने मैच के 60वें और 73वें मिनट में गोल किए। आखिरी पल में आसिफ ओ.एम. के गोलकर (90। मिनट) केरल की जीत पक्की कर दी।

### सचिन बैसोया ने पहला खिताब जीता

**कोलकाता।** दिल्ली के गोल्फर सचिन बैसोया ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ रुपए इनामी टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अपना पहला खिताब जीता। बैसोया (64-66-65-69) ने कुल 16 अंडर 264 का स्कोर बनाकर खिताब का अपना लंबा इंतजार खत्म किया। दिल्ली के एक अन्य गोल्फर हर्ष गंगवार (66-64-67-69) ने 14 अंडर 266 का कुल स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अमेरिका के वरुण चोपड़ा (65-68-65-68) ने अंतिम दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेला और वह गंगवार के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

### सऊदी प्रो लीग मैच में रोनाल्डो के चार गोल

**मक्का।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी नई सऊदी अरब की टीम के लिए चार गोल दागे जिससे लीग फुटबॉल में उनके 503 गोल हो गए है। अपना 38वां जन्मदिन मनाने के चार दिन बाद रोनाल्डो ने अल नासर के लिए दोनों हाफ में दो दो गोल किए जिसकी मदद से उनकी टीम ने अल वेहदा को सऊदी प्रो लीग मैच में 4- 0 से हराया। पांच बार बलोन डिओर जीत चुके रोनाल्डो अब तक रीयाल मैड्रिड, युवेंटस और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेल चुके है। उन्होंने अल नासर क्लब के साथ विश्व कप के बाद जून 2025 तक का करार किया।

### साबले और पारूल का विश्व क्रॉस कंट्री सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले 18 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के बाथर्स्ट में होने वाली विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप की प्रवेश सूची में शामिल पांच भारतीय एथलीटों में शामिल है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (2022) में 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक विजेता साबले के अलावा इस सूची में आनंद सिंह दूसरे भारतीय पुरुष धावक है। आनंद पिछले महीने असम में आयोजित इंडियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्पर्धा के लिए जारी पुरुष धावकों की सूची में 47 देशों से 215 खिलाड़ियों का नाम है।

### प्रासंगिकता, प्रतिस्पर्धा और मैचों का स्तर बनाए रखने की जरूरत : पोलॉक

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज शॉन पोलॉक का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रासंगिकता और प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की जरूरत है ताकि इतने ज्यादा मैचों के बीच खेल की कशिश बनी रहे। केन विलियमसन, ग्रीम स्मिथ और स्टीव वॉ भी अतीत में मैचों की शेड्यूलिंग में संतुलन की मांग कर चुके है।

# आकाश दीप के पांच विकेट से बंगाल ने दिखाया दम

● रणजी : मध्यप्रदेश के खिलाफ बनाया दबदबा

**भाषा।** इंदौर

**तेज गेंदबाज** आकाश दीप के पांच विकेट से बंगाल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को गत चैम्पियन मध्य प्रदेश की पहली पारी को सस्ते में समेट कर मैच पर अपना दबदबा बना लिया। आकाश दीप के 42 रन पर पांच विकेट से मध्य प्रदेश की पहली पारी महज 170 रन पर सिमट गई। मध्यप्रदेश के लिए सारांश जैन से सबसे ज्यादा 65 रन बनाए। झारखंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले आकाश दीप ने लगातार गेंदों पर सारांश के ऑफ स्टंप को उखाड़ने के बाद कुमार कार्तिकेय को पगबाधा कर मैच में बंगाल की पकड़ बना दी। उन्होंने आवेश खान के विकेट से साथ प्रथम श्रेणी में चौथी बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। बंगाल ने पहली पारी में 268 रन की बढ़त हासिल की लेकिन कप्तान मनोज तिवारी ने फॉलोऑन नहीं करने का फैसला किया। बंगाल ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 59 रन बना लिए है जिससे उसकी कुल बढ़त 327 रन की हो गई है। दो बार की चैम्पियन बंगाल ने पिछली बार 2020 में फाइनल का टिकट कटाया था। टीम ने आखिरी बार 1989–90 में खिताब जीता था। स्टंप्स के समय पहली पारी शतक जड़ने वाली सुदीप घरामी (12) और अनुस्तूप मजूमदार (नौ) की जोड़ी क्रीज पर मौजूद थी। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन (19) और करण लाल (17) आउट होने वाले बल्लेबाज हैं। इससे पहले मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 56 रन से आगे से की लेकिन रात्रि प्रहरी अनुभव अग्रवाल सिर्फ दो रन जोड़कर मुकेश कुमार की गेंद पर आउट हो गए। दूसरे छोर पर आकाश दीप ने रजत पाटीदार को बिना खाता खोले बोल्ड किया, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने कप्तान आदित्य श्रीवास्तव (सात) को आउट किया। मध्यप्रदेश की आधी टीम 89 रन पर पवेलियन लौट चुकी थी। वेंकटेश अय्यर जवाबी हमला करते हुए आकाश दीप पर छक्का जड़ा, लेकिन वह शाहबाज के दूसरे शिकार बने। सारांश और शुभम शर्मा (नाबाद 44) ने इसके बाद 54 रनों की साझेदारी कर मैच में बंगाल की वापसी कराई लेकिन इसके टूटते ही टीम की पारी लड़खड़ा गई।

## जैकसन, वसावड़ा के शतकों से सौराष्ट्र पहली पारी में बढ़त लेने के करीब




**बेंगलुरु।** अनुभवी बल्लेबाज शेलडन जैकसन और कप्तान अर्पित वसावड़ा के शतकों की मदद से सौराष्ट्र ने शुक्रवार को यहां तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ चार विकेट पर 364 रन बनाकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गया। कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में 407 रन बनाए थे। इस तरह से सौराष्ट्र अब उससे केवल 43 रन पीछे है जबकि उसके छह विकेट बचे है। जैकसन ने सुबह 27 रन से आगे खेलना शुरू किया और 160 रन की शानदार पारी खेली। उन्होने 245 गेंदो का सामना किया तथा 23 चौके और दो छक्के लगाए। वसावड़ा अभी 112 रन पर खेल रहे है। उनकी 219 गेंदों की पारी में 15 चौके शामिल है। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 232 रन जोड़कर सौराष्ट्र को मैच में वापसी दिलाई। स्टंप उखड़ने के समय वसावड़ा के साथ चिराग जानी 19 रन पर खेल रहे थे। सौराष्ट्र ने सुबह दो विकेट पर 76 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पांच ओवर के अंदर ही हार्विक देसाई (33) का विकेट गंवा दिया जिन्हें वासुकी कौशिक ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद जैकसन और वसावड़ा ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी निभाई और गेंदबाजो को कोई मौका नही दिया। कृष्णप्पा गौतम ने आखिर मे 98वें ओवर में जैकसन को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी, लेकिन तब तक सौराष्ट्र अच्छी स्थिति में पहुंच चुका था।


### भारतीय टीमें एशियाई जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**भाषा।** चेन्नई

**भारतीय पुरुष** और महिला टीमों ने शुक्रवार को यहां अपनी–अपनी स्पर्धाओं में जीत दर्ज करके 21वीं एशियाई जूनियर टीम स्क्वाश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राउंड रोबिन के आधार पर चल रहे मैचों के आखिरी दिन दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने मलेशिया को 2–1 से हराया। भारत की तरफ से पार्थ अंबानी और शौर्य बावा ने जीत दर्ज की जबकि कृष्ण मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारत का सामना कोरिया से होगा। दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और मलेशिया के बीच खेला जाएगा। महिलाओं के वर्ग में भारत ने सिंगापुर को 3–0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मलेशिया होगा। हांगकांग और जापान दूसरे सेमीफाइनल में आमने सामने होंगे।

# गोला फेंक में तूर ने जीता स्वर्ण

## चित्रवेल और एल्ड्रिन ने इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किए



**भाषा।** अस्ताना (कजाखस्तान)

**गोला फेंक** खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने शुक्रवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन भारत के लिए पहला स्वर्ण जीता। तूर ने 19.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा का रजत भारत के ही करणवीर सिंह के नाम रहा। करणवीर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 19.37 मीटर का रहा। त्रिकूद में प्रवीण चित्रवेल ने अपने रजत पदक जीतने के प्रयास के दौरान नया राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड कायम किया। लंबी कूद में जेसविन एल्ड्रिन ने भी फाइनल में पहुंचने के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। चित्रवेल ने 16.98 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अमरजीत सिंह के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोडा। अमरजीत ने 2008 में दोहा में 16.26 मीटर के साथ रिकॉर्ड बनाया था। एल्ड्रिन ने क्वालिफिकेशन चरण में 7.92 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। उन्होंने इस दौरान प्रेम कुमार (2016) और मुरली श्रीशंकर (2022 विश्व इंडोर चैम्पियनशिप) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। महिलाओं की पेंटाथलॉन में स्वप्ना बर्मन ने पांच स्पर्धाओं में कुल 4119 अंकों के साथ रजत पदक जीता। उज्बेकिस्तान की एकातेरिना वोरोनिना ने 4386 अंकों के साथ स्वर्ण हासिल किया।

### बंगाल के पूर्व क्रिकेटर गौतम शोम का निधन

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व क्रिकेटर गौतम शोम सीनियर का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को यहां निधन हो गया। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने यह जानकारी दी। वह 62 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और पुत्र हैं। शोम ने बंगाल की तरफ से सात प्रथम श्रेणी मैच खेले। उन्होंने अंपायर और क्रिकेट पर्यवेक्षक के रूप में भी बंगाल क्रिकेट की सेवा की। उन्होंने 1984 से दो साल तक बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और 17 विकेट लिए।

### मेसी, एम्बापे और बेंजेमा फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में

**ज्यूरिख।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए एक बार फिर लियोनेल मेसी और कीलियान एम्बापे के बीच मुकाबला होगा। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान और फ्रांस के सुपरस्टार फॉरवर्ड ने कतर में विश्व कप फाइनल में अपनी टीमों के लिए दमदार प्रदर्शन करने के आठ सप्ताह बाद शुक्रवार को फीफा द्वारा घोषित तीन खिलाड़ियों की सूची में जगह बनाई।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में मंधाना का खेलना तय नही

● ऊंगली में लगी चोट से अभी पूरी तरह उबरी

**भाषा।** केपटाउन



**भारतीय** उपकप्तान स्मृति मंधाना अभ्यास मैच के दौरान ऊंगली में लगी चोट से अभी पूरी तरह उबर नहीं सकीं हैं और रविवार को टी20 महिला विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ उनका खेलना तय नहीं है। मंधाना को आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी। आईसीसी के एक सूत्र ने कहा , उन्हें अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। अभी तक नहीं सकते कि वह विश्व कप से बाहर हैं या खेल सकेंगी लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल पाएंगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंधाना तीसरे नंबर पर उतरी थी और तीन गेंद ही खेल सकी। वह बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा अभ्यास मैच नहीं खेल सकी थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में कंधे में चोट लगी थी। उन्होंने फाइनल के बाद हालांकि कहा था कि आराम के साथ वह ठीक हो जाएंगी। भारतीय टीम को विश्व कप के ग्रुप बी में पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ रखा गया है।

### अदालत ने कबड्डी महासंघ के प्रशासक को तीन महीने में चुनाव अधिसूचित करने का निर्देश दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ के प्रशासक को तीन महीने के अंदर इस खेल निकाय के चुनाव कराने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि चुनावों के लिए शासी निकाय के सदस्यों पर आयु और कार्यकाल प्रतिबंध सहित उसके निर्देशों के अनुसार अधिसूचित किया जाना चाहिए। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय खेल संहिता के प्रावधान एकेएफआई के साथ उसके तहत आने वाली सभी इकाइयों पर भी

# खेल देश को एकजुट करने के साथ उसके सॉफ्ट पावर को भी दर्शाता है : ठाकुर

● खेलो इंडिया शीतकालीन खेल का आगाज



**भाषा।** गुलमर्ग (जम्मू कश्मीर)

**केन्द्रीय खेल मंत्री** अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि खेल देश को एकजुट करने के साथ उसके सॉफ्ट पावर को भी दर्शाता है। सॉफ्ट पावर का मतलब किसी देश की वह क्षमता है जिसके माध्यम से वह बिना किसी बल प्रयोग के अन्य देशों से अपने हितों के अनुरूप सहयोग प्राप्त कर सकता है। ठाकुर ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे सत्र के उद्घाटन समारोह में कहा, खेल एक सॉफ्ट पावर है। जब कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पदक जीतता है तो वह देश को एकजुट करता है। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने ओलंपिक एथलेटिक्स भारत के 121 साल के इंतजार को खत्म किया। इससे पूरे देश में जश्न की लहर दौड़ गई थी। ठाकुर ने कहा कि पिछला साल भारतीय खेलों के लिए बड़ा रहा क्योंकि विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में हमे सबसे ज्यादा पदक मिले। सिंधू ने बैडमिंटन में लगातार दो ओलंपिक पदक जीते और यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इससे पहले ठाकुर ने जम्मू कश्मीर में बने 40 खेलो इंडिया खेल केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। यह गर्व का पल है कि अन्य राज्य जो नहीं कर सके उसे जम्मू–कश्मीर ने उसे कर दिखाया। जम्मू–कश्मीर के सभी जिलों में एक इनडोर स्टेडियम है और इस केंद्र शासित प्रदेश में खेल के कई मैदान बन गए हैं। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश में कई बड़े खेल केंद्र बनें ताकि खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मणिपुर में एक खेल विश्वविद्यालय बन रहा है और गुलमर्ग में जल्द ही शीतकालीन खेलों का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने राज्य में पर्यटकों को लुभाने के लिए स्नो क्रिकेट को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। स्नो क्रिकेट एक नई पहल हो सकती है जो कश्मीर में पर्यटन को बेहतर बना सकती है।

### चोटिल प्रसिद्ध की वापसी में लग सकता है समय

**भाषा।** नागपुर

**चोटिल होने** के कारण पिछले छह महीनों से बाहर चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने में और समय लग सकता है। कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध को भारत की सीमित ओवरों की टीम में विशेषज्ञ गेंदबाज के रूप में देखा जा रहा था। उन्होंने अपना आखिरी मैच अगस्त 2022 में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच के रूप में खेला था और तब से वह स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं। स्ट्रेस फ्रैक्चर आमतौर पर तब होता है किसी एक जगह की हड्डी पर लगातार दबाव बनता है। प्रसिद्ध अभी बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिट होने की कवायद में लगे हैं, लेकिन जो खबरें सामने आ रही हैं वह अच्छी नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, प्रसिद्ध को स्ट्रेस फ्रैक्चर है और इस तरह की चोट में आप संभावित वापसी की तारीख तय नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, प्रत्एक खिलाड़ी के शरीर की संरचना भिन्न होती है। उसके चोट से उबरने की प्रक्रिया अलग होती है। यह छह महीने से एक साल तक कुछ भी हो सकती है। जहां तक प्रसिद्ध का मामला है तो वह अभी खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह पूरे घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए।

# महिला प्रीमियर लीग की लखनऊ फ्रेंचाइजी का नाम यूपी वॉरियर्ज होगा

## कूह क्लब ने ध्रुव अकादमी को दी मात

**लखनऊ।** कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने मैन ऑफ़द मैच अंश चौधरी 2 विकेटए 40 रन के आलराउंड प्रदर्शन के साथ हिमांशु द्विवेदी 57 के अर्द्धशतक से जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 3 विकेट से पराजित किया। चौक स्टेडियम ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन का स्कोर बनाया। टीम का पहला विकेट 26 रन के कुल स्कोर पर तब गिरा जब अंश ने राजदीप सिंह 9 को पगबाधा आउट किया। उदयोत तिवारी ने 20 और दीपक राजपूत ने 15 रन का योगदान किया। इसके बाद उतरे निखिल गुप्ता ने 93 गेंदों पर 7 चौके से 67 रन की पारी खेली। विनय यादव ने 3 विकेट हासिल किये। मोहम्मद शाहिद अंसारी व अंश चौधरी ने 2-2 विकेट हासिल किये। जवाब में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 39.1 ओवर में 7 विकेट पर 210 रन बनाकर मैच जीत लिया। विवेक सिंह-22 व कृतुराज सिंह 14 ने पहले विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की।




**लखनऊ ।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की स्वामित्व वाली लखनऊ फ्रेंचाइजी का नाम यूपी वॉरियर्ज होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस डब्ल्यूपीएल की पांच टीमों के लिए नीलामी की थी जिसमें कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने 757 करोड़ रुपए में लखनऊ की फ्रेंचाइजी को खरीदा था। यूपी वॉरियर्ज के लोगो (प्रतीक चिन्ह) में एक शील्ड पर सूरज की किरणों की तरह सारस पक्षी के फैले हुए पंख और एक तलवार की आकृति है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जॉन लुईस को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि अर्जुन पुरस्कार हासिल कर चुकी पूर्व भारतीय खिलाड़ी अंजू जैन सहायक कोच होंगी। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर एशले नोफके गेंदबाजी कोच होंगी जबकि ऑस्ट्रेलिया से चार बार की विश्व चैंपियन लिसा स्टालेकर टीम की मेंटोर (मार्गदर्शक) होंगी। इंग्लैंड की महिला टीम के वर्तमान मुख्य कोच लुईस काफी अनुभवी हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर 500 से अधिक मैचों में 1200 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। डब्ल्यूपीएल का आयोजन मुंबई में चार से 26 मार्च तक होगा। ब्रेबॉर्न स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में इसके सभी 22 मैच खेले जाएंगे। डब्ल्यूपीएल के लिए खिलाडियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होगी।